हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित


Page 11



खेल

## तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज चौपड़ा

Page 10



देश


## राधिका खेड़ा के भाजपा प्रवेश पर बोले भूपेश बघेला, आखिर कितने में हुई डील

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष रोहिणी संवत 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 09 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 148 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹72, 270 | ₹85,000 |

## आज का इतिहास

- **1653 :** भारत की विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत ताज महल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद पूरा हुआ।
- **2009 :** नासा ने चांद पर पानी की खोज के लिए टोही यान को अंतरिक्ष में भेजा।

## न्यूज बाइट्स

### बंद रहेंगी पहली जून को पटना न्याय मंडल की अदालतें

**पटना (नि.सं.)।** पटना न्याय मंडल की सभी निचली अदालतें लोकसभा चुनाव को लेकर 01 जून 2024 को बंद रहेंगी वहीं बाढ़ अनुमंडल की अदालतों में 13 मई को छुट्टी रहेगी। पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव के हस्ताक्षर से जारी आदेश के अनुसार, बाढ़ अनुमंडल की अदालतों को छोड़कर पटना न्याय मंडल के पटना सदर, पटना सिटी, दानापुर, पालीगंज और मसौढ़ी अनुमंडल की सभी अदालतों में आगामी लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथि 01 जून 2024 को छुट्टियां रहेंगी।

### सीबीएसई रिजल्ट के चौथे दिन बाद से होगा स्क्रूटनी के लिए आवेदन

**पटना (नि. सं.)।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने रिजल्ट के बाद अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में सूचना जारी कर दी है। सीबीएसई द्वारा जारी सूचना के अनुसार, रिजल्ट के बाद चौथे दिन से आठवें दिन तक स्क्रूटनी के लिए परीक्षार्थी आवेदन कर सकते हैं। स्क्रूटनी के लिए पांच दिनों तक आवेदन लिए जाएंगे। निर्धारित अवधि के बाद दिए जाने वाले आवेदनों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा। सीबीएसई की ओर से विद्यार्थियों की मांग पर उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी भी मुहैया जाएगी।

### जमुई के पांच गांवों की जमीन के नीचे भंडार छिपे होने की संभावना

# ₹2500 करोड़ कीमत का मिला लौह अयस्क

**» सरकार के द्वारा यह योजना बनाई गई है कि पूरे गांव को हटाकर किसी दूसरे जगह पर बसाया जाएगा**

निज संवाददाता | जमुई




जमुई के सिकंदरा में करीब 4.84 करोड़ टन मैग्नेटाइट (लौह अयस्क) का बड़ा भंडार मिला है। प्रखंड क्षेत्र के मंजोष समेत आसपास के 5 गांवों की जमीन के नीचे भंडार छिपे होने की संभावना है। हालांकि अब इसके सर्वे और आगे खनन के काम को लेकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया गया है। मंजोष गांव सहित घोष, जलय, बक्सनपुर और गोरडीह पांच गांव के ग्रामीणों ने खनन का विरोध जताया है। इसके कारण ग्रामीणों और प्रशासन के बीच तनातनी का माहौल है। ऐसे में संभावना है कि जमुई जिले में लौह अयस्क के खनन पर ग्रहण भी लग सकता है। मंगलवार की शाम जिला से गए पदाधिकारियों और पांचों गांवों के 2 हजार से अधिक लोगों के बीच एक लंबी बैठक भी हुई। लेकिन निष्कर्ष कुछ नहीं निकला। ग्रामीणों द्वारा जिला के पदाधिकारी को बताया गया कि हम अपनी जमीन किसी भी हाल में नहीं देंगे। अगर जबरदस्ती की गई तो पास के ही आहार में सभी जल समाधि ले लेंगे, जान दे देंगे। बता दें कि जिस जगह पर मैग्नेटाइट का भंडार मिला है, उसके ठीक ऊपर पांच गांव बसे हुए हैं। बिहार सरकार के खान और पुरातत्व विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने 2 दिन पहले जमुई पहुंचकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। बताया कि सरकार के द्वारा यह योजना बनाई गई है कि पूरे गांव को हटाकर किसी दूसरे जगह पर बसाया जाएगा। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की ओर से अब तक दो चरणों में किए जा चुके सर्वे के दौरान मंजोष के पत्थरों में 50 फीसदी से ज्यादा लौह अयस्क मिलने की पुष्टि हो चुकी है। इसकी बाजार में कीमत करीब 25 सौ करोड़ रुपए आंकी गई है। गांव के रमाशंकर कुमार कहते हैं कि हमलोग कोई भी प्रक्रिया यहां शुरू होने नहीं देंगे और हम लोग यहां से नहीं जाएंगे। चाहे जो हो जाए। आगे की प्रक्रिया शुरू होगी तो बगल में आहार है, पोखर है उसमें जल समाधि ले लेंगे, जान देंगे। ग्रामीण विजय कुमार का कहना है कि बीते दिन बिहार सरकार के सचिव कह कर गए थे कि ऐसा कुछ नहीं होगा। लेकिन सचिव का बयान है कि उन्होंने गांव को हटाने की बात कही है। लेकिन मंजोष की ग्रामीण जनता यहां सर्वे का काम शुरू होने ही नहीं देगा। सर्वे का काम अगर शुरू होगा तो फिर कलम प्रक्रिया भी शुरू होगी। ग्रामीणों ने कहा कि लोहा मिला है। घनी आबादी है, यहां पांच हजार लोग निवास कर रहे हैं। अपने परिवार के साथ इनको हटाकर हम कौन सी उपलब्धि हासिल कर लेंगे। सरकार को लोहा मिला है। लोहा से विकास करेंगे लेकिन किसी गांव को विनाश करके विकास करना कौन सी परंपरा है। ऐसा होने नहीं देंगे, पूरे मंजोस की जनता विस्थापन के बाद भी मरेंग हम लोगो किसी समय जान भी दे देंगे।

#### क्या कह रहे हैं अधिकारी

मौके पर गए जमुई डीडीसी सुमित कुमार ने कहा कि ग्रामीणों के मन में कई आशंकाएं हैं। उन आशंकाओं को दूर किया जाएगा। ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया है।उनकी समस्याओं को सुने हैं। कहा है कि सरकार आपके साथ है। सरकार लोक कल्याणकारी होती है। लोक कल्याण के दायरे में जो भी निर्णय होगा, वह लिया जाएगा।

## पांच जिलों के बालू घाटों से अब तक शुरू नहीं हुआ खनन, सरकार ने दिया एक हफ्ते का अल्टीमेटम

निज संवाददाता | पटना



राज्य में लगातार हो रहे सरकारी गैर-सरकारी निर्माण कार्यों को लेकर बालू की मांग लगातार बढ़ रही है। बावजूद जिलों में नदियों से बालू खनन को लेकर लगातार सुस्ती की शिकायतें सामने आ रही हैं। हाल ही में खान एवं भू-तत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई एक समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई कि बार-बार निर्देश के बाद भी नालंदा, बक्सर, मुंगेर, बेगूसराय और खगड़िया जेसे जिलों में एक भी बालू घाट से खनन नहीं हो रहा है। जिलों में इस प्रकार की सुस्ती की बात सामने आने के बाद अपर मुख्य सचिव ने इन पांच जिलों के खनिज विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह के अंदर बालू घाटों का संचालन स्वीकृत करें। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा यदि एक सप्ताह के अंदर उपरोक्त बालू घाटों का सफल संचालन नहीं होता है तो वैसी स्थिति में सबंधित खनन पदाधिकारी एवं दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बिहार के 624 बालू कलस्टर घाटों में से अब तक 114 से बालू खनन प्रारंभ हो पाया है। करीब 160 बालू घाटों को पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। विभाग और जिलों के संयुक्त प्रयास से 624 घाटों के विरूद्ध 290 बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। जहां नीलामी की प्रक्रिया चल रही है उन जिलों को प्राथमिकता में यह कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

### खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के दो मतदान केंद्रों पर 10 मई को कराया जाएगा पुनर्मतदान

**खगड़िया (नि.सं.)।** बिहार में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान खगड़िया संसदीय क्षेत्र के दो मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले को देखते हुए चुनाव आयोग ने इन दोनों मतदान केंद्रों पर 10 मई को पुनर्मतदान कराने का आदेश दिया है । राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार 07 मई को बिहार में लोकसभा चुनाव के तृतीय चरण के दौरान 25-खगड़िया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 150 बेलदौर विधानसभा क्षेत्र में अवस्थित मतदान केन्द्र संख्या 182 एवं 183 में असामाजिक तत्वों ने ईवीएम क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसके कारण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 58 के अधीन भारत निर्वाचन आयोग ने पुनर्मतदान कराये जाने का आदेश दिया है।

## बिहार के कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश के आसार

निज संवाददाता | पटना

बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा का प्रवाह होने से राजधानी समेत प्रदेश का मौसम बदल गया। राजधानी में देर शाम झमाझम बारिश होने से लोगों को राहत मिली। इससे तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया। आज भी कई जिलों में तेज आंधी और बारिश के आसार बने हुए हैं। लोगों से सावधान रहने की अपील की गई। खुले में जाने से परहेज करने के लिए कहा गया है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने बुधवार को भी राजधानी समेत प्रदेश के अधिसंख्य जिलों में उमड़-घुमड़ कर बादल बरसने के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा के प्रवाह को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मेघ गर्जन, वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने 24 घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, गया, नवादा में आंधी-पानी को लेकर चेतावनी जारी की है। पटना समेत 18 जिलों के अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सामान्य से पांच डिग्री गिरावट के साथ पटना का अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस रहा। 38.4 डिग्री सेल्सियस के साथ गया प्रदेश का सर्वाधिक गर्म जिला रहा।

### बिहार और झारखंड में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई ने उनके मंसूबे पर फेर दिया पानी

## पेपर लीक कर माफिया केवल पटना से तीन अरब का करने वाले थे कारोबार

निज संवाददाता | पटना



नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) यूजी (अंडर ग्रेजुएट) पेपर लीक कर माफिया पटना से केवल तीन अरब का कारोबार करने वाले थे। हालांकि, एक साथ बिहार और झारखंड में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया। अभियुक्तों को जेल भेजने के बाद पटना पुलिस अब लेन-देन का ब्योरा निकाल रही है। माना जा रहा है कि माफिया अभ्यर्थियों से सौदे की पूरी रकम नहीं वसूल पाए होंगे, लेकिन मोटी रकम की उगाही किए जाने से भी इनकार नहीं कर रहे। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम ने भी शास्त्री नगर थाने में अभियुक्तों से पूछताछ की थी। फिलहाल, पुलिस इस मामले में अधिक जानकारी नहीं दे रही है। एसएसपी राजीव मिश्रा का कहना है कि जांच अभी पूरी नहीं हुई है। अनुसंधान पूरा होने तक निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। बताया गया कि गिरफ्तार गया जिले के सरवदहा निवासी नीतीश कुमार (32) इसी वर्ष बीपीएससी (बिहार लोक सेवा आयोग) द्वारा आयोजित शिक्षक बहाली का प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में जेल गया था। उसे आर्थिक अपराध की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हालांकि, बाद में उसे जमानत मिल गई थी। सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक पूछताछ में नीतीश ने बताया था कि वह फरार रॉकी का कारिंदा है। उसका काम अभ्यर्थियों तक प्रश्नपत्र और उत्तर पहुंचाना एवं उन्हें सुरक्षित स्थान पर रटवाना था। खेमनीचक के अलावा राजधानी पटना में 30-35 स्थानों पर अभ्यर्थियों को रख कर प्रश्नपत्र और उत्तर रटवाए जा रहे थे। सभी अवैध सेंटरों पर उसके जैसे दूसरे प्यादों को रॉकी ने रखा था। दूसरे अवैध सेंटरों का पता और वहां के संचालकों के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। रॉकी, नालंदा के नगरनौसा निवासी संजीव सिंह का दाहिना हाथ बताया जाता है। इधर, गिरफ्तार अभ्यर्थी आयुष राज ने बताया था कि खेमनीचक ब्वायज हास्टल में उसकी तरह 20-25 अभ्यर्थी प्रश्नपत्र और उत्तर रट रहे थे। अभ्यर्थियों के माता-पिता और दानापुर नगर परिषद के कनीय अभियंता सिकंदर प्रसाद यादवेंदु ने गिरफ्तारी उपरांत बताया था कि प्रति अभ्यर्थी 40 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था।

## सैम पित्रोदा का ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**नयी दिल्ली (ए.)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारतीयों की शक्ल-सूरत की तुलना विदेशी मूल के लोगों करने संबंधी बयान से उपजे विवाद के बीच बुधवार को पद से इस्तीफा दे दिया। श्री पित्रोदा ने एक अखबार के साथ साक्षात्कार में देश विभिन्न भागों के निवासियों की तुलना उनके रंग-रूप के आधार पर विदेशी मूल के लोगों से की थी। कांग्रेस पार्टी ने एक बयान में कहा कि श्री पित्रोदा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

## 12 मई को नहीं होगी सक्षमता परीक्षा, अब नई तारीख का इंतजार

निज संवाददाता | पटना

सक्षमता परीक्षा के द्वितीय चरण के लिए परीक्षा का आयोजन 12, 14 और 15 मई को किया जाना था। इसमें बदलाव किया गया है। अब इन तारीख पर परीक्षा नहीं होगी। जल्द ही नई तिथि जारी की जाएगी। चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी और आचार संहिता लागू होने के कारण फैसला लिया गया है। एडमिट कार्ड भी अभी जारी नहीं होगा। कुल 85 हजार नियोजित शिक्षकों ने आवेदन किया है। इस संबंध में सूचना जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को भेज दी गई है। मूल एडमिट कार्ड गुम होने की स्थिति में शिक्षक अभ्यर्थी को दोबारा सक्षमता परीक्षा देनी होगी। अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा फॉर्म भरते समय आधार कार्ड, मैट्रिक का प्रमाण पत्र, टीइटी, सीटीइटी, एसीईटी उत्तीर्णता प्रमाण पत्र, प्रशैक्षणिक तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं नियोजन इकाई द्वारा जारी नियुक्ति पत्र अपलोड करना होगा। सक्षमता परीक्षा 2.0 में भी अलग-अलग कक्षाओं के लिए सात श्रेणी में कुल 59 विषयों की परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाएगी।

परीक्षा में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं है। इनमें पहली से पांचवीं में एक विषय की परीक्षा होगी। छठी से आठवीं में 8 विषयों की परीक्षा होगी। इसके अलावा माध्यमिक (नवमीं से दशवीं) में 19 विषयों और उच्च माध्यमिक (11वीं से 12वीं) में 31 विषयों की परीक्षा ली जाएगी। प्रारंभिक, हाई और इंटर स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले कोर्स से सवाल पूछे जाएंगे। सक्षमता परीक्षा में कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। इसमें कक्षा 1 से 5 के लिए के लिए भाषा से 30, सामान्य अध्ययन से 40 और सामान्य विषय से 80 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसी तरह के अंक प्रश्न छठी से आठवीं, नौवीं व दसवीं तथा 11 वीं व 12 वीं के नियोजित शिक्षकों से पूछे जाएंगे।

## बाहुबली अनंत सिंह की रेगुलर बेल पटना हाईकोर्ट से खारिज



**पटना(नि.सं.)।** पटना हाईकोर्ट ने मोकामा के पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की रेगुलर बेल की अर्जी को खारिज कर दिया है। जस्टिस एन के पांडेय की सिंगल बेंच ने अनंत सिंह के आपराधिक इतिहास को देखते हुए यह आदेश दिया है। कानूनी मामले के जानकार और पटना हाईकोर्ट के सीनियर वकील दीनू कुमार ने कहा है कि पैरोल और जमानत याचिका दोनों अलग-अलग चीज हैं। बेल खारिज होने का असर पैरोल पर नहीं होगा। पैरोल राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा है। सुविधा का परमानेंट बेल के खारिज होने पर असर नहीं पड़ता। बता दें कि पूरा मामला आर्म्स एक्ट से जुड़ा है। अनंत सिंह एके-47 रखने के केस में पूर्व विधायक को 10 साल की सजा पटना की बेऊर जेल में काट रहे हैं। अनंत सिंह पिछले रविवार सुबह पैरोल पर जेल से बाहर आए हैं। उन्हें 15 दिन की पैरोल मिली है। जेल से बाहर आने के बाद अनंत सिंह का समर्थकों ने स्वागत किया है। बड़ी संख्या में उनके समर्थक पहुंचे और जेसीबी से फूलों की बारिश की। समर्थक शेरे बिहार जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पटना से लेकर मोकामा के बीच भी कई जगहों पर स्वागत किया गया। इसी दौरान अपने समर्थकों से बात करते हुए उन्होंने ललन सिंह को लेकर बयान दिया।






## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षाविद् डॉ. डीएन मिश्रा के घर के पास कूड़े का अंबार

**गया।** शहर के वार्ड नं. 36 काली बाड़ी में नवादा विधि कॉलेज के प्राचार्य सह शिक्षाविद् डॉ. डी.एन.मिश्रा के आवास के पास कूड़ा का अंबार लगा है। कूड़े के अंबार रहने से काफी दुर्गन्ध आ रही है। नगर निगम की लापरवाही के कारण पूरा कचरा सड़कों पर बिखरा है। कचरे में फेंके गए पॉलीथिन गायें खाते रहती है, इससे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा गया जिला किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि गया नगर निगम सफाई के मामले में इंदौर को भी पीछे छोड़ देता है, लेकिन सरज़मीन पर पता चलता है कि शहर धार्मिक एवं ऐतिहासिक शहर होने के बाद भी यहां कूड़ा का अंबार लगा रहता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया कि अविलम्ब कूड़ा रोड पर फेंकने से रोका जाए, ताकि स्थानीय लोग गंदगी एवं दुर्गन्ध से मुक्त हो सके।

### सामाजिक कार्यकर्ता शिव नंदन सिंह का हुआ निधन

**टिकारी।** टिकारी के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेना के इंजीनियरिंग विंग से सेवानिवृत्त शिव नंदन सिंह का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार विष्णुपद स्थित श्मशान घाट में किया गया। भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ब्रजकिशोर सिंह ने शिव नंदन सिंह के निधन पर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि सैन्य सेवा में रहने के कारण शिवनंदन बाबू बहुत अनुशासित जीवन जीने में विश्वास करते थे। मृदुल भाषी होने के कारण उनके पास एक बड़ी मित्र मंडली थी। उनकी कमी टिकारी सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे कार्यकर्ताओं को काफी खलेगी। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद शर्मा, कांग्रेस नेता सत्येंद्र नारायण, हिमांशु शेखर, बृजमोहन शर्मा, जितेंद्र मिश्र, गोविंद मिश्र, राम रसिक मिश्र, सुनील शर्मा सहित अन्य शामिल हैं।

### महान कवि रविंद्र नाथ टैगोर की मनी 163वीं जयंती

**गया।** शहर के नूतन नगर स्थित राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित और महान कवि रविंद्र नाथ टैगोर की 163 वीं जयंती मनी। नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने किया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माला पुष्प चढ़ा कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारत के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता को श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने इनके जीवनी पर प्रकाश भी डाला। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, राणा रणजीत सिंह, प्रमोद कुमार, हीरा यादव, सुनील बंबईया, बबलू गुप्ता, विक्की बरनवाल आदि मौजूद थे।

### बालू घाट बंदोबस्त धारी पर लगा चार लाख 26 हजार का जुर्माना

**गया।** पर्यावरणीय स्वीकृत क्षेत्र से बाहर जाकर बालू उत्खनन व प्रेषण करने पर जिले के गोविन्दपुर अवस्थित बालूघाट बंदोबस्त धारी महारानी इंटरप्राइजेज, गया के शेरघाटी निवासी रविशंकर सिंह पर चार लाख 26 हजार का जुर्माना लगाया गया है। गया के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देश पर जिलांतर्गत नव बन्दोबस्त बालू खण्ड संख्या-49 (गया ढ़ाढ़र 02) का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसमें खनन खनन पदाधिकारी निधि कुमारी और खनन इंस्पेक्टर शामिल थे। निरीक्षण के दौरान मौजा-जमुआवां गोविन्दपुर में अवस्थित बालूघाट पर धर्मकांटा व सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ और सीमांकन भी पाया गया।

### फसल अवशेष जलाने वाले दो किसानों का रजिस्ट्रेशन रद्द

**करायपरसुराय।** सख्त हिदायत के बावजूद खेत में पराली जलाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए दो किसानों की पहचान कर कृषि विभाग ने रजिस्ट्रेशन रद्द कर 3 वर्षों तक विभाग द्वारा मिलने वाली किसी भी प्रकार का अनुदान से वंचित कर दिया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी जन्मेजय प्रसाद ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार खेतों में हीफसल अवशेष जलाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसके लिए किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। बावजूद इसके किसानों द्वारा फसल अवशेष जलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेटेलाइट के माध्यम से खेतों में किसानों द्वारा पराली जलाये जाने की निगरानी की जा रही है।

### जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बने जितेन्द्र प्रसाद सिंह

**बिहारशरीफ।** जितेंद्र प्रसाद सिंह को नालंदा जिला कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इनके मनोनयन पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य दिलीप कुमार और राजगीर के पूर्व विधायक सह जिलाध्यक्ष रवि ज्योति कुमार ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जितेंद्र प्रसाद को पूर्व से ही संगठन का अच्छा अनुभव रहा है। उन्होंने बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में भी जब पार्टी के जिला चुनाव प्रभारी पुनीत दीक्षित आए थे उस समय भी जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में जितेंद्र प्रसाद का नाम जिलाध्यक्ष की सूची के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा लिया गया था। उस समय भी इनके नाम के अनुमोदन की जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार और पूर्व विधायक रवि ज्योति कुमार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं प्रखंड अध्यक्षों ने मुहर लगा दी थी। निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि जितेंद्र प्रसाद सिंह को जिलाध्यक्ष बनने से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। खासकर जिले के नौजवान कांग्रेसियों एवं कार्यकर्ताओं में कांग्रेस के प्रति एक उम्मीद जगी है कि कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि जब से जितेंद्र ने पार्टी के जिला उपाध्यक्ष का पद ग्रहण किया था तबसे आज तक पार्टी के सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाते रहे थे। मो. जेड इस्लाम, मीर अरशद, उदय कुशवाहा, नवप्रभात प्रशांत, अजीत कुमार, अमोद कुमार पाठक, जमील अशरफ जमाली, मो. उस्मान गनी, मुन्ना पांडे, सर्वेंद्र कुमार, राजीव रंजन कुमार, महताब आलम गुड्डू, राजीव कुमार, संजू पांडे, बबलू सिंह सहित जिले के कई कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी है।

### अस्थावां में मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**अस्थावा।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव से मारपीट के आरोपी बरबीघा थाना क्षेत्र के समाबाद निवासी निशांत उर्फ नीरू उर्फ सफारी बाबा को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पास से गोली का एक खोखा बरामद किया गया है। जिसकी जांच की जा रही है। वहीं माफी गांव निवासी अरमान बख्श उर्फ अमन बख्श पिता अजहर अहमद को पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सात नए स्टैंड पोस्ट पर 48.63 लाख होंगे खर्च

**बिहारशरीफ।** दिन व दिन गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की समस्या भी बढ़ती जा रही है। नल-जल योजना का बोरिंग भी फेल होने के कगार पर है। ऐसे में वार्डों में बनाए गए स्टैंड पोस्ट से काफी राहत मिल रही है। पानी की समस्या को देखते हुए नगर निगम द्वारा नए वार्डों के साथ-साथ दो अन्य वार्ड में भी स्टैंड पोस्ट का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि लोगों को पानी की समस्या से कुछ हद तक निजात मिल सके। नगर आयुक्त शेखर आनंद ने बताया कि नए वार्डों में भी अब यह सुविधा बढ़ाई जा रही है। जलापूर्ति के लिए अमरुत 2.0 के तहत नल-जल योजना के लिए सर्वे का काम चल रहा है। तत्काल राहत के लिए स्टैंड पोस्ट का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावे वार्ड 30 और 33 को भी इस योजना में शामिल किया गया है। स्टैंड पोस्ट के निर्माण पर 48.63 लाख खर्च किया जाना है। इसके अलावे भी जहां-जहां स्टैंड पोस्ट का बेरिंग फेल हो चूका है।

### हर दिन 1 हजार से ज्यादा लोग पहुंच रहे छमाछम वाटर पार्क

**गया।** बिहार-झारखण्ड के सबसे बड़े वाटर पार्क छमाछम में इन दिनों युवाओं की भीड़ उमड़ रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, हर दिन 1 हजार से ज्यादा लोग बोधगया स्थित इस वाटर पार्क में अपनी फैमिली व दोस्तों के साथ पहुंच रहे हैं। पार्क में पहुंच रहे लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी किसी भी प्रकार का आउटडोर गतिविधि करना काफी मुश्किल हो चुका है। ऐसे में मनोरंजन के लिए वाटर पार्क एक बढ़िया विकल्प दिखता है। छमाछम वॉटर पार्क में लोगों के रोमांचक अनुभव के लिए एक से बढ़कर एक झूले उपलब्ध हैं, जैसे- फ्री फ्लाई फॉल, ट्विस्टर टनल, मल्टी लेन मैट रेसिंग ऐले, 11 प्लेटफॉर्म वाटर प्ले स्टेशन, स्मार्ट वेव पूल, क्रेजी रिवर, हावड़ा ब्रिज, अलग-अलग वाटर फाउंटेन, सेल्फी स्टेशन, बीच एरिया आदि। वहीं, वहां 3डी सेल्फी पाउंट, बीच एरिया, रेन डांस, रॉक मशरूम माउंटेन एवं स्टोन फ्लावर माउंटेन आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। यहां युवा रेन डांस में नचाने, वेव पूल का आनंद लेते दिख जाते है।

# सरैया गांव में पानी की किल्लत, ग्रामीणों ने कहा- पानी के लिए दूसरे के दरवाजे पर जाना पड़ता है

**निज संवाददाता। गया**

गया जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत जिले के विभिन्न प्रखंडों में हो रही है। ताजा मामला जिले के गुरुआ प्रखंड के तहत नगमा पंचायत के सरैया गांव का है। इस गांव में पानी के लिए संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। यही नहीं सबसे दुखद स्थिति का गांव वालों को तब सामना करना पड़ता है, जब गांव में बिजली नहीं होती है। बिजली नहीं होने की स्थिति में गांव के पुरुषों और महिलाओं को पानी के लिए औरंगाबाद के गांव में जाना पड़ता है। तब जाकर उनकी प्यास उसे विकट स्थिति में मिट पाती है।

**क्या है समस्या का कारणः** गांव में पेयजल संकट का कारण हैंड पंप का नहीं होना है सरकारी तीन हैंडपंप है जिसमें से एक फेलियर है शेष दो जो है वे चालू है लेकिन उसे निजी खर्चे से चालू किया गया है यही नहीं निजी खर्चे से उसमें सबमर्सिबल डाला गया है गांव वालों का कहना है कि सबमर्सिबल डालने वाले लोग अपनी मर्जी से गांव वालों को पानी देते हैं। कभी-कभी बहस की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यही वजह है कि लोग किसी तरह से काम चला रहे हैं। इसके अलावा गांव में एक भी वॉटर टैंक नहीं है जिससे कि पूरे गांव को पानी मिल सके। सरैया गांव के लोग सुबह-शाम पानी उन्ही दो सबमर्सिबल से लेते हैं। गांव का मामला होने के कारण कुछ लोग खुलकर बोलते हैं तो कुछ लोग दबी जुबान से इस समस्या का बखान करते हैं, लेकिन आन कैमरा वे समस्या से जुड़ी सच्चाई को नहीं रखते हैं। यह गांव 30 से 35 घरों की आबादी वाला गांव है। गांव तो छोटा है पर समस्या बड़ी बनी हुई है। लोगों की मांग है कि सरकार पर्याप्त संख्या में गांव में बोरिंग कराए और वॉटर टैंक भी बनाए। ताकि गांव के लोगों को पानी आसानी से मिल सके। उन्हें दूसरे के दरवाजे पर पानी के लिए नहीं जाना पड़े।



**गांव में तीन सरकारी बोरिंगः** खास बात यह भी कि गया जिले का सरिया गांव औरंगाबाद के बॉर्डर पर स्थित तिर्वा पंचायत के गांव से सटा है। यही वजह है कि पानी की जबरदस्त किल्लत होने पर लोग औरंगाबाद के गांव में पानी लाने चले जाते है। यह गांव गया जिला मुख्यालय से करीब 65 किलोमीटर दूर स्थित है। गांव के विजय यादव का कहना है कि गांव में तीन सरकारी बोरिंग है। उसका लेयर भाग गया तो गांव के कुछ लोगों ने उसमें सबमर्सिबल अपने खर्चे से डलवाया। वे लोग अपनी सुविधानुसार कभी पानी देते हैं कभी नहीं देते हैं। कभी कभी गांव वालों से बहस भी हो जाती है।

## ◆ प्रशासन को समाधान निकालना होगा

**प्रशासन को समाधान निकालना होगाः** वहीं अशोक यादव का कहना है कि पानी की समस्या गांव में है। जैसे तैसे पानी की समस्या को लोग दूर कर रहे हैं। बिजली नहीं रहने पर औरंगाबाद के गांव में पानी के लिए जाना पड़ता है। दिक्कत तो लोगों को है। इसका हल प्रशासन को निकालना होगा। वहीं साधु यादव कहते हैं कि पानी की कोई समस्या नहीं है। यदि समस्या है तो लोग पानी कैसे पी रहे हैं। गांव में सब ठीक है।वहीं सुमित्रा देवी कहती हैं कि गांव में पर्याप्त संख्या में बोरिंग होनी चाहिए। साथ में पानी की टंकी भी हो। ताकि महिलाओं को दूसरे के दरवाजे पर न जाना पड़े।

## इंटर स्कूल आइडियेटर कॉनक्लेव में डीपीएस गया का रहा शानदार प्रदर्शन



**निज संवाददाता। गया**

डीपीएस गया के विद्यार्थियों ने नैनीताल के बिड़ला विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय कॉर्बेट-पंत-पियर्स वार्षिक आइडियेटर कॉनक्लेव 2024 में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता एक से तीन मई के बीच हुई थी। विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों मानसी कुमारी, तुभ्यम जैन तथा आर्या शरन ने विज़ुअल आर्ट्स इंस्टॉलेशन में बेस्ट फोटो ट्रीटमेंट अवार्ड हासिल किया, साथ ही सार्थक वत्स ने इंग्लिश डिबेट के प्रीलिम्स राउंड में बेस्ट डिबेटर का पुरस्कार जीता। इस कॉनक्लेव में देश के 13 प्रतिष्ठित बोर्डिंग एवं डे स्कूलों के 115 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें डीपीएस गया के आठ विद्यार्थियों के दल ने भी पांच अलग-अलग प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। प्रतिभागियों को कॉन्क्लेव के माध्यम से रचनात्मक कौशल और प्रतिभा को निखारने में मदद मिली। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रांतों के विद्यालयों से आए प्रतिभागियों से उपयोगी विषयों पर चर्चा की और ज्ञान का आदान-प्रदान किया। इस सम्मेलन ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुनरावलोकन करने और स्वयं में सुधार करने का अवसर दिया, साथ ही नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता को देखने का भी लाभ प्राप्त हुआ।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

● पार्ट टाइम जॉब के साथ करता था कंपटीशन की तैयारी, दिसंबर में होने वाली थी शादी



**निज संवाददाता। नालंदा**

नालन्दा में बुधवार को शेखपुरा बरबीघा मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मामला अस्थावां थाना इलाके के मालती के तरबन्नी गांव के समीप की है। जहां पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अस्थावां थाना इलाके के अकबरपुर गांव निवासी मदन मिस्त्री का (25) वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि दिनेश कुमार कम्पटीशन की तैयारी के साथ-साथ बाइक शो रूम बिहारशरीफ में पार्ट टाइम काम करता था। बुधवार को काम के सिलसिले में बिहारशरीफ आ रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने पिकअप चालक को पकड़ कर जख्मी को इलाज के लिए उसकी गाड़ी पर अस्पताल भेज दिया और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। बावजूद पुलिस करीब आधे घंटे तक अस्पताल नहीं पहुंची। जिसका फायदा उठाकर पिकअप चालक दिनेश कुमार को जख्मी हालत में अस्पताल में ही छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**पुलिस पर लापरवाही का आरोपः** घटना की जानकारी जब परिजन को लगी तो वह बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिए। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाकर पोस्टमॉर्टम कराने को राजी नहीं हुए। काफी समझाने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करा कर परिजन ले गए। युवक की शादी दिसम्बर में होने वाली थी। शादी की शुरुआती रस्मे भी पूरी हो चुकी थी। अस्थावां थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांजलि जायसवाल ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## नालंदा में करंट लगने से युवक की मौत, बिजली का खंभा छूने से झुलसा

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में करंट से झुलसे युवक की बुधवार को मौत हो गई। मामला थरथरी थाना क्षेत्र अंतर्गत डीहा गांव का है। मृतक की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा गांव निवासी प्रदीप ठाकुर के (29) वर्षीय पुत्र सेठु ठाकुर के रूप में की गई है। बीते 10 वर्ष से युवक अपने ससुराल डीहा गांव में रह रहा था। मृतक के परिजन ने बताया कि बीती रात शौच के लिए सेठ ठाकुर घर से बाहर निकले, जैसे ही उन्होंने रास्ते में बिजली के खंभे को छुआ उसमें पूर्व से करंट प्रवाहित हो रही थी। बिजली के झटके से वह झुलस गए। चिल्लाने की आवाज सुनकर वे लोग घटनास्थल की ओर दौड़े, इसके बाद सेठु ठाकुर को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।



**अस्पताल में गमगीन परिजनः** सेठु ठाकुर पिछले 10 वर्षों से अपने ससुराल में ही रह रहा था। वह गांव में ही अंडे की दुकान चलाता था। वह अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गया है। वहीं इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। वहीं इस मामलें में थरथरी थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि करंट से झुलसे युवक की मौत की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। परिजनों के द्वारा बताया गया कि बिजली के खंभे में करंट प्रवाहित हो रही थी। जिसके संपर्क में आने से यह हादसा हुआ है।

## दिव्यांग को लहूलुहान देख भड़क गए थे ग्रामीण

**निज संवाददाता। गया**

मंगलवार की दोपहर शराब की सूचना पर रेड करने गई पुलिस पर हमला की वजह सामने आई है। आरोप है कि पुलिस ने बाप-बेटे की पिटाई की। बेटे को पिटता देख उसके दिव्यांग पिता बचाने गए थे। इसी दौरान उसे भी चोट लगी और उसका सिर लहूलुहान हो गया। दिव्यांग बुजुर्ग को खून से लथपथ देख गांव के लोग भड़क गए और पुलिस के ऊपर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इससे पुलिस को न केवल बैकफुट जाना पड़ा बल्कि छपेमारी की कार्रवाई को भूल मैदान ही छोड़ कर पुलिस वाले भाग खड़े हुए। यह बातें शेरघाटी एसडीपीओ 2 सुजीत कुमार प्रभात की ओर से की गई प्रारम्भिक जांच में सामने आई है। दरअसल में अनुसार मद्य निषेद्ध विभाग पटना द्वारा सूचना मिली थी कि डोभी थाना क्षेत्र के जोलह बिगहा गांव के मिसरी टांड में देसी शराब बनाई जा रही है। सूचना के आधार पर मंगलवार दोपहर डोभी पुलिस की टीम एएस आई उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के जोलहबिगहा मिसरीटांड में मटुक मांझी के घर पर छापेमारी करने पहुंची। टीम ने मटुक मांझी के घर से जावा महुआ सहित पांच लीटर देसी शराब बरामद किया। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। इसी बीच छापेमारी टीम में मौजूद वाहन चालक (चौकीदार) जगलाल यादव ने मटुक मांझी के घर से कुछ फासले पर दिव्यांग मोहन मांझी उर्फ तिवारी मांझी के घर में तिवारी मांझी के लडका सुरेन्द्र मांझी ईंट भटठा से मजदूरी कर खाना खाने घर पहुंचा तो उससे चौकीदार जगलाल यादव ने मीसरीटांड में कहां कहां शराब चुलाई जाती है एवं बेची जाती है की जानकारी लेनी चाही। इस पर सुरेन्द्र मांझी ने खुद को अनजान होने की बातें कहीं।



**मौके से भागी पुलिसः** सुरेंद्र मांझी पर चौकीदार जगलाल यादव भड़क गया और डंडे से मारपीट करने लगा। इसी क्रम मे दिव्यांग तिवारी मांझी ने जगलाल यादव से ऐसा नहीं करने की बात कहते हुए बीच बचाव करने लगा। बीच बचाव के दौरान तिवारी मांझी के सिर में चोट लगी और सिर फट गया व सिर पूरी तरह से लहूलुहान हो गया। तिवारी मांझी को खून से लथपथ देख ग्रामीण भड़क गए और पुलिस पर पथराव करने लगे। खासकर महिलाओं ने पुलिस के ऊपर जमकर अपनी खीझ उतारी। जिससे पुलिस को मौके से भागना पड़ गया था। इस मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरधाटी 2 सुजीत कुमार प्रभात ने घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों से जानकारी ली है। यह बातें तिवारी मांझी के भाई बढ़न मांझी व सुरेंद्र मांझी की पत्नी वेदनिया देवी ने अनुमंडल पुलिस अधिकारी को बताई हैं।

## गांव में पक्की सड़क नहीं होने से नाराज गांव वाले, मिर्चायगंज गांव के लोग बोले- रोड नहीं तो वोट नहीं

◆ 15 साल से है सड़क का इंतजार

**निज संवाददाता। नालंदा**

गांव के राहुल कुमार,रविंद्र पासवान वालक यादव, आनंद साव, सुबोध राम, दीपक कुमार, नंदू पंडित, धर्मेंद्र मिस्त्री समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अब तक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। नाली का निर्माण बेहतर तरीके से नहीं होने के कारण उसका पानी कच्ची सड़क पर आ जाता है। जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के दिनों में भी सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी रहती है बरसात में तो कहना ही क्या है।

**15 साल में नहीं बनी सड़कः** स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर क्षेत्र के विधायक तक रोड बनवाने को लेकर अर्जी लगा चुके हैं। लेकिन अब तक 15 वर्षों से भी अधिक का समय बीत गया है। लेकिन गांव में पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। अब हम लोगों ने यह निर्णय लिया है



कि अगर रोड नहीं बनता है तो हम लोग आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। 15 सौ की आबादी वाला मिर्चायगंज गांव आज भी पक्की सड़क से वंचित है। जबकि मिर्चायगंज गांव में ही लोकल बाजार होने के कारण करीब 1 दर्जन गांव के लोग मुकरामपुर, मोहम्मदपुर, चंद्र बीघा, दयालपुर, मामूराबाद, गोविंदपुर, ककैला, रामगढ़, खरजम्मा सरबलपुर, साकरौढा, गजराज बीघा, विशुनपुर के ग्रामीणों को बाजार आने में कच्ची सड़क के कारण परेशानी होती है।

## 4.38 करोड़ रुपए के मालिक हैं सांसद कौशलेन्द्र कुमार

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। पहले दिन एनडीए से जदयू के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। नाम निर्देश में उन्होंने अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है। उसके अनुसार 4.38 करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक हैं। चल-अचल मिलाकर उनके पास 3.16 करोड़ तो उनकी पत्नी रवीना कुमारी के पास 1.22 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के समय दिये गये संपत्ति ब्योरा के अनुसार उनके पास 2, 92,51,651 रुपये की संपत्ति थी। यानी, पांच साल में उनकी संपत्ति 1.45 करोड़ बढ़ गयी है।

**घर के अलावा, 3 शहरों में है मकानः** नामांकन के समय दिये गये संपत्ति के ब्योरा के अनुसार कौशलेन्द्र कुमार के पास हैदरचक में मकान और 5 एकड़ जमीन है। साथ ही इस्लामपुर, पटना और



बिहारशरीफ के सोहसराय में मकान है। इनके नाम से 39 लाख रुपये का एक वाहन है। वाहन और हाउसिंग लोन मिलाकर 48 लाख रुपये का बैंक लोन है।

**नगद है 1.42 लाखः** कौशलेन्द्र के पास नकद 1.42 लाख रुपये तो पत्नी के पास 1.25 लाख रुपये है। साथ ही उनके पास 20 ग्राम सोना तो पत्नी के पास 100 ग्राम सोना और 500 ग्राम चांदी है। खास यह भी हर 5 साल पर उनकी संपत्ति बढ़ती जा रही है। लोकसभा चुनाव 2014 के समय की संपत्ति की विवरणी कुल संपत्ति 1,18,12,717 , साल 2019 में 2, 92,51,651 तो वर्ष 2024 में 4.38 करोड़ की संपत्ति उनके पास है।

काराकाट लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी राजा राम सिंह के नामांकन सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पहुंचे रोहतास

# हम लोगों का असल दुश्मन बेरोजगारी, महंगाई एवं गरीबी है : तेजस्वी यादव



- सासाराम में माले प्रत्याशी के बिना ही तेजश्वी यादव ने मंच पर किया संबोधन
- महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने भी किया संबोधित

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी राजा राम सिंह के नामांकन सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पहुंचे थे। उन्होंने पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी ने भोजपुरी में पूछा कि बिहार खातिर का कइल, दस साल के हिसाब द। कितना नौकरी छिनल, कितना देल। तेजस्वी यादव ने मंच से नरेंद्र मोदी का टेप भी सुनाया और उनकी मिमिक्री की। अस्वस्थ होने के कारण तेजस्वी यादव ने मंच पर बैठ कर ही भाषण दिया। माले कार्यकर्ताओं के उत्साह देखते ही उन्होंने मंच पर चढ़ने के साथ लाल सलाम किया। तेजस्वी यादव बोले कि प्रधानमंत्री की झूठ वाली भाषण उनके मुख से आप स्वयं सुन लीजिए। जन समूह की हामी भरने के बाद तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी का टेप चलाया। मिमिक्री करते हुए आगे कहा कि 2014 के भाषण में भाइयों और बहनों कह कर क्या-क्या वादा किया था, 15 लाख खाता में आएगा, नौकरी मिलेगी। फिर 2019 में क्या-क्या वादा किया था कि विशेष राज्य का दर्जा मिलेगा। फिर भोजपुरी में कहा कि तोहार झूठ चले वाला नइखे। तेजस्वी यादव ने अपने पिता लालू यादव प्रसाद का उल्लेख करते हुए कहा कि पापा ने 140 करोड़ में डालमियानगर की फैक्ट्री ली थी, उसका क्या हुआ मोदी जी।

पीएम मोदी बिहार को विशेष पैकेज नहीं दिए, विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया। कहा कि हम लोग का असल दुश्मन बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी है, लेकिन महंगाई का म, बेरोजगारी का ब और गरीबी का ग तक नहीं बोलते। बोले कि तेजस्वी जीतेगा, तो नौजवान जीतेगा। नौजवान भाई लोगों को बेरोजगारी से आजादी नहीं दिला देते, तब तक तेजस्वी शांत बैठने वाला नहीं हैं। उन्होंने लोगों से राजाराम कुशवाहा को जिताने की बात कही। तेजस्वी यादव ने माले प्रत्याशी राजाराम की नामांकन सभा को संबोधित तो किया लेकिन भाषण के दौरान मंच पर माले प्रत्याशी मौजूद नहीं थे। माले प्रत्याशी सासाराम नामांक कराने गए थे, लेकिन तेजस्वी कार्यक्रम के निर्धारित समय के एक घंटे बाद भी वह नामांकन कर लौटे नहीं थे। तेजस्वी यादव के जाने के बाद मंच पर मौजूद राजद विधायक भी चले गए। भीड़ भी जाने लगी तब मंच से कहा गया कि राम सिंह आ गए हैं, अब वो सभा को संबोधित करेंगे, लेकिन इसके बाद भी लोगों के जाने का क्रम जारी रहा। इस कार्यक्रम को माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने भी संबोधित किया।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सह सीपीआई माले उम्मीदवार राजा राम सिंह ने किया नामांकन

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट लोकसभा क्षेत्र के लिए बुधवार को नामांकन का दूसरा दिन था। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सह सीपीआई माले उम्मीदवार राजा राम सिंह कुशवाहा ने नामांकन दाखिल किया। माले प्रत्याशी ने जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार के कार्यालय में नामांकन किया। माले उम्मीदवार के अतिरिक्त एक निर्दलीय प्रत्याशी ने भी नामांकन दाखिल किया। कल मंगलवार को भी एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन किया था। इस तरह दो दिनों में कुल तीन प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर चुके हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान का सवाल है। पहला एजेंडा लोकतंत्र और संविधान बचाने का है। दूसरा एजेंडा खेती को कॉर्पोरेट से बचाना है, खेती किसानों के हाथ में रहनी चाहिए। कहा कि तीसरा एजेंडा है कि ऐसी सरकार को चाहिए वो नौजवान जो पीढ़ी के लिए, सम्मानजनक रोजगार की व्यवस्था कर सके। इसके साथ ही देश मे महंगाई कम हो, लोगों में एकता भाईचारा हो। फसलों को वाजिब दाम मिले। देश ग्लोबल हंगर इंडेक्स में नीचे जा रहा है, यह शर्म की बात है। स्थानीय सवालों में डालमियानगर उद्योग का जीर्णोद्धार हो, इंद्रपुरी जलाशय का निर्माण हो, महिला कॉलेज खोले जाएं। कहा कि चुनाव जीतने के बाद बड़ी कार्ययोजना बनायेंगे और उसपर अमल करेंगे। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि आज दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। सीपीआई माले प्रत्याशी राजा राम सिंह ने दो सेट में नामांकन किया है। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी इंद्र राज रौशन ने एक सेट में नामांकन किया है।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान व्यय पर्यवेक्षक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान 35-काराकाट संसदीय क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक विकास जोशी ने बुधवार को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु गठित विभिन्न टीमों यथा फ्लाईंग स्क्वायड टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखांकन टीम एवं वीडियो अवलोकन टीम के साथ सर्किट हाउस सासाराम में बैठक की। व्यय प्रेक्षक विकास जोशी ने सभी टीमों से चुनाव के दौरान उनके कार्य एवं दायित्व से संबंधित जानकारी ली। फ्लाईंग स्क्वायड टीम के उपस्थित सभी सदस्यों को चुनाव के दौरान की जाने वाली जांच के क्रम में आम जनता को कोई असुविधा नहीं है, इस संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी गयी। जांच के दौरान महिलाओं के साथ अपनायी जाने वाली जाँच प्रक्रिया के संबंध में व्यय प्रेक्षक ने जानकारी उपलब्ध कराई गयी। फ्लाईंग स्क्वायड टीम को व्यय प्रेक्षक विकास जोशी ने निर्देश दिया कि उन्हें अपने निर्धारित क्षेत्र में सजग रहना है तथा चुनाव के दौरान अभ्यर्थी/ अभ्यर्थियों द्वारा अपनाये जाने वाले भ्रष्ट आचरण के संबंध में सचेत किया गया। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक के कर्तव्य एवं दायित्वों की जानकारी देते हुए उन्हें बताया गया कि अभ्यर्थी/ अभ्यर्थियों के लेखा संधारण में सहायक व्यय प्रेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेखा संधारण के दौरान आमतौर पर आने वाली परेशानियों से अवगत कराया गया। व्यय प्रेक्षक विकास जोशी ने बताया कि लेखा संधारण के दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक को अभ्यर्थी व्यय पंजी के तीनों भाग यथा उजला, गुलाबी एवं पीले भाग में की जाने वाली प्रविष्टियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। तथा सचेत किया गया कि प्रविष्टियों निर्धारित भाग में शुद्ध रूप से अंकित की जानी चाहिए। अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित व्यय सीमा तथा नकद रूप से खर्च की जाने वाली सीमा के संबंध में जानकारी दी गयी। चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान अभ्यर्थी/ अभ्यर्थियों का लेखा जाँच कम से कम तीन बार कराया जाना अनिवार्य है। लेखा जांच के क्रम में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया एवं सावधानियों के संबंध में सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखांकन टीम को जानकारियों उपलब्ध करायी गयी।

## नाबालिग से छेड़खानी के आरोपित को तीन वर्ष कैद

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सह एडीजे छह आशुतोष कुमार उपाध्याय की अदालत ने नाबालिग के साथ छेड़खानी मामले में आरोपितों को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनायी। अदालत ने आरोपी पर 20 हजार रुपए अर्थदंड लगाया और कहा कि अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर दो माह अतिरिक्त कारावास की सजा होगी। सजा पाने वाला अमित कुमार प्रजापति है। विशेष लोक अभियोजक शशिभूषण पांडेय ने बताया कि बताया कि 2 सितंबर 2019 की सुबह सात बजे बच्ची बधार में शौच करने गयी थी, जहां आरोपित ने उसके साथ छेड़खानी की। सूचना पर पीड़िता के परिजन आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। उक्त मामले में अदालत ने विचारण के दौरान आरोपित को दोषी पाते हुए तीन वर्ष के कैद की सजा सुनायी।

## महागठबंधन प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव ने किया नामांकन



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का नामांकन शुरू हो गया है। पहले दिन जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से जहां निर्दलीय पांच प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया था। बुधवार को दूसरे दिन महागठबंधन के उम्मीदवार पूर्व मंत्री डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद यादव निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। उन्होंने संसदीय क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी बातें रखी। कहा कि पूर्व में हम यहां का सांसद रह चुके हैं और कई विकास कार्य किया है। मेरी पहली प्राथमिकता विकास रहेगी, उद्योग फैक्ट्री लगाया जाएगा, सिंचाई के लिए व्यवस्था की जाएगी, नदी को दूसरे नदी से जोड़ा जाए। प्रत्याशी ने अपनी जीत का दावा किया। नामांकन को लेकर भारी संख्या में उनके समर्थक पहुंचे थे, जहां गर्मी जोशी के साथ स्वागत किया गया। जैसे ही नामांकन कर बाहर निकले बड़ी संख्या में समर्थकों ने फूलमाला पहनाया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं का विधि-विधान से हुआ गोदभराई

निज संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा गोदभराई का रस्म पूरी विधि-विधान के साथ पूरा किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी सीडीपीओ शशि कुमारी ने बताया कि प्रत्येक महीने में 7 तारीख को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं का गोदभराई आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा किया जाता है। गोदभराई के दौरान गर्भवती महिलाओं एवं केंद्र पर उपस्थित अन्य महिलाओं को स्वास्थ्य व जच्चा बच्चा के स्वस्थ रहने के संबंध में जानकारी दिया गया। इस दौरान प्रभारी सीडीपीओ शशि कुमारी के द्वारा नगर परिषद के वार्ड संख्या 03 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 89 एवं 109 पर निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के उपरांत अपनी उपस्थिति में सेविकाओं के द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कराया गया। गर्भवती महिला एवं उनके परिजनों तथा केंद्र पर उपस्थित स्थानीय लोगों को हरी साग-सब्जी एवं पोषण युक्त आहार लेने के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े व पोषक क्षेत्र के अन्य स्थानीय लोगों को समाज कल्याण विभाग द्वारा लागू किए गए योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आग्रह किया गया। इसके साथ-साथ आगामी 01 जून को होनेवाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए स्थानीय लोगो को जागरूक भी किया गया। मौके पर उक्त केंद्र की सेविका गीता देवी, शांति देवी के साथ सहायिका व स्थानीय पोषक क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## तेजस्वी यादव ने जहानाबाद के गांधी मैदान में आयोजित सभा को किया संबोधित

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद में बुधवार राजद प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में आयोजित सभा में महागठबंधन के कई नेताओं के साथ-साथ तेजस्वी यादव भाग लेने पहुंचे। तेजस्वी ने गांधी मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मुद्दों पर बात नहीं करते हैं और 10 सालों से झूठ बोल रहे हैं। भरी सभा में तेजस्वी यादव ने अपना कुर्ता उठाते हुए बताया कि कमर में चोट रहने के कारण डॉक्टर के द्वारा उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। मुझे शरीर में पीड़ा है, लेकिन बेरोजगार की पीड़ा इतनी बड़ी है कि अपनी पीड़ा को भूलकर बेरोजगारी को दूर करने के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए आप लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। फिर भी वह लोगों के बीच जा रहे हैं ताकि आरक्षण और देश के संविधान को बचाया जा सके।

उन्होंने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी की तरह नकल करते हुए तीखा हमला बोला और कहा कि मोदी मुझे शहजादा कहते हैं, लेकिन वह खुद पीड़जायदा है। लोगों को ठगने का काम करते हैं, लेकिन इस चुनाव में उनके पास बोलने के लिए कुछ बचा ही नहीं है। आरक्षण, रोजगार सहित कई मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो हर साल एक करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देंगे और अग्निवीर योजना को समाप्त करेंगे।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0– 1, औरंगाबाद
Email ID :- eercdaurangabad@gmail.com,
ee-rd-aurangabad-bih@nic.in : Mobile No. + 91-9470001281

शुद्धि–पत्र संख्या – 01

इस प्रमंडल के अन्तर्गत दिनांक 27.04.2024 को प्राप्त होने वाली निविदा हेतु निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RCD/AURANGABAD/SBD/03/2023-24 का हिन्दुस्तान एवं अन्य समाचार पत्रों में प्रकाशन हुआ है, जिसका पी0आर0 संख्या – 019761(RCD)2023–24 है। उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में अंकित क्रमांकों में अपरिहार्य कारणवश निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है :–

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित सूचना | संशोधित सूचना |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 3 | Period for download of Tender Document | From **04.04.2024** to **19.04.2024** upto 15.00 hours From Website : www.eproc2.bihar.gov.in ) | Upto 17.06.2024 (15.00 hours) From Website : www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 4 | Date, Time & Place of Pre-Bid meeting | Date **08.04.2024** at 11 hours at the Office of the Chief Engineer, South Bihar, RCD, Patna | Date **10.06.2024** at 15:00 hours at the Office of the Chief Engineer, South Bihar, RCD, Patna |
| 5 | Period for uploading tender documents by bidder | From **20.04.2024** to **27.04.2024** .till.time 15.00 Hours on www.eproc2.bihar.gov.in | Upto 17.06.2024 till.time 15:30 Hours on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | Date, time & Place of opening of Technical Bid | *Date.* **29.04.2024** *Time- 15.30 hours* Place: *On Website - www.eproc2.bihar.gov.in* | *Date.* **18.06.2024** *Time- 15.00 hours* Place: *On Website - www.eproc2.bihar.gov.in* |
| 9 | Date, time & place of opening of Financial Bid | Date :- **09.05.2024** Time :- 15.30 hours Place: On Website - www.eproc2.bihar.gov.in | To be announced On Website - www.eproc2.bihar.gov.in |

37. As per Department of Registration, Excise & Prohibition, Patna's Letter No. 1026, Dt. 15.02.2023, Bidders will have to submit the signed Power of Attorney as bond for the amount of Rs. 1000 & above as Prescribed Format.

नोट :– उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में दी गयी अन्य सूचनाएँ एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद

PR. No. 000634 (RCD) 2024-25

लोकसभा आम निर्वाचन 2024– वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम


## झाझा-किउल-बरौनी-समस्तीपुर-दरभंगा-मधुबनी के रास्ते सियालदह और जयनगर के मध्य चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में झाझा-किउल-बरौनी-समस्तीपुर-दरभंगा-मधुबनी के रास्ते सियालदह और जयनगर के मध्य समर स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 03187 सियालदह-जयनगर समर स्पेषल दिनांक 11.05.2024 से 29.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को सियालदह से 23.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.55 बजे बरौनी, 10.00 बजे समस्तीपुर, 11.10 बजे दरभंगा, 11.55 बजे सकरी तथा 12.30 बजे मधुबनी रूकते हुए 14.25 बजे जयनगर पहुंचेगी। 2. गाड़ी सं. 03188 जयनगर-सियालदह समर स्पेषल दिनांक 12.05.2024 से 30.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को जयनगर से 15.25 बजे प्रस्थान कर 15.50 बजे मधुबनी, 16.15 बजे सकरी, 17.30 बजे दरभंगा, 18.55 बजे समस्तीपुर तथा 19.50 बजे बरौनी रूकते हुए अगले दिन 05.15 बजे सियालदह पहुंचेगी। इस स्पेषल में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 10 तथा साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे।

## दोहरे हत्याकांड में पिता और पुत्र हुए दोषी करार

**जहानाबाद (नि.सं.)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने परसबीघा थाने के कोसडिहरा निवासी अमरेंद्र शर्मा एवं अरविंद शर्मा की हत्या के मामले में उक्त गांव के ही बिट्टू कुमार उर्फ बालाजी एवं उसके पिता सुधीर कुमार को दोषी पाया है। वहीं सबूतों के अभाव में अन्य अभियुक्त जयंती देवी, रुचि कुमारी, रेणु देवी एवं अप्राथमिकी अभियुक्त अमन कुमार उर्फ रोहित को न्यायालय द्वारा रिहा कर दिया। सजा के बिंदु पर कोर्ट ने सुनवाई 17 मई को अगली तिथि मुकर्रर की है। अपर लोक अभियोजक ने बताया कि दोनों अभियुक्तों का चरित्र अपराधिक रहा है। पूर्व में भी दोनों के कई कारनामे चर्चा में रहे हैं। दोनों मामलों में सरकार की ओर से मामले में पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया कि दोनों मामला परसबीगहा थाना से संबंधित है।

## पुलिस ने छापेमारी कर हेरोहन व शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** सदर थाना क्षेत्र के अखलासपुर में छापेमारी कर हेरोइन व शराब के साथ तस्कर को धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास से 20 पुड़िया हेरोइन व 10 बोतल शराब बरामद किया। इसकी पुष्टि नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने की। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अखलासपुर के वार्ड 11 का रहनेवाला बहादुर चौहान है। गुप्त सूचना मिली थी कि अखलासपुर किरासन तेल टंकी के समीप शराब बेची जा रही है। थानाध्यक्ष ने सूचना की पुष्टि कराकर एएसआई नंदलाल तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम को छापेमारी करने के लिए भेजा। पुलिस ने बहादुर चौहान का गिरफ्तार कर लिया। उसके हाथ में झोला था। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें 20 पुड़िया हेरोइन व 10 बोतल शराब मिली। हेरोइन व शराब को बरामद कर आरोपी को थाना लाया गया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शराब बरामदगी मामले में यूपी के धंधेबाज को पांच वर्ष की कठोर कारावास की सजा

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय धर्मेन्द्र कुमार तिवारी की अदालत ने शराब बरामदगी मामले में यूपी के धंधेबाज को पांच वर्ष कठोर कारावास व एक लाख रुपया अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अर्थदंड की राशि जमा नहीं पर छह माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। सजा पाने वाला धंधेबाज अंगद राय यूपी के गाजीपुर जिला के भवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर खुर्द निवासी सर्वदेव राय का पुत्र है। उक्त मामले में उत्पाद विभाग के विशेष लोक अभियोजक निशीकांत निलेश ने बताया कि जिले के दुर्गावती थाना के पुलिस अवर निरीक्षक राम जीवन कुमार ने वर्ष 2023 में ककरैत घाट के पास से अंगद राय को को एक लीटर 750 एमएल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया था। उक्त मामले में अदालत ने धंधेबाज को दोषी पाते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनायी। उसके खिलाफ यूपी में लगभग 20 आपराधिक मामले लंबित हैं।

## लकड़ी काटने वाली मशीन से मिस्त्री घायल

**सोनहन (कैमूर) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के सादे कवई गांव में घर की सेंट्रिंग का काम करने के दौरान लकड़ी काट रहा मिस्त्री घायल हो गया। परिजनों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घायल 36 वर्षीय प्रीत कुमार सादे कवई गांव निवासी दुधुल राम का पुत्र है। वह अपने गांव में ही पक्का मकान की छत का सेंट्रिंग कर रहा था। लकड़ी काटने के दौरान मशीन से उसका हाथ कट गया। सदर अस्पताल के चिकित्सक द्वारा घायल युवक का इलाज किया जा रहा है।

## मारपीट के मामले में हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता

**नोखा (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित महावीर मंदिर के समीप एक होटल संचालक के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने नशे में धुत एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, मारपीट की घटना में शामिल दो अन्य युवक पुलिस के आने के पूर्व मौके से भाग निकले। गिरफ्तार युवक नटवार थाना क्षेत्र के नेकनाम टोला निवासी गोल्डन सिंह को मेडिकल चेकअप में अल्कोहल पुष्टि के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, सोमवार की देर रात नेकनाम टोला निवासी गोल्डन सिंह अपने दो साथियों के साथ बाइक से महावीर मंदिर के समीप स्थित रिंकू होटल में खाना खाने पहुंचा था। खाना खाने के बाद होटल संचालक रिंकू ने जब बिल के 250 रुपये की मांग की, तब पैसों को लेकर उनलोगों ने होटल मालिक के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी, जिसके बाद वहां पहुंची पुलिस ने मारपीट में शामिल एक युवक गोल्डन सिंह को कट्टे के साथ गिरफ्तार कर लिया।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)

आदेश

इस कार्यालय का आदेश ज्ञापांक 1139 / जि0निर्वा0 दिनांक 03.05.2024 के द्वारा कुल 09 Facilitation Centre स्थापित कर मतदान कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था जिसके अनुसार दिनांक 09.05.2024 से 11.05.2024 तक समाहरणालय, गढ़वा भवन में भूतल पर अवस्थित कमरा संख्या–117 में पोस्टल बैलेट सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) का अधिष्ठापन किया गया है।

गढ़वा जिला में कार्यरत् झारखण्ड राज्य के अन्य जिलों के कर्मी को उनके जिला में मतदान तिथि के अनुसार निर्धारित समय पर पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। अतएव समाहरणालय, गढ़वा भवन में भूतल पर अवस्थित कमरा संख्या–117 में स्थित पोस्टल बैलेट सुविधा केन्द्र **(Facilitation Centre)** को दिनांक 30.05.2024 तक की अवधि के लिए कार्यरत् रखने का निर्णय लिया गया है।

अतः समाहरणालय, गढ़वा भवन में भूतल पर अवस्थित कमरा संख्या–117 के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को आदेश दिया जाता है कि अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्धारित तिथियों को सुविधा केन्द्र पर उपस्थित होकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार पोस्टल बैलेट के माध्यम से सभी संबंधित कर्मियों को मतदान सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गढ़वा।

PR 324563 Election(24-25)D

# जिलाधकारी ने हिसुआ एवं मेसकौर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

निज संवाददाता



**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिलाधिकारी नवादा के द्वारा आज पीएचसी हिसुआ, मेसकौर एवं प्रखंड कार्यालय-सह-अंचल कार्यालय, मेसकौर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एएनसी जाँच को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने का निर्देश दिये। सभी पीएचसी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पूर्व से प्रत्येक माह के 09 तारीख को निर्धारित है। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित समय के 05 दिन पहले सभी पीएचसी में कन्ट्रोल रूम संचालित करने का निर्देश दिये ताकि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को जाँच एवं योजनाओं का लाभ ससमय प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने एएनसी को लेकर विशेष प्रकार का स्टीकर बनाने के लिए कहा जिसपर डॉक्टर्स, एम्बुलेंस ड्राईवर, आशा कार्यकर्ता का नम्बर अंकित हो ताकि एएनसी जाँच की जानकारी के लिए तुरंत सम्पर्क किया जा सके साथ ही उन्होंने कहा कि स्टीकर पर एएनसी से संबंधित तिथि का भी निर्धारण करेंगे जिससे गर्भवती महिला तिथि के अनुसार अपना जांच करा सके। पीएचसी हिसुआ में दवा वितरण केन्द्र के निरीक्षण के क्रम में टीबी रोगियों के लिए टीबी की दवा कम मात्रा में उपलब्ध पाया गया जिसपर डीएम द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि बिहार मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड पटना में अधियाचना देकर दवा को तुरंत उपलब्ध करायें। निरीक्षण के अवधि तक पीएचसी हिसुआ में ओपीडी में 15 मरीजों का इलाज किया जा चुका था। पीएचसी हिसुआ में चहारदिवारी देने का सिविल सर्जन को दिये निर्देश। वहां हिट एण्ड वेव के वार्ड का निरीक्षण किया गया। जिसमें 03 बेड लगा हुआ था। एमओआईसी द्वारा बताया गया कि 19.04.2024 मतदान के दिन एक मतदाता कर्मी का ईलाज किया गया। सभी एमओआईसी को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक सोमवार को आशा कार्यकर्ता के साथ बैठक कर बैठक का प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करेंगे। आरसीएच रजिस्टर को भी अद्यतन एवं गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश एमओआईसी को दिया गया। हिसुआ में सीएचसी भवन के उपर प्री-फेब्रीकेटेड वार्ड का निर्माण कराया जा रहा है। पीएचसी के पीछे आंगनबाड़ी केन्द्र, पाचु तालाब केन्द्र संख्या 93 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रतिनियुक्त एएनएम द्वारा केन्द्र पर लाभुकों को टीकाकरण का कार्य किया जा रहा था। जिला पदाधिकारी द्वारा एमओआईसी एवं बीएचएम को निर्देश दिया गया कि अस्पताल को साफ-सफाई एवं आम जनों के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था करेंगे। मेसकौर पीएचसी के जाँच में पाया गया कि वहां पेयजल की काफी समस्या है। जिसपर जिलाधिकारी ने एमओआईसी को निर्देश दिया कि अस्पताल में पेयजल की समुचित व्यवस्था करें ताकि मरीजों एवं अभिभावकों को पेयजल की समस्या न हो। मेसकौर में चल रहे भवन में अस्पताल काफी जर्जर स्थिति में पाया गया। वहीं बगल में नया भवन बनकर अस्पताल के लिए पूरी तरह तैयार है। जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि 15 दिनों के अन्दर नये भवन में अस्पताल को सिफ्ट करेंगे। नये भवन में कई जगहों पर मरम्मति की आवश्यकता है। जिसके संबंध में भवन निर्माण को रिपोर्ट कर मरम्मति कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन नवादा, डीपीएम नवादा, एमओआईसी हिसुआ, बीएचएम, बीसीएम, यूनिसेफ के सदस्य के साथ-साथ सभी स्वास्थ्य कर्मी आदि उपस्थित थे।

# अवैध शराब निर्माण को लेकर बाराचुआ जंगली क्षेत्र में पुलिस ने चलाया अभियान

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत स्थित बाराचुआ जंगल में शराब निर्माण में जुटे एक शराब धंधेबाज को अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने गिरफ्तार किया। इस विशेष अभियान के दौरान दो शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया एवं 800 लीटर तैयार जावा महुआ शराब को विनष्ट किया गया। अपर थानाध्यक्ष ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर पुलिस बलों की सहायता से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच बाराचुआ नामक जंगल में महुआ शराब निर्माण की गुप्त सूचना मिली। प्राप्त सूचना के आलोक में थाने में पदस्थापित एसआई गौतम कुमार एवं सशस्त्र बलों की एक टीम बनाकर छापेमारी की गई। इस दौरान दो शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया एवं आसपास में रखे लगभग 800 लीटर तैयार जावा महुआ शराब को जमींदोज किया गया।साथ ही दो लीटर शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान दिबौर के गोपालपुर गांव निवासी चांदो यादव के पुत्र नरेश यादव के रूप में की गई है। अपर थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति से सघन पूछताछ कर जब्त शराब एवं शराब भट्ठी को लेकर बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज नरेश यादव को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# सिलेंडर लीक होने से लगी आग महिला समेत बच्चे घायल

**नवादा (नि.सं.)।** रजौली थाना क्षेत्र के हरिल गांव में घरेलू गैस लीकेज के कारण घर में आग लग गई। इससे मां और दो बच्चे झुलस गए। परिजनों के सहयोग से तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मां और बेटी को पावापुरी रेफर कर दिया। घायलों में स्वर्गीय शिवनंदन यादव की पत्नी आशा देवी, बेटी नेहा कुमारी और राहुल कुमार शामिल है। बताया जा रहा है कि महिला गैस चूल्हे पर चाय बना रही थी, तभी गैस लीक होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी तरह फैल गई और महिला समेत दो बच्चे घायल हो गए। फिलहाल मां की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। लोगों की माने तो सबसे पहले किचन में खड़ी महिला के कपड़े में आग लगी। इसके उनकी छोटी बच्ची आग बुझाने गई तो वह भी झुलस गई। जब वह खुद घर से निकले रहे थे तो दूसरी बच्चा भी घायल हो गया।



# बीडीओ ने डैम पार डेलवा, झराही एवं नावाडीह गांव में पेयजल की समस्या को लेकर किया निरीक्षण

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत अंतर्गत डैम पार स्थित सुदूरवर्ती गांव डेलवा, झराही एवं नावाडीह में बुधवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री ने व्याप्त पेयजल की समस्या का निरीक्षण किया। इस दौरान बीपीआरओ राजन कुमार, तकनीकी सहायक रूपम कुमारी एवं हरदिया पंचायत के मुखिया पिन्टू साव भी मौजूद रहे। बीडीओ ने कहा कि प्रखण्ड क्षेत्र में व्याप्त पेयजल की समस्या को दूर करने को लेकर लगातार पंचायतवार भ्रमण कर दूर करने को लेकर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि हरदिया के डेलवा गांव में चार चापाकल चालू था व एक चापाकल का मोटर ब्लास्टिंग के दौरान गिर गया था। वहीं गांव में एक तालाब भी मिला जो मिट्टी



एवं घास आदि से भरा हुआ था। साथ ही डेलवा गांव में नल-जल योजना नहीं था। ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि ब्लास्टिंग के कारण खराब पड़े चापाकल के बगल में एक बोरिंग करवा दिया जाए एवं वर्षा जल संचयन के लिए तालाब का जीर्णोद्धार कर दिया जाए एवं एक कुंआ खुदवाने की बात कही गई। वहीं झराही गांव 18 से 20 घरों की बस्ती है, जहां एक भी चापाकल चालू नहीं था एवं नल-जल योजना का क्रियान्वयन नहीं हुआ था। गांव के लोग दो छोटे कुएं से पेयजल आदि लिया करते थे। साथ ही कहा कि नावाडीह गांव में दो नल-जल योजना का क्रियान्वयन हुआ था, जिसमें एक चालू था जबकि दूसरा बन्द था। गांव में दो चापाकल चालू स्थिति में था, जबकि चार खराब पड़ा हुआ था। ग्रामीणों द्वारा गांव में एक कुआं, एक तालाब एवं एक चेकडैम बनाने की मांग की गई है।

# विद्यालय में सोये शिक्षक की चार छात्रों ने की पिटाई

**नवादा (नि.सं.)।** के सिरदला प्रखंड अंतर्गत परनाडाबर थाना क्षेत्र के मझगांवां डीपीएस पब्लिक स्कूल कैम्पस में सोये विद्यालय के कम्प्यूटर शिक्षक पर गांव के ही चार छत्रों ने जानलेवा हमला किया। घटना के बाद दो लैपटॉप व दो मोबाइल साथ लेकर चलते रहा। घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना थाने को दी गयी है। पीड़ित शिक्षक आर्यन राज का आरोप है कि जब विद्यालय कैम्पस में सोया था अचानक गेट खोलकर चार लड़के प्रवेश कर गये तथा सुप्तावस्था में लाठी डंडे से हत्या की नियत से जानलेवा हमला कर दिया। इस क्रम में बेडरूम में रखा दो लैपटॉप व दो मोबाइल साथ लेकर चलता रहा। वारदात विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

# हरदिया डैम से भानेखाप गांव तक जाने वाली सड़क के निर्माण में बरती गयी अनियमितता

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत में प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना में काफी अनियमितता बरती गयी है। जिसको लेकर ग्राम वासियों में काफी नाराजगी व्याप्त हैं। लोगों की मानें तो फुलवरिया जलाशय से भाने खाप गांव तक करीब 8.519 किलोमीटर का कार्य संवेदक अंबुज शर्मा के वर्ष 5.04.2018 से द्वारा शुरू किया गया था। इस कार्य अवधि को 04.04.2019 तक समाप्त कर देना था। लेकिन रास्ते में वनविभाग की जमीन होने के कारण एनओसी लेने में काफी समय लग गया था। जिसके कारण 2019 में कार्य को गति प्रदान किया जा सका था। इसके अलावा संवेदक की मनमानी के कारण कुछ दिन करना व कुछ दिन बाद छोड़ देने के कारण कार्य समाप्त होने में काफी वर्ष लग गए हैं। संवेदक की मनमानी से कार्य धरातल पर 2022 के अंतिम वर्षों में समाप्त हुआ है। हरदिया के ग्रामीण सुनील राजवंशी, सुरेन्द्र सिंह, किशोरी राजवंशी, प्रदीप साव, दिनेश



साव, अबधेश सिंह आदि लोगों ने कहा कि सिर्फ इतना हीं नहीं कार्य योजना में प्रयुक्त सामाग्री में काफी अनियमितता बरती गयी थी। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह पर पत्थर का प्रयोग होना चाहिए वहां पर उजले रंग के अभ्रक युक्त पत्थर का प्रयोग किया गया था। लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान मोरम युक्त पत्थर डाल कर रोड रोलर मशीन चलाये जाने का निर्देश प्राप्त था।बावजूद संवेदक के द्वारा जंगल क्षेत्र के हीं लाल मिट्टी डालकर ढक दिया गया है। इस रोड में छोटे बड़े करीब सात पुल पुलिया का निर्माण किया गया है। इसमें भी संवेदक तीन नंबर की इंट के प्रयोग तथा पत्थर युक्त मोरम की जगह पर मिट्टी युक्त बालू से पुलिया के किनारों को भर दिए गए हैं।ऐसा करने से एक बरसात तो यह सड़क काट लिया है। लेकिन दूसरे बरसात में सिर्फ कागजों पर हीं पूर्ण हुआ कार्य रह जायेगें। जबकि इस सड़क से लाभ प्राप्त करने वाले हरदिया पंचायत के भाने खाप, मरमो, सुअरलेटी, कुंभियातरी, रनिवास, सिंगर आदि गांव के लोगों ने कहा कि कार्य कराने वाले संवेदक मनमानी कर चले गए हैं। कई दशकों के बाद सड़क मार्ग का लाभ हमलोगों को मिला है। लेकिन संवेदक की मनमानी व अधिकारियों की अंधेखी के कारण रखरखाव का कार्य सिर्फ बनने तक हीं चर्चा में एवं बोर्ड पर अंकित है। धरातल पर कोई देखने के लिए नहीं आते हैं। जिससे डैम किनारे बनी सड़क मार्ग पर बरसात के दिनों में चलने का लाभ प्राप्त कर पायेंगे या फिर सिर्फ उबड़ खाबड़ रास्ते हीं नसीब होंगे, यह कहना मुश्किल हीं नहीं नामुमकिन है। क्योंकि कार्य समाप्ति के एक वर्ष बाद हीं मार्ग की गयी ढलाई टूटने लगी है। साथ हीं काली की गयी सड़के भी जहां तहां धसकर गढ्ढे में तब्दील हो गयी है। कार्यस्थल पर बोर्ड तो लगाया गया है लेकिन कार्य की प्राक्कलन राशि अंकित नहीं कराया गया है। इतना ही नहीं बोर्ड पर कार्य अनुरक्षण की प्रारंभ तिथि एवं अणुरंक्षण की समाप्ति की तिथी अंकित नहीं किया गया है।जिससे साफ पता चलता है कि सड़क निर्माण में कितना घालमेल किया गया है। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ई. अरबिंद कुमार ने बताया कार्य योजना की विस्तृत जानकारी हमें नहीं है। इसके लिए कनींय अभियंता गौरव कुमार को निर्देशित कर रहें हैं।

# भारती भवन प्रकाशन की 2500 नकली किताबें जब्त

निज संवाददाता

**नवादा।** नगर के न्यू एरिया में श्रीकृष्ण मेमोरियल कॉलेज के समीप एक घर से भारती भवन कंपनी की नकली किताबों का भारी मात्रा में बंडल जब्त किया गया है। भारती भवन बुक पब्लिसर्स की ओर से की गई फर्जीवाड़ा संबंधी शिकायत के बाद उससे जुड़ी डिटेक्टिव एजेंसी टैक्ट इंडिया एडवर्जिंग रिस्क के लीगल एडवाइजर फरमान इस बाबत नवादा पहुंचे थे। छापेमारी के दौरान आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका। इस बारे में बताया गया कि अमन बुक्स एजेंसी के नाम से शेखपुरा, नवादा, नालंदा, गया और जहानाबाद में गलत तरीके से



भारती भवन के नाम पर नकली थोक पुस्तकों की बिक्री की जाती थी। एजेंसी के फरमान ने बताया कि जिस घर से पुलिस ने छापेमारी की वहां से भारती भवन का कुल 31 प्रकार की किताबें बरामद की गई। बरामद पुस्तकों में हिंदी साहित्य, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, गणित परिचय, हिंदी रीडर, गणित,सुगम विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र समेत अन्य प्रकार की करीब 25 सौ किताबें जब्त की गई है। बताया गया कि अनुमानित करीब 15 लाख रुपये की किताबें जब्त हुई है। हरेक प्रकार की पुस्तक का 200 से 250 किताबें जब्त की गई है। जिस घर से पुस्तकों को जब्त किया गया, वहां से भारती भवन का होलोग्राम लिखा ढेर सारा स्टीकर बरामद किया गया है। छापेमारी के दौरान नवादा नगर थाना की पुलिस भी साथ में थी। भारती भवन कंपनी का लोगों लगाकर फर्जीवाड़ाः- आरोप है कि फर्जी तरीके से किताबों पर भारती भवन का लोगो लगाकर उसे बाजार में बेचा जाता था। इस बारे में लीगल एडवाइजर फरमान की ओर से नगर थाना को लिखित आवेदन पत्र भी दिया जा रहा है। रात के पौने दस बजे तक उक्त कार्रवाई थाना में एजेंसी के स्तर से हो रही थी, ताकि प्राथमिकी दर्ज की जा सके।

# शराब निर्माण की पांच भट्ठियों को किया ध्वस्त

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के उग्रवाद प्रभावित परनाडाबर पुलिस द्वारा शराब निर्माण के अड्डों पर छापामारी जारी है। इस क्रम में छापामारी के दूसरे दिन पांच शराब निर्माण की भट्ठियों को ध्वस्त कर 20 लीटर चुलायी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष पुनि के अनुसार भीतिया जंगल में शराब निर्माण की गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में पहाड़ी की घेराबंदी कर तलाशी अभियान आरंभ किया गया इस क्रम में शराब निर्माण के कुल पांच भट्ठियों को ध्वस्त कर एक भट्ठी से 20 लीटर चुलायी गयी महुआ शराब बरामद कर शराब निर्माण के लिये फुलाये जा रहे 2800 किलोग्राम जावा महुआ घोल को विनष्ट कर दिया। इसके अलावा शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों को आग के हवाले कर दिया। कारोबारी पुलिस के आने की गुप्त सूचना मिलते ही फरार होने में सफल रहा।

# पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के कई पंचायतों में इन दिनों जल संकट उत्पन्न हो गया है।जिससे लोगों को परेशानी बढ़ी हुई है। एक ओर भीषण गर्मी से लोग त्रस्त हैं, तो दूसरी ओर लोग पानी के लिए भटकना मजबरी बना है। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत हर घर को नलजल से जोड़ा गया, लेकिन यह योजना भी पूर्ण रूप से धरातल पर उतर नहीं पाई है, जिससे लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। यह हाल कहुआरा, हंडिया, इचुआकरना पंचायत समेत अन्य पंचायत की है। डीएम के निर्देशानुसार पीएचईडी विभाग के कर्मी खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती व नलजल को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं, ताकि लोगों को जल संकट की समस्या से निजात मिल सके। बावजूद कई वार्ड में अभी भी यही हालत बनी हुई है। कहुआरा पंचायत के भट्ट बिगहा वार्ड दस में स्टार्टर खराब है,इचुआ करना पंचायत के वार्ड 12 में जगदीशपुर मुसहरी व आदमपुर गांव में, हंडिया पंचायत के वार्ड आठ दरियापुर गांव में नलजल का लाभ से ग्रामीण वंचित हो रहे है। साथ ही इसी गांव में तीन पहाड़ी चापाकल खराब है।इसके अलावा ननौरा पंचायत के गोतरायन गांव में भीम नारायण महतो के घर के समीप, कहुआरा डीह में शरण पासवान, बबलू राय, देवी स्थान के समीप, शंकर पांडेय, कारु महतो, परमेश्वर महतो के, कृष्ण महतो, सुरेन्द्र प्रसाद, नवीन सिंह, सुधीर सिंह, कमल नयन, बबलू महतो के घर के समीप, जनपुरा गांव में मुसहरी टोला में, अर्जुन ठाकुर के घर के समीप, खुशहाल बिगहा गांव में मध्य विद्यालय में, कैलाश मांझी, राजाराम सिंह के घर के समीप, माया बिगहा गांव में कैलाश मांझी, गढ़ही गांव में कपिल राजबंशी, चन्दिरक यादव के घर के समीप, भट्ट बिगहा गांव में धनेश्वर मांझी, गुलाब चौधरी, नरेश राजबंशी, शम्भू मांझी, मोती मांझी के घर के पास के अलावा मध्य भट्ट बिगहा में, हरनारायणपुर गांव में जियत पोखर के समीप, सुरेश चौधरी, विशुन महतो के पास चापाकल खराब है। इनमें अधिकांश पहाड़ी चापाकल है। इसके अलावा अन्य पंचायत में भी यही हाल बना हुआ है। जिस कारण लोगों को सही तरीके से पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

# तेज हवा के साथ हुई बारिश व ओलावृष्टि से मौसम हुआ सुहाना

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले में मौसम का मिजाज बदल गया है। वैसे तो रजौली अनुमंडल के छह प्रखंडों में तेज बारिश व शेष आठ प्रखंडों में बूंदाबांदी हुई लेकिन तापमान में कमी पूरे जिले में हुई। झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। मंगलवार को पूरवा हवा के प्रवाह से तापमान का पारा लुढ़कने लगा, शाम होते होते बादल से आकाश घिर गया, और एक घंटे से अधिक जमकर बारिश होने से लोगों को गर्मी से निजात मिली। मंगलवार को अधिकतम और



न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान पिछले 7 दिनों के दौरान 9.8 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है। आंधी के साथ बारिश व ओलावृष्टि होने से लोगों ने राहत की सांस ली। आकाशीय बिजली गिरी। मंगलवार को हुई बारिश आंधी व ओलावृष्टि से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बुधवार की सुबह नमीयुक्त ठंडी पुरवा हवा चलने से लोगों को राहत मिली है।

# जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का डीएम ने किया समीक्षा

**नवादा (नि.सं.)।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिलाधिकारी नवादा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 03.05.2024 (शुक्रवार) को जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि विभिन्न विभागों से जनता दरबार में कुल 16 मामले लंबित हैं। जनता दरबार में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 27 आवेदनों को जंचकर निष्पादित किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी विभागों से प्राप्त प्रतिवेदन के विरूद्ध निष्पादित प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई। जनता दरबार में बिजली, आगलगी, मनरेगा, शिक्षा आदि से संबंधित शिकायतें आयी जिसे जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभाग को त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिये। उनके द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया।

# आंधी-बारिश के साथ गिरे ओले, गर्मी से राहत

निज संवाददाता

**नवादा।** मौसम पूर्वानुमान मंगलवार की शाम को सही साबित हुआ और लगभग आधे घंटे तक मध्यम से तेज गति की बारिश हुई। आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरे। मध्यम आकार के ओले से तत्काल नुकसान की कोई बड़ी खबर नहीं है। 30 किमी की रफ्तार से आई आंधी में कच्चे मकानों के छप्पर और टीन शेड उड़ गए जबकि पेड़ व बिजली के खंभे टूट गए। आंधी, बारिश एवं ओलावृष्टि से कई इलाकों की बिजली कट गई। जिले के एकाध स्थानों पर बड़े पेड़ गिरने की भी सूचना है। कई जगह खंभे टूटने के साथ बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। बारिश से गर्मी से राहत तो मिली लेकिन बिजली नहीं रहने से उमस वाली गर्मी का अहसास लोगों को सताती रही। मई माह के सातवें दिन आखिरकार जिले में मौसम का मिजाज बदला हुआ रहा। मौसम के बदले मिजाज की वजह से जिले में आंधी चली और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। मंगलवार को सुबह से मौसम में थोड़ी नरमी वाली गर्मी बनी रही। दोपहर तक बादलों के बीच धूप व गर्मी रही। हालांकि दोपहर में ही मौसम में परिवर्तन दिखने लगा था। मौसम में परिवर्तन के साथ ही काले घने बादल आसमान पर छाने के साथ शाम को आधे घण्टे की बारिश हुई। बारिश की वजह से दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। आंधी-बारिश के दौरान लोगों को बिजली गुल होने तथा मौसम में उमस घुलने की बजह से परेशानी का सामना भी करना पड़ा। मंगलवार को शाम के समय तेज आंधी के साथ बारिश हुई। खेतों में कहीं-कहीं पानी भर गया लेकिन अधिकतर जगह धरती पानी सोख गई। कीचड़ और फिसलन जरूर रह गई। आंधी पानी से नुकसान का आकलन बुधवार को ही हो सकेगा। हालांकि बुधवार को भी इसी प्रकार का मौसम बने रहने की संभावना है। बल्कि बुधवार को माध्यम से तेज गति की बारिश की आशंका जताई जा रही है।

# गिरी गाज : बीसीएम रजौली और हिसुआ का वेतन हुआ बंद

**नवादा (नि.सं.)।** नवादा डीएम प्रशांत कुमार सीएच की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति, टीकाकरण, आकांक्षी जिला, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, डेवलपमेंट पार्टनर, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा केन्द्र एवं विभिन्न स्तर के अस्पताल तथा अन्य सभी मापदंडों की समीक्षा की गई। उन्होंने एएनसी जांच की समीक्षा के क्रम में बीसीएम हिसुआ और बीसीएम रजौली के द्वारा गर्भवती महिलाओं के चेकअप कार्य में कोताही बरतने पर स्पष्टीकरण के साथ वेतन बंद करने का निर्देश दिया। बीसीएम रजौली का कार्य संतोषप्रद नहीं रहने के कारण उन्हें कार्य में सुधार लाने के लिए एक महीने का समय दिया गया। एक महीने में कार्य में सुधार नहीं लाया जायेगा तो इन्हें हटाने का प्रस्ताव भेज दिया जायेगा। एमओआईसी को इसपर विशेष ध्यान देने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया।

# ठनका गिरने से शौच करने गए युवक की मौत

**नवादा (नि.सं.)।** बुधवार को बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। घटना जिला के थाली थाना क्षेत्र के एकतारा गांव की बताई जा रही है। जहां पर ठनका गिरने से एक युवक की जान चली गई। युवक की पहचान एकतारा गांव निवासी बालेश्वर राजवंशी का बेटा मुकेश कुमार के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि युवक शौच करने के लिए खेत की ओर गया था, इस दौरान घटना हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना की सूचना पर स्थानीय मुखिया प्रिंस कुमार आनंदी ने परिवार को 5 हजार की मदद की है। प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिवार के लोगों को 20 हजार रूपए की आर्थिक मदद की। वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी विकास चंद्र यादव ने कहा कि आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत हुई है। अपने घर से कुछ दूरी पर शौच करने के लिए गया था इसी दौरान घटना घटी है।

# वाहन-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

निज संवाददाता

**नवादा।** वाहन-बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई है। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। बुधवार को रोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव के पास गाड़ी की चपेट में आने से युवक की जान गई है। मृतक की पहचान अकबरपुर प्रखंड के चेता बीघा गांव के कौशल कुमार



के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि युवक अपने रिश्तेदारी से मिलकर घर आ रहा था तभी गाड़ी की चपेट में आ गया। जख्मी हालत में युवक को नवादा की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां चिंताजनक हालत देखते हुए डॉक्टर ने पावापुरी के मेडिकल अस्पताल में रेफर कर दिया था। इस दौरान युवक की मौत हो गई जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। रो के थाना प्रभारी बसंत कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद पोस्टमार्टम करवा कर परिवार के हवाले शव को सौंप दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### लोस चुनाव के लिए आरा में पहले दिन तीन नामांकन

**आरा**। लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार से नामांकन शुरू हुआ। पहले दिन एनडीए से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) से मनमोहन सिंह व जागरूक जनता पार्टी से सुमित्रा देवी देवी ने नामांकन कीं। चिराग पासवान सभा में देर से पहुंचे। वे पुलिस लाइन में हेलिकॉप्टर से उतरे थे। वहां से खुली कार से सभा के लिए आए। निषेध क्षेत्र में बैरिकेडिंग के पास उनकी गाड़ी को सुरक्षा-बलों ने रोक दिया। गाड़ी में बैठे अन्य लोगों ने चिराग का परिचय देकर सभा में जाने का कारण बताया। इस पर सुरक्षा-बलों ने कहा कि यहां धारा-144 लगा है। बिना कानूनी अनुमति किसी गाड़ी को अंदर नहीं जाने देंगे। कोई मीडिया वाला फोटो खींच लेंगे, तब क्या जबाब देंगे। वरीय अधिकारियों से अनुमति दिलाईए, तब जाने देंगे। आरके सिंह ने नामांकन के पहले अरण्य देवी मंदिर, शिवगंज में दुर्गा मंदिर, महादेवा में बुढ़वा महादेव मंदिर व रमना मैदान में कई मंदिरों में देवी-देवताओं की पूजा कर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस क्रम खुली गाड़ी में समर्थकों के साथ लोगों का अभिवादन करते हुए नगर भ्रमण किये। नारेबाजी करते समर्थक साथ चल रहे थे। छतों व बुलडोजर से फूलों की वर्षा की जा रही थी। सभा स्थल के पास दर्जनों घुड़सवार उनके स्वागत में खड़े थे। सभा के लिए सभी गांवों व आरा के हर वार्ड में आमंत्रण भेजा गया था। पार्टी का दावा है कि हर गांवों व नगरीय क्षेत्र से हजारों समर्थक आए। सभास्थल पर करीब 7 हजार कुर्सियां लगाई गई थीं। उसपर लोग बैठे थे। बाहर में भी काफी लोग थे। नामांकन व सभा में नेताओं-समर्थकों के लिए अलग-अलग जगह एनडीए नेताओं को जिम्मेवारी दी गई थी। महाराजा कॉलेज व पुलिस लाइन के हेलिपैड, कार्यक्रम स्थल, कार्यकर्ताओं के भोजन, गाड़ियों-बाइक पार्किंग, नगर भ्रमण, मंच का दायित्व था। बड़े नेताओं के ठहरने, भोजन, गाड़ियों का दायित्व था। सांसद प्रतिनिधि इंजीनियर धीरेंद्र सिंह, शाहाबाद के भाजपा प्रभारी मिथलेश कुशवाहा, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य विजय जैन, हरेंद्र पांडेय व अन्य पर था।नामांकन सभा में मंत्रियों में प्रेम कुमार, हरि साहनी, संतोष कुमार सिंह, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, राज्यसभा सांसद भीम सिंह चंद्रवंशी, एमएलसी अवधेश नारायण सिंह, जीवन कुमार, विधायकों में अमरेन्द्र प्रताप सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद मीना सिंह, पूर्व मंत्रियों में जय कुमार सिंह, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायकों में विजेन्द्र यादव, सुनील पांडेय, संजय टाईगर, मुन्नी देवी, हुलास पांडेय आदि मौजूद रहे।

### भूगोल में द्वैतवाद का विकास विषय पर एक दिवसीय सेमिनार

**आरा**। एसबी कॉलेज में भूगोल और आईक्यूएसी की ओर से भूगोल में द्वैतवाद का विकास विषय पर एक दिवसीय सेमिनार हुआ। उद्घाटन प्राचार्या डॉ पूनम कुमारी ने किया। मुख्य वक्ता वाईएन कॉलेज दिघवारा छपरा के डॉ शैलेश कुमार ने द्वैतवाद को बहुत ही बेहतरीन तरीके से समझाया। साथ ही द्वैतवाद के विभिन्न आयामों को रेखांकित किया। उन्होंने भूगोल व प्रादेशिक भूगोल, भौतिक भूगोल व मानव भूगोल, निश्चयवाद और सम्यवाद पर विशेष जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा कुमारी ने कहा कि भूगोल विभाग लगातार ऐसे कार्यक्रम संचालित करेगा, ताकि विद्यार्थियों को लाभ मिल सकें। संयोजक डॉ सद्दाम हुसैन ने द्वैतवाद का अन्य सामजिक विज्ञान के साथ संबंधों पर जानकारी दी। विभाग के डॉ मुन्ना कुमार ज्योति, डॉ महताब इमाम, शोध छात्र रमजान और अभिषेक कुमार ने सेमिनार के विषय पर अपनी बातों को रखा। मंच संचालन डॉ श्लोक दूबे ने किया। सेमिनार में डॉ राम नारायण मिश्रा, डॉ अर्चना कुमारी, आईक्यूएसी संयोजक डॉ मिराज दानापुरी, डॉ भाव प्रीता कुमारी, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ अभिनव आनंद, डॉ चुन्नन कुमारी, डॉ सुदीप्ता, डॉ उमेश कुमार राय, डॉ बिंकटेश्वर चौधरी, डॉ श्वेता, डॉ नमिता, डॉ पूजा कुमारी, डॉ विनय कुमार, डॉ सुजीत और डॉ पंकज कुमार सहित कई शिक्षक, छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### चुलाई शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**बक्सर**। धनसोई थाना पुलिस ने चुलाई शराब के साथ महिला तस्कर को गिरफ्तारकर लिया। गिरफ्तार महिला शराब तस्कर से पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि कैथहर खुर्द नदिया टोला के फुलबसिया देवी को 15 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। महिला घर से ही शराब चुलाई का कार्य करती थी। महिला को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा के बीच नामांकन हुआ शुरू

**बक्सर**। जिले में लोकसभा चुनाव का आगाज पूरी तरह से हो गया। क्योंकि कड़ी सुरक्षा के बीच प्रत्याशियों का नामांकन भी शुरू हो गया। सबसे पहला नामांकन निर्दलीय उम्मीदवार आनंद मिश्रा के द्वारा किया गया। इससे पहले आनंद मिश्रा ने किला मैदान में अपने समर्थकों को संबोधित किया तथा उनसे समर्थन मांगा। इसके बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थकों को गेट पर ही रोक दिया गया। मुख्य गेट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही, पुलिस कर्मियों तथा मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। मुख्य गेट से कुछ कदम दूरी पर ही प्रत्याशी के वाहन को रोक दिया गया। वहां से उम्मीदवार के साथ प्रत्याशियों व उनके प्रस्तावकों को हीं गेट के अंदर जाने दिया गया। जो लोग नारेबाजी कर रहे थे उनको नारेबाजी करने से मना किया गया। बताते चलें कि नामांकन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था काफी तेज कर दी गई है।

### संविधान बदलने की बात कर रहें भाजपाईः अनिल



**बक्सर**। बाबा साहब और भारत के संविधान की देन है की हमें स्वतंत्र रूप से जीने की आजादी मिली। आज बहुजन समाज को जो ताकत मिली है वो बाबा साहब के संविधान से मिली है। इसके बदौलत ही हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन, आज देश विचित्र स्थिति से गुजर रहा है। भाजपा के लोग सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। ऐसी क्या परिस्थिति आ गई है की यह सरकार हमारे आरक्षण को खत्म कर रही है? उक्त बातें बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अनिल चौधरी ने मंगलवार को दिनारा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान कही। भाजपा और राजद की कार्यशैली पर हमला करते हुए कहा कि बक्सर लोकसभा में किसी खास जाती का ही प्रत्याशी क्यों निश्चित है। यह कौन सा आरक्षण है। बक्सर सीट किसी खास जाती के लिए हीं क्यों आरक्षित कर दिया गया है। यही कारण है कि आज भी हमारे लोग रोटी, कपड़ा और मकान के लिए तरस रहे हैं। हमारी माताएं-बहने झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और राजद हमें वोट डालने की मशीन बनाई हुई है। अग्नि वीर योजना लाकर मोदी सरकार ने युवाओं के उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस बार आर-पार की लड़ाई है। अपने बाबा साहेब के सुंदर संविधान को बचाने की लड़ाई है। रोहतास के जिलाध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में अनिल चौधरी ने मंगलवार को दिनारा विधानसभा के धागों, मदैना, रत्नपट्टी, हुक्काडिह, नीमा कवई, नटवार बंगला, नटवार खुर्द, नटवार बाजार, धनकुटिय, सरांव टोला, बसडिहां, कनियारी, गोपालपुर, अकोढ़ा, मिर्जापुर, गगन पोखरी, दिनारा, राजपुर, महरोढ़, मुस्तफापुर, रनी समेत दो दर्जन से ऊपर गांव में जनसंपर्क एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके अमर आजाद, साजिद हुसैन, रफीक अंसारी, जयमार शेख, राजू रमनवाज, राजू पटेल, विकास कुमार पटेल, मुकेश पटेल, विजय भारती, सोनू भूषण समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भोजपुर पुलिस ने नक्सली को किया अरेस्ट, 9 साल से था फरार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 9 साल से फरार चल रहे एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया नक्सली अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अगिआंव बाजार गांव निवासी मुखिया पासवान है। इधर,पीरो डीएसपी राहुल सिंह ने बताया कि दो जुलाई 2015 चरपोखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कथराई गांव के समीप रेलवे लाइन से पूरब पुलिया के नीचे गड्ढा खोदकर पुलिसकर्मियों को उड़ाने के लिए बारूदी सुरंग में सिलेंडर बम बिछाया गया था। लेकिन पुलिस ने समय रहते नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया था। पटना से आई बम निरोधत्क दस्त की टीम ने लैंड्स माइंस को निष्क्रिय किया था। उसे समय मौके से पांच-पांच किलो का आईडी बम लगा दो सिलेंडर, डेटोनेटर, एलमुनियम इलेक्ट्रिक दो अदद एक्सप्लोसिव बरामद किया था। इसे लेकर तत्कालीन थानाध्यक्ष अरशद राजा के बयान पर नक्सली व विस्फोटक अधिनियम के तहत केस हुआ था।



**काफी वक्त से चल रहे थे फरारः** उसे वक्त माओवादी संगठन के हाथ होने की भी बात सामने आई थी। इस मामले अगिआंव बाजार के कुख्यात छेदी पासवान समिति दर्जन भर को जेल भेजा गया था। जबकि मुखिया पासवान समिति अन्य फरार चल रहे थे। डीएसपी राहुल सिंह ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी अगिआंव बाजार से हुई है। पुलिस गुप्त सूचना मिली थी कि वांछित अपने घर में आकर छिपा है जो बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के आधार पर प्रशिक्षु डीएसपी मुकेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अगिआंव बाजार स्थित घर पर घेराबंदी कर वांछित आरोपित मुखिया पासवान को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि घटना के बाद से ही वांछित नक्सली अपने अलग-अलग ठिकानों पर छिपा रहता था। नक्सली की गिरफ्तारी भोजपुर पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। टीम में चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार व अगिआंव बाजार थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता समेत अन्य सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

♦ पुलिस टीम को उड़ाने की रची थी साजिश

## चाचा ने भतीजे पर किया चाकू से वार, जमीन बंटवारे को लेकर था विवाद

## बहस के बाद किया अटैक

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खुशहालपुर गांव में मंगलवार की देर शाम जमीन बंटवारे के विवाद को लेकर चाचा ने भतीजे पर चाकू से वार कर दिया। जख्मी युवक को चाकू दाहिने हाथ में बांह एवं कलाई पर लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खुशहालपुर गांव निवासी वीर बहादुर सिंह का 24 वर्षीय पुत्र अमन कुमार है। वह स्नातक का छात्र है। इधर,जख्मी युवक के पिता वीर बहादुर सिंह ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व उनके बड़े भाई नरेंद्र सिंह और उनके बीच 12 बिगहा जमीन का बंटवारा हुआ था। जिसमें उनके भाई का चार कट्ठा जमीन गड्ढे में चला गया था। जिसको लेकर वह कहता था की जमीन का दोबारा से बंटवारा होगा। लेकिन उन्होंने कहा कि मैं अपने हिस्से का एक कट्ठा जमीन बेचकर तुम्हारा गड्ढा भरवा दूंगा। गुरुवार की देर शाम वह अपने बेटे निखिल के साथ उनके घर पर आया और उनके बेटे अमन कुमार से तू-तू-मैं-मैं करने लगा। देखते हैं देखते बात बहुत बढ़ गई। जिसके बाद उसने उनके बेटे को चाकू मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी युवक के पिता वीर बहादुर सिंह ने अपने बड़े भाई नरेंद्र सिंह एवं उनके बेटे निखिल पर मारपीट करने एवं अपने बेटे को चाकू मारने का आरोप लगाया है।



# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

## मकई के खेत को पटाने गए थे, मोटर के टूटे तार से हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के मनीछपरा गांव के बाजार में मंगलवार की रात करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। घटना को लेकर लोग परिवार वालों में हड़कंप मच गया। मृतक मनीछपरा गांव निवासी जवाहर पांडेय 40 वर्षीय पुत्र रोहित रंजन है। वह पेशे से किसान थे। इधर,मृत किसान के चाचा राजकिशोर पांडेय ने बताया कि गांव की बाजार में वह अपने खेत में मकई बोए हुए हैं। इस खेत को पटाने के लिए प्रतिदिन सुबह-शाम जाते थे। कल देर शाम भी वह अपने खेत पटाने के लिए गए हुए थे। इस दौरान मोटर के टूटे विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। जब रात तक वापस घर नहीं लौटे तो परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई। इसी दौरान वह अपने खेत में गिरे मिले। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए मनी छपरा पीएससी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लेकिन परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर शव को लेकर आरा सदर अस्पताल पहुंचे।

आरा सदर अस्पताल के डॉक्टर ने देखकर उन्हें मृत्यु घोषित किया। इसके पश्चात परिजनों ने स्थानीय तन पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटना की सूचना मिलने के बाद सदर अस्पताल पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर इसका पंचनामा कराया। बताया जाता है कि मृत किसान के घर में पत्नी खुशबू देवी एक तीन वर्षीय बेटा अनुराग एवं तीन माह की बेटी आद्या पांडेय है। रोहित अपने दो बहन ज्योति और प्रीति से छोटे थे।

# दो पक्षों के बीच मारपीट,महिला समेत तीन जख्मी, मवेशी बांधने को लेकर हुआ था विवाद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के रत्नी गांव में सोमवार को मवेशी बांधने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से दंपति समेत तीन लोग जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में एक पक्ष से पवना थाना क्षेत्र के रत्नी निवासी काली सिंह उनकी पत्नी अनीता देवी एवं दूसरे पक्ष से उसी गांव की निवासी व उनकी भवाह शामिल हैं। इधर,काली सिंह ने बताया कि उनके घर के बाहर ही उनकी भवह अपनी गाय को बांधती है। जिसको लेकर उनके बीच बराबर नोकझोक होती रहती है। जब वह अपनी भवह को अपने घर के सामने मवेशी बांधने से मना किया तो उनके बीच बहस हुई। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट की। जिसमें तीनों लोग जख्मी हो गए।



**संपत्ति बंटवारे के विवाद को लेकर भतीजे ने की चाचा की पिटाईः** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में संपत्ति बंटवारे के विवाद को लेकर भतीजे ने चाचा की पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी अधेड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव निवासी स्व.इंद्रदेव प्रसाद के 54 वर्षीया पुत्र वीरेंद्र कुमार राय है। इधर वीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि उनके भाई से ही संपत्ति बंटवारे को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। उसी विवाद को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद उनके भतीजे द्वारा उनकी पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं दूसरी ओर जख्मी वीरेंद्र को ने अपने भतीजे बिट्टू यादव उर्फ निलेश पर धारदार हथियार से मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

♦ बहस के बाद हुई जमकर मारपीट

# संदेहास्पद स्थिति में बुजुर्ग की मौत, लकड़ी काटने का बकाया पैसा दिलवाने के नाम ले गया था भाई

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के जगदीशपुर थाना के दुल्हिनगंज गांव में मंगलवार की देर शाम संदेहास्पद स्थिति में एक अधेड़ की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक जगदीशपुर थाना इलाके के दुल्हिनगंज गांव निवासी स्व. केशवर नट के बेटे वकील नट(50) के रूप में हुआ है। इधर मृतक के नाती नीरज कुमार ने बताया कि उन्हें सिर्फ एक बेटी मिनता देवी है और कोई संतान नहीं। उनके छोटे भाई द्वारा बराबर उनके घर को अपने नाम लिखवाने के लिए कहा जाता है। जिसको लेकर उनके बीच अनबन थी। कुछ दिन पूर्व वह अपने छोटे भाई के साथ लकड़ी काटने गए थे। जिसका मजदूरी का पैसा उसके पास बकाया था और आज उनकी नातिन का जन्मदिन था। सभी लोग तैयारी कर रहे थे। इसी बीच उनका छोटा भाई घर आया और कहा कि तुम मेरे साथ बरनावं चलो मैं तुम्हारा बकाया पैसा दे दूंगा।



**बेहोशी की हालत में मिले थेः** इसके बाद वह उन्हें मैजिक पर बैठाकर अपने साथ बरनावं ले गया। एक घंटे बीत जाने के बाद जब वह लौटा तो उसके नाना बेहोशी के हालात में मैजिक वाहन में पड़े थे। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। वहीं दूसरी ओर मृतक के नाती नीरज कुमार ने उनके छोटे भाई पर पूर्व से चले आ रहे अनबन के कारण उन्हें गला दबाकर मारने की आशंका जताई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। मृतक अपने पांच भाई व पांच बहन में तीसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी मनोरमा देवी एवं एक पुत्री मिनता देवी है घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मनोरमा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ददन पहलवान घोड़े पर सवार होकर नामांकन के लिए पहुंचे

निज संवाददाता। बक्सर

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। बक्सर से आज दूसरा नामांकन निर्दलीय प्रत्याशी ददन पहलवान का हुआ, जो घोड़े पर सवार होकर अपना नामांकन करने पहुंचे थे। इसे देख लोग दंग रह गए। इतना ही नहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने वाला ये प्रत्याशी अपनी जीत के बड़े-बड़े दावे भी करते दिखाई दिया।

इस दौरान पूरे रास्ते समर्थक जिंदाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जिन्हें कलेक्ट्रेट गेट के पास ही घोड़े से उतरने के बाद अंदर जाने दिया गया। समर्थकों को गेट के बाहर ही रोक लिया गया। इसके साथ ही बक्सर लोकसभा से राजद के प्रत्याशी सुधाकर सिंह और राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगतानंद सिंह पर हमला बोलते दिखाई दिए। बता दें कि ददन पहलवान 1995 में सरकारी शिक्षक के पद त्याग पत्र देकर राजनीति में प्रवेश किया था। जो 2000 में चुनाव जीतने के बाद 2000 से 2005 तक वाणिज्य राज्य मंत्री के पद पर रहे। इसके बाद ददन सिंह यादव उर्फ ददन पहलवान ने 2014 का चुनाव बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के रूप में लड़ा, लेकिन हार गए। इसके बाद 2015 में वह जनता दल यू के सदस्य के रूप में 2015 में बिहार विधानसभा के सदस्य के रूप में डुमरांव से बिहार विधानसभा के लिए चुने गए। हालांकि, इस बार किसी पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय ही बक्सर लोकसभा 33 सीट से नामांकन करने अनोखे अंदाज में घोड़े पर सवार होकर गाजे-बाजे के साथ पहुंचे हुए थे। बक्सर लोकसभा की जनता बाहरी लोगों के कारण 55 साल से त्रस्त है। 80 साल के बुजुर्गों से पूछा जाए तो उन्होंने अपने सांसद का काफी चेहरा ही नहीं देखा है। चुनाव जीतने के बाद 4 साल 10 महीने लोग क्षेत्र में नजर नहीं आ रहे हैं।

# 9 करोड़ के मालिक हैं केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह

## 22 साल पुरानी कार, पति-पत्नी निवेश पर करते हैं भरोसा, पटना-सुपौल में हैं जमीन

निज संवाददाता। आरा

आरा लोकसभा से तीसरी बार चुनावी मैदान में उतरे एनडीए प्रत्याशी सह केंद्रीय ऊर्जा मंत्री राजकुमार सिंह ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। शपथ पत्र में आरके सिंह ने अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है। इनके पास लगभग साढ़े 9 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति है। गाड़ी मोटर से खास लगाव नहीं है। इनके पास 22 साल पहले खरीदी गई एक फियेट कार है। लेकिन पत्नी के पास लगभग 20 लख रुपए के आभूषण हैं। खुद सुरक्षित निवेश पर भरोसा करते हैं और बैंक में निवेश करते हैं। नामांकन पत्र में संपत्ति के ब्यूरो के अनुसार पत्नी ने नेस्ले, जिनो फिन,रिलायंस,इंफ्रा टीसीएस जैसी कंपनियों पर निवेश की है। आरके सिंह के पास सुपौल पटना एवं दिल्ली में अचल संपत्ति है। वर्ष 2022-23 में उनकी वार्षिक आय 42 लाख 7790 रुपए थी। यह आए उन्हें सरकारी पेंशन, किराया. खेती एवं वेतन से प्राप्त हुए हैं। केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। राजकुमार सिंह ने शपथ पत्र में बताया है कि उनके हाथ में 30 हजार रुपए नगद जबकि उनकी पत्नी के हाथ में 25 हजार नगद है। इसके अलावा दिल्ली स्थित स्टेट बैंक के एक ब्रांच में करीब 3 लाख 16 हजार रुपए है। इसी ब्रांच में 88 लाख 55 हजार रुपए की एफडी है। स्टेट बैंक सेक्रेटेरिएट ब्रांच पटना में 53 सौ 93 रुपए है। वही दिल्ली स्थित उनकी पत्नी के एचडीएफसी के बैंक के खाते में 17 हजार 528 रुपए है। इसी ब्रांच में 32 हजार 215 रुपए की एफडी भी है। उनके पास 12 लाख 25 हजार 828 रुपए के शेयर या बंध पत्र है।



**पटना में दो प्लॉटः** राजकुमार सिंह के पास पटना के रूपसपुर में दो प्लॉट, सुपौल में 1.659 एकड़ जमीन जिसमें पुश्तैनी जमीन भी शामिल है। फरीदाबाद में भी 1600 गज जमीन है। राजकुमार सिंह का सकल मूल्य 96 लाख 13 हजार 206 है जबकि उनकी पत्नी का सकल कुल मूल्य 43 लाख 571 रुपए है। पत्नी शीला देवी के नाम पर पटना के बेली रोड एवं गुरुग्राम में भी संपति है। राजकुमार सिंह बिहार के सुपौल निवासी हलदर प्रसाद सिंह उर्फ हलधर सिंह के पुत्र हैं। 1975 बैच के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी है। 2014 के लोकसभा चुनाव में पहली बार भाजपा के टिकट से चुनाव लड़े थे। इसके बाद से लगातार दो बार आरा लोकसभा से सांसद और पिछले 7 सालों से विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के मंत्री हैं। इस बार भी आरा लोकसभा सीट से हैट्रिक लगाने की तैयारी में लगे हैं।

# 'धर्म के साथ कर्म भी करें नरेन्द्र मोदी', तेजस्वी यादव की प्रधानमंत्री को नसीहत

निज संवाददाता

**पटना।** लोकसभा चुनाव का तापमान लगातार बढ़ रहा है। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कमर के बढ़े हुए दर्द के बीच ही लगातार चुनाव प्रचार में जी-जान लगा रहे हैं। बुधवार को चुनावी रैली के लिए झारखंड रवाना हुए। इससे पहले, उन्होंने एक बार फिर पीएम नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक तेवर दिखाए और कहा कि पीएम मोदी धर्म के साथ साथ कर्म की भी बात करें। तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री को भी पता है कि इस बार उनका जाना तय है। बिहार और




देश की जनता इस बार तानाशाही सरकार को हटाना चाहती है। उन्होंने तीसरे चरण के चुनाव को लेकर कहा कि तीसरे चरण के चुनाव में महागठबंधन अच्छी स्थिति में हैं। वो पूरी तरह से आत्मविश्वास में हैं कि चार जून को केंद्र में हमारे गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। आरक्षण को लेकर लालू प्रसाद के बयान और मोदी के विरोध को लेकर तेजस्वी ने कहा पीएम मोदी तो लालू जी का हमेशा विरोध करते हैं। उनके परिवार पर भी लगातार हमलावार हैं। दिन रात हम लोगों को बोलते रहते हैं। दूसरे राज्य में जाकर भी हमको गाली दे रहे हैं। हम तो बोले ही वो पीरजादे हैं, कुछ भी कह सकते हैं। प्रधानमंत्री खाली झूठ झूठ बोलते रहते हैं। तेजस्वी ने पीएम मोदी को सलाह देते हुए कहा कि हमारा धर्मशास्त्र सिखाता है कि धर्म के साथ साथ कर्म की भी बातें करनी चाहिए। तो पीएम मोदी भी धर्म के साथ थोड़ा कर्म की भी बात कर लें कि उन्होंने पिछले 10 सालों में क्या किया है। वहीं, आरक्षण को लेकर पीएम से सवाल पूछा कि हमने जो आरक्षण को बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया उसे 9वीं अनुसूची में क्यों नहीं डाल रहे। 12 मई को पीएम पटना में पहली बार रोड शो करेंगे जिसको लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि नौकरी के एजेंडे ने पीएम मोदी को सड़क पर ला दिया। अब जब आ रहे हैं तो उनसे पूछिएगा कि पटना यूनिवर्सिटी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा क्यों नहीं दे रहे हैं।

# माटी से आए सांसदों का रहा है दबदबा, कई प्रधानमंत्रियों ने दी अपनी कैबिनेट में जगह

निज संवाददाता

**पटना।** चौथे चरण के तहत बिहार के जिन पांच लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है उनमें बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र की खासियत इस मायने में है कि वहां के लोगों ने जिन्हें सांसद चुना उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर नरेंद्र मोदी तक के मंत्रिमंडल में जगह मिली। चौधरी चरण सिंह, राजीव गांधी व पीवी नरसिंह राव ने भी अपने मंत्रिमंडल में बेगूसराय को जगह दी। इसके अलावा बेगूसराय के लोगों ने ऐसे लोगों को भी अपना सांसद चुना है, जो अपने जमाने में राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य तो रहे ही साथ में प्रदेश की राजनीति में उनकी दमदार उपस्थिति रही।




दो बार बेगूसराय से चुने गए श्यामनंदन मिश्र विदेश मंत्री भी रहे। बेगूसराय से दो बार सांसद चुने गए श्यानंदन मिश्र जुलाई 1979 से 1980 तक केंद्र में विदेश मंत्री रहे। तब चरण सिंह प्रधानमंत्री थे। उसके पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू ने श्यामनंदन मिश्र को 1951-52 में अपना संसदीय सचिव बनाया था। वर्ष 1957 में उन्होंने केंद्र में योजना विभाग के उप मंत्री का काम भी संभाला। श्यामनंदन मिश्र के बाद कांग्रेस के टिकट पर कृष्णा शाही बेगूसराय की सांसद बनी थीं। वर्ष 1991 में भी वह जीतीं थीं। राजीव गांधी जिस समय प्रधानमंत्री थे उस समय वह केंद्र में मानव संसाधन विकास तथा जल संसाधन मंत्री थीं। इसके बाद पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में वह उद्योग, भारी उद्योग व सिविल सप्लाई व कंज्यूमर्स अफेयर्स विभाग की मंत्री रहीं।

## संविधान और आरक्षण पर दीपांकर भट्टाचार्य की खरी-खरी

**पटना।** भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य कहते हैं कि भाजपा संविधान बदलने व आरक्षण को खत्म करने की बात कर रही पर इस बहस को खुद भाजपा ने शुरू किया है। आजादी के 75 वर्ष पूरा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आर्थिक सलाहकार ने एक साक्षात्कार में स्वयं यह कहा कि संविधान पुराना हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह कह कह रहे कि आंबेडकर भी आ जाएं तो संविधान नहीं बदल सकते। आखिर वह यह क्यों नहीं कहते कि गुरु गोलवलकर भी आ जाएं तो संविधान नहीं बदल सकता। दीपांकर भट्टाचार्य से इस बार के आम चुनाव के अन्य मुद्दों पर विस्तार से बात हुई। उनसे बात की विशेष संवाददाता भुवनेश्वर वात्स्यायन ने। उनके दल ने लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ का जो नारा दिया था, वह आज पूरे देश का नारा बन चुका है। भाजपा भ्रष्टाचार की बात किस मुंह से करती है उसने तो भ्रष्टाचार संस्थागत स्वरूप प्रदान कर दिया है। इलेक्ट्रोरल बॉन्ड को आप क्या कहेंगे इसका जब खुलासा हुआ तो यह बात स्पष्ट रूप से सामने आयी कि भ्रष्टाचार किसने किया। भाजपा की हिप्पोक्रेसी समझ में आती है लोगों को। भाजपा तो इस विषय पर पीट चुकी है। वाशिंग मशीन व वाशिंग पाउडर के स्लोगन चल रहे।

# आरा में इस बार आर-पार की लड़ाई, जातीय समीकरण की मुख्य भूमिका

**पटना।** आरा लोकसभा क्षेत्र में एनडीए व महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर है। ऐसे में जातीय समीकरण को साधने के लिए दोनों गठबंधन के उम्मीदवारों को खूब पसीना बहाना पड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को तीसरी बार उम्मीदवार बनाकर भाजपा यहां से जीत की हैट्रिक लगाकर इतिहास रचने की तैयारी में है। वहीं भाकपा माले के उम्मीदवार सुदामा प्रसाद भी जीत हासिल कर इतिहास दोहराने की पुरजोर कोशिश में हैं। 1989 में आरा से रामेश्वर प्रसाद जो इंडियन पीपुल्स फ्रंट (अब भाकपा माले) के उम्मीदवार थे, जीत दर्ज कर संसद पहुंचे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के आरके सिंह को 5,66,480 वोट मिले थे और उनके प्रतिद्वंदी भाकपा माले के राजू यादव को 4,19,195 वोट मिले थे। तब जीत का अंतर 13.6 प्रतिशत का था। हालांकि तब मोदी लहर थी, लेकिन इस बार भीषण गर्मी में हवा का रुख अलहदा है। इसलिए आरा हॉट सीट बन गया है। लगातार दो जीत से चर्चा में आए केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और माले के तरारी विधानसभा विधायक सुदामा प्रसाद के बीच इस बार यहां की चुनावी जंग आर-पार के मोड में दिख रही है, जिसमें जातीय समीकरण की मुख्य भूमिका होगी। यदि आरके सिंह यहां से जीते तो वे लगातार तीसरी जीत का रिकॉर्ड बनाएंगे, क्योंकि आरा ने किसी को लगातार तीसरी बार चुनकर संसद नहीं भेजा है। चंद्रदेव प्रसाद वर्मा यहां से एकमात्र सांसद हुए, जो 1977 और 1980 में लगातार दो बार जीते। इसके बाद 1996 में उन्हें जीत मिली। आरा के चुनावी रण में जातीय समीकरण अपनी जगह है। रुचिकर यह है कि इस जंग में रोजगार अहम मुद्दा बनकर उभरा है। इसे यूं समझें कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रो.एसएन सिन्हा कहते हैं- मोदी सरकार के दस वर्षों में रोजगार पर काम नहीं हुआ। पढ़े-लिखे युवाओं में बेरोजगारी बढ़ रही है, युवा हताश भी हैं। रोजगार के सवाल पर उदवंतनगर निवासी समाजसेवी डा.राजेन्द्र सिंह भी मुखर होकर कहते हैं- यदि बच्चों को पढ़ा रहे हैं तो नौकरियां भी चाहिए। सरकार धीरे-धीरे नौकरियां खत्म करती जा रही हैं। ऐसे में पढ़े-लिखे युवा क्या करेंगे। हालांकि प्रो.केसी तिवारी स्वीकार करते हैं- हां, रोजगार अहम मुद्दा है। बीते दस सालों में देश में नौकरियों की अपेक्षा रोजगार सृजन में तेजी जरूर आई है, लेकिन चुनाव में तो जातीय समीकरण का रंग ही हर जगह चढ़ रहा है। इसने इलाके के लोगों को भी बांट दिया है। जाहिर है, अगड़ी जाति के ज्यादातर मतदाता जहां आरा सीट पर एनडीए के आरके सिंह की जीत का दावा कर रहे हैं, वहीं महागठबंधन पिछड़ी, अतिपिछड़े और दलित जातियों के पक्ष में गोलबंदी में जुटा है। वैसे समाज के वंचित तबकों से ताल्लुक रखने वाले लोगों का एक बड़ा हिस्सा नीतीश कुमार का भी समर्थन करता नजर आ रहा है। आरा से हर रोज पटना आकर मेडिकल स्टोर में काम करने वाले विज्ञान में स्नातक उत्तीर्ण योगेश कुमार सिंह नाराजगी से कहते हैं- मुझको एक अदद नौकरी की जरूरत है, जो उन्हें बीते 10 बरसों से नहीं मिली है। पहले ट्यूशन पढ़ाकर अपना गुजर-बसर करता था। अब ब्याह हो गया तो परिवार चलाने के लिए मेडिकल स्टोर में काम करता हूं। योगेश अपनी बेरोजगारी का ठीकरा नीतीश सरकार पर फोड़ते हैं। कहते हैं-इस सरकार ने पिछड़ी जातियों के लिए रोजगार तो दे दिया, लेकिन हमारा क्या? हम भी गरीब हैं लेकिन हमारी बात कोई नहीं सुन रहा। चुनाव में नेता सब तो जातियों को ही रिझाने में जुटे हुए हैं। आरा में वोटों का समीकरण जातीय गोलंबदी में उलझा हुआ है।

# वाम दल के नए दावे से खुश हो जाएंगे लालू यादव, इंडी गठबंधन को भी मिलेगी एनर्जी

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार में चौथे चरण के मतदान के पहले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के दावे से लालू यादव और इंडी गठबंधन की पार्टियां खुश हो सकती हैं। दरअसल, भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने भाजपा को लेकप एक ऐसा दावा किया है, जिसे सुनते ही आरजेडी और इंडी गठबंधन को एनर्जी मिल सकती है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय



ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही मालिक है। लोकसभा चुनाव में जनता ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जाकर मतदान किया है। यही वजह है कि तीसरे चरण के चुनाव के बाद भाजपा ने अपनी हार मान ली है। भाकपा नेता ने कहा कि तीसरे चरण का चुनाव समाप्त होते ही 284 लोकसभा सीटों पर देश में चुनाव संपन्न हो गया है। जिसमें बिहार की 14 सीटें भी शामिल हैं। जनता ने केंद्र की सत्ता से भाजपा की विदाई तय कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी हार को देखते हुए हिन्दू-मुस्लिम, पाकिस्तान, मंगलसूत्र और आरक्षण पर आ गए हैं। जबकि, जनता केंद्र से मोदी सरकार को हटाने का फैसला कर चुकी है।

## म्यूजियम में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**पटना (नि.सं.)।** म्यूजियम में बुधवार को करीब 12.15 बजे आंतरिक हिस्से में आग लग गई। छज्जू बाग स्थित प्राचीन म्यूजियम में आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई है। आज की लपका और धुएं से बचाव राहत कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। पटना पुलिस में एहतियात के तौर पर कोतवाली थाना क्षेत्र और पटना म्यूजियम के आसपास की यातायात व्यवस्था में बदलाव कर दिया है। दमकल की गाड़ियों को आवागमन में कोई बाधा नहीं उत्पन्न हो, इसलिए ट्रैफिक में बदलाव कर दिया है। अब तक नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर अभी इसे लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पटना म्यूजियम में आग बुझाने में दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

# छठे चरण में बच गए केवल 89 उम्मीदवार, 55 के नामांकन पर्चे हो गए रद्द

निज संवाददाता

**पटना।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच मंगलवार को की गई। इसमें कुल 89 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। जबकि, विभिन्न कारणों से 55 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए। छठे चरण में वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सिवान एवं महाराजगंज लोकसभा क्षेत्रों में कुल 144 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के बाद सर्वाधिक 15 प्रत्याशी वैशाली लोकसभा क्षेत्र में रह गए हैं। इसके अलावा वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में 10, पश्चिम चंपारण लोकसभा




क्षेत्र में आठ, पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में 13, शिवहर लोकसभा क्षेत्र में 13, गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र में 11, सिवान लोकसभा क्षेत्र में 13 और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में छह प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। इस चरण में प्रत्याशियों की नाम वापसी की अंतिम तिथि नौ मई (गुरुवार) निर्धारित की गई है, जबकि मतदान 25 मई को कराया जाएगा। अंतिम व सातवें चरण के लिए पहले दिन 15 ने किया नामांकन सातवें चरण वाले लोकसभा क्षेत्रों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्रों में मंगलवार से नामांकन काम शुरू हो गया। पहले दिन कुल 15 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

# अनंत सिंह को छोटे सरकार क्यों कहा जाता है, ललन सिंह ने खोल दिया राज

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार के बाहुबली नेता और मोकामा से पूर्व विधायक अनंत के जेल से बाहर निकलने पर राज्य की सियासत तेज हो गई है। अनंत सिंह के बाहर निकलते ही मुंगेर लोकसभा सीट अब और अधिक चर्चा में आ गई है। ललन सिंह इस सीट पर फिर कब्जा जमाने के लिए हर सियासी चाल का उपयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में ललन सिंह ने इस बार अनंत सिंह की सियासी धाक का जमकर इस्तेमाल किया। ललन सिंह ने बीच सभा में अनंत सिंह की जमकर तारीफ की और लालू-रबड़ी परिवार पर खूब बरसे। ललन सिंह ने मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पूरा इलाका तो अनंत बाबू का है। यहां अनंत बाबू ने खूब काम किया। यहां कम अन्याय नहीं होता था लेकिन अनंत बाबू यहां न्याय करते थे। ललन सिंह ने कहा




कि अनंत सिंह इस इलाके में हर लोगों के साथ न्याय करते थे। इसलिए उन्हें छोटे सरकार कहा जाता है। अनंत सिंह हमेशा अपने इलाके में हर वर्ग के लोगों के लिए काम करते थे, किसी के साथ भेदभाव नहीं करते थे। अनंत सिंह इस दौरान अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी मौजूद रहीं। बता दें कि अनंत सिंह ने जेल से निकलने के साथ ही कहा था कि ललन सिंह 5 लाख से अधिक वोटों से जीतेंगे। ललन सिंह ने कहा कि आज के नौजवानों को लालू का शासन याद नहीं होगा, क्योंकि ये लोग उस समय 5 से 6 साल के रहे होंगे। लेकिन जो भी बुजुर्ग हैं, उनसे पूछिए कि कैसा माहौल था उस समय। आतंक का साया था, लोग डक के मारे घर से बाहर नहीं निकलते थे।

## झूठ बोलने की मशीन हैं लालू यादव, राजद सुप्रीमो पर भड़की जदयू

**पटना (नि.सं.)।** जदयू के प्रवक्ताओं ने बुधवार को कहा कि मंडल कमीशन की बैठक तक में शामिल नहीं होने वाले लालू प्रसाद आज लोगों के बीच भ्रम फैला रहे हैं। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जदयू के प्रदेश प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव, अरविंद निषाद व धीरज कुशवाहा ने यह बात कही। जदयू प्रवक्ताओं ने कहा कि लालू प्रसाद असल में झूठ बोलने की मशीन हैं। इस चुनाव में वह मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लेकर जनता का भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। लालू प्रसाद मंडल कमीशन की रिपोर्ट केंद्रीय स्तर पर लागू करने का दावा कर रहे पर वह मंडल कमीशन को लेकर हुई बैठक में कभी शामिल ही नहीं हुए। जदयू प्रवक्ताओं ने कहा कि जिस कांग्रेस की गोद में बैठकर वह राजनीति कर रहे उस कांग्रेस से उन्हें यह पूछना चाहिए कि कांग्रेस ने आखिर केंद्र की नौकरियों में आरक्षण क्यों नहीं दिया।

# जदयू नेता रंजन यादव एक बार फिर राजद में होंगें शामिल, लालू यादव की मौजूदगी में लेंगें सदस्यता

निज संवाददाता

**पटना।** पाटलिपुत्र संसदीय सीट से कभी लालू प्रसाद को पटखनी देने वाले जदयू नेता रंजन यादव एक बार फिर राजद में शामिल होंगे। बुधवार यानी 8 मई की शाम वे 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास पहुंच राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद की मौजूदगी में राजद की सदस्यता लेंगे। रंजन यादव किसी दौर में लालू प्रसाद के मित्रों की श्रेणी में शामिल थे। लालू प्रसाद के अधिकांश फैसलों में रंजन यादव उनके साथ रहे। रंजन यादव दो बार राज्यसभा सदस्य भी रहे। दोनों बार जनता दल ने उन्हें यह




मौका दिया। पहली बार 1990 से 1996 और इसके बाद 1996 से 2002 तक, लेकिन इसके बाद वे राजद छोड़ जदयू में शामिल हो गए। जदयू ने उन्हें 2009 के लोकसभा चुनाव में पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया। उनका मुकाबला राजद नेता और पुराने मित्र लालू प्रसाद से होना था। इस चुनाव लालू प्रसाद अपने मित्र रंजन यादव से पराजित रहे। बाद में उनका जदयू से भी मोहभंग हुआ और वे कुछ दिनों के लिए भाजपा में आए। इसके पूर्व उन्होंने अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राष्ट्रवादी) भी बनाई, लेकिन समय के साथ वे राजनीति के हाशिये पर चले गए। अब रंजन यादव एक बार फिर राजनीति में वापसी कर रहे हैं। वे अपने पुराने मित्र लालू प्रसाद और पार्टी राजद की सदस्यता ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार रंजन यादव बुधवार की शाम पटना स्थित राबड़ी आवास पहुंच लालू प्रसाद की उपस्थिति में राजद की सदस्यता लेंगे। बता दें कि इस बार पाटलीपुत्र सीट से लालू की बड़ी बेटी राजद के टिकट पर मैदान में हैं। रंजन यादव के राजद में शामिल होने से उन्हें काफी फायदा मिलेगा।

# सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का षड्यंत्र रचने वाले पांच आरोपितों को पटना हाईकोर्ट ने दिया झटका

निज संवाददाता

**पटना।** वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना दौरे के दौरान गड़बड़ी फैलाने और संविधान को पलट कर इस्लामी कानून स्थापित कर देश में सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का षड्यंत्र रचने वाले पांच आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका को पटना हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। पटना हाईकोर्ट के इस निर्णय से अब इन दोनों संगठनों की मुश्किलें बिहार में बढ़ने वाली है। जज विपुल एम. पंचोली एवं न्यायाधीश रमेश चंद मालवीय की खंडपीठ ने मंजर आलम एवं चार अन्य आरोपितों की आपराधिक अपीलों को खारिज कर दिया। वे सभी प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स फ्रंट आफ इंडिया और स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया के सदस्य हैं। खंडपीठ ने पाया कि आरोपितों के विरुद्ध राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को इस षड्यंत्र में पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। एजेंसी ने कई संवेदनशील साक्ष्यों का हवाला देते हुए उस षड्यंत्र के दो



मुख्य आरोपितों मोहम्मद जलालुद्दीन और अतहर परवेज के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। हाई कोर्ट ने यह भी पाया कि आरोपितों द्वारा उक्त षड्यंत्रों को अंजाम देने के लिए उपयोग किए गए मोबाइल फोन व डिजिटल उपकरणों की जांच एजेंसी ने बरामदगी के बाद सरकारी तकनीकी लैब में की थी। अनुसंधान के दौरान संवेदनशील डेटा प्राप्त किया गया, जिसमें हजारों वीडियो मिले हैं। उनमें षड्यंत्र के बारे में बताया गया है और इन सभी आरोपितों की संलिप्तता के साक्ष्य भी मिले हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के भावी दौरे में गड़बड़ी के षड्यंत्र की सूचना मिलने के बाद 11 जुलाई, 2022 को पटना पुलिस ने फुलवारीशरीफ में मो. जलालुद्दीन के घर पर छापेमारी कर उसके किरायेदार ताहिर परवेज से कई संवेदनशील दस्तावेज और उपकरण बरामद किए थे। देश में सांप्रदायिक तनाव और देश की अखंडता के विरुद्ध षड्यंत्र की घटना पुलिस में दर्ज की गई थी। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने 22 जुलाई, 2022 को जांच कराने का निर्णय लिया था। गिरफ्तार जलालुद्दीन और अतहर ने अपनी स्वीकारोक्ति रिपोर्ट में षड्यंत्र में सम्मिलित अपने दूसरे साथियों का भी नाम लिया था। इस पूरे मामले में केंद्र सरकार के वकील केएन सिंह ने अग्रिम जमानत का कड़ा विरोध किया। इस षड्यंत्र के तहत प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआइ) और स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया (सिमी) से जुड़े लोगों को संगठित कर चार चरणों में पूरे देश में धार्मिक उन्माद फैलाया जाना था, ताकि भारतीय संविधान को पलट कर इस्लामिक राज स्थापित किया जा सके। षड्यंत्र के चारों चरणों को पूरा करते ही बाहरी देशों की शक्ति का सहारा लेकर पीएफआइ अखिल भारतीय इस्लामिक कानून को लागू करना चाहता था। इन चारों षड्यंत्रों को पूरा करने के बाद विदेशी शक्तियों का सहारा लेकर पीएफआइ संविधान की जगह आल इंडिया इस्लामिक ला लागू करना चाहता था।

## राजद की हरकतों से राहुल-प्रियंका नाराज

**पटना।** कांग्रेस के साथ महागठबंधन के दूसरे घटक दल भी उनकी (राहुल गांधी और प्रियंका गांधी) चुनावी सभाओं की अपेक्षा जता रहे हैं, लेकिन उन दोनों के पास बिहार के लिए समय नहीं। यह उलाहना नहीं, बल्कि वास्तविक स्थिति है। बिहार में तो अब तक राहुल की एकमात्र सभा हुई है और आगे छठे चरण से पहले कोई संभावना भी नहीं। अलबत्ता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चौथे और पांचवें चरण में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा के लिए दूसरी बार बिहार आने वाले हैं। 40 संसदीय क्षेत्रों वाले बिहार में चुनावी प्रक्रिया सात चरणों में पूरी होनी है। चौथा चरण अपने समापन की ओर है। कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार-प्रसार के लिए खरगे फिर भी समय निकाल ले रहे हैं, लेकिन राहुल को दक्षिणी और प्रियंका को उत्तरी राज्यों से ही फुर्सत नहीं। उन राज्यों में दोनों की इतनी अधिक मांग है और वहां बिहार की तुलना में कांग्रेस के लिए संभावना भी अपेक्षाकृत अधिक है।

# मुसलमानों के आरक्षण पर अब तेजस्वी ने दिया बवाल मचाने वाला रिएक्शन

निज संवाददाता

**पटना।** मुसलमानों को आरक्षण के मामले पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद का बयान आने के बाद अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आरक्षण का सबसे बड़ा विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि आरक्षण के साथ ही भाजपा दलित, पिछड़ा, आदिवासी, गरीब एवं बहुजन विरोधी भी है। नेता प्रतिपक्ष ने मंगलवार को कहा कि बिहार में मात्र 17 महीनों में महागठबंधन की सरकार में हमारे नेतृत्व में सरकार ने राजद के सामाजिक न्याय, नीतियों एवं प्रतिबद्धता के चलते देश में पहली बार जाति आधारित गणना कराई और आरक्षण सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमारी पहल पर ही बिहार कैबिनेट ने राज्य सरकार की



नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में वंचित जातियों का आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किए जाने संबंधी संशोधित प्रविधानों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार से बार-बार अनुरोध किया, लेकिन आरक्षण विरोधी भाजपा सरकार ने गलत मंशा के चलते अभी तक इसे नौवीं अनुसूची में नहीं शामिल किया। तेजस्वी ने कहा कि मोदी सरकार ने देशभर में जाति आधारित गणना कराने के हमारे प्रस्ताव को कभी भी स्वीकृति ही नहीं दी, बल्कि इसे रुकवाने के देश के सालिसिटर जनरल को भी सुप्रीम कोर्ट में खड़ा किया। इन बातों से स्पष्ट होता है कि भाजपा और मोदी सरकार आरक्षण और वंचित वर्गों के उत्थान की घोर विरोधी है।

## संक्षिप्त समाचार

### यौन शोषण कर हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**भागलपुर**। बच्चे का अप्राकृतिक यौन शोषण कर उसकी हत्या करने के मामले में आरोपी संदीप आनंद को एडीजे सात व पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने दोषी करार दिया है। दोषी संदीप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। संदीप पर 12 वर्ष के बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने और उसकी हत्या का आरोप था। घटना तिलकामांझी इलाके की है। बच्चे के पिता ने केस दर्ज कराया था। कोर्ट ने संदीप को एक मई को दोषी करार दिया था। मंगलवार को सजा सुनाई गई। सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक नरेश प्रसाद राम और जयकरण गुप्ता ने बताया कि कोर्ट ने संदीप आनंद को धारा 302 में आजीवन कारावास और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

### "सर्विस बुक को दीमक चाट जाने की समुचित जांच हो'

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय के जमालपुर कॉलेज जमालपुर में बीते 4 मई को सर्विस बुक को दीमक चाट जाने की घटना तुल पकड़ने लगी है। कॉलेज में कार्यरत एवं अवकाशप्राप्त शिक्षक एवं कर्मी अविलंब इसकी समुचित जांच की मांग कर रहे हैं। साथ ही कॉलेज में कार्यरत एवं अवकाशप्राप्त शिक्षकों ने इसे संबंधित प्रशासनिक स्तर पर व्यापक लापरवाही का परिणाम बताया। जिसका खामियाजा बेवजह शिक्षकों एवं कर्मियों को भुगतना पड़ेगा। शिक्षकों ने प्रभावित कॉलेज कर्मियों के नए सर्विस बुक को तैयार करने की मांग रजिस्ट्रार से की है। दरअसल कॉलेज के शिक्षकों को यह डर सताने लगा है कि अगर इसकी समुचित जांच नहीं हुई, तो लापरवाही सामने नहीं आएगी और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति हो सकती है। उन्हें लगने लगा है कि यह लापरवाही की हद है जिसमें उनके सर्विस का सारा रिकॉर्ड ही असुरक्षित है। 4 मई को यह सनसनीखेज जानकारी सामने आई थी। जब जमालपुर कॉलेज में धूप में सूखते हुए सर्विस बुक की दुर्दशा देखी गई। जिसमें कॉलेज में कार्यरत एवं अवकाश प्राप्त कई शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों का सर्विस बुक दीमक चाट गया था। 7 शिक्षकों ने विवि के रजिस्ट्रार को लिखा पत्र इस लापरवाही की जांच एवं प्रभावित शिक्षकों एवं कर्मियों का नया सर्विस बुक तैयार किए जाने का कॉलेज प्रशासन को आदेश दिए जाने को लेकर कॉलेज के कार्यरत एवं अवकाशप्राप्त शिक्षकों ने मंगलवार को रजिस्ट्रार को पत्र लिखा है। कॉलेज के शिक्षक डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. चंदन, डॉ. एके प्रभाकर, डॉ. मुकेश, कुमकुम सिंह, रूबी कुमारी, डॉ. जाकिया आदि ने कहा है कि शिक्षकों के वर्षों के कार्यकाल का रिकॉर्ड पूरी तरह बर्बाद हो गया। सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से रिकॉर्ड का नहीं रखा जाना हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ है।


### मकान मालिकों को नगर निगम ने भेजा नोटिस

**मुंगेर**। मुंगेर नगर निगम क्षेत्र में धड़ल्ले से बेसमेंट व बिना नक्शा पास कराये मकान बन रहे हैं। नगर निगम प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को 5 मकान मालिकों को जो बिना नक्शा पास कराये ही अवैध तरीके से मकान का निर्माण कार्य करा रहे हैं, उसे नोटिस जारी किया है। जिस मकान मालिक को नोटिस जारी किया है, उसमें पूरबसराय के सुनील कुमार सिन्हा, अंबे चौक के अमित कुमार यादव, गार्डन बाजार के सरोज यादव, बड़ी बाजार के अजय सिंह बच्चन, विजय कुमार सिंह, ध्रुव प्रसाद सिंह को भेजा गया है। उप नगर आयुक्त आशुतोष कुमार ने बताया कि बिना नक्शा पास कराये ही नगर निगम क्षेत्र में बन रहे मकान के खिलाफ अब लगातार अभियान चलाया जाएगा।

### लापरवाही बरतने पर पोलिंग कर्मी मो. लुकमान निलंबित

**मुंगेर**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिक ारी अवनीश कुमार सिंह ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही व कर्तव्य के प्रति उदासीनता बरतने के आरोप में एक पोलिंग कर्मी के खिलाफ चुनाव दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित करने का आदेश दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जमुई-40 लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत तारापुर विधानसभा-164 के निर्वाचन क्षेत्र में पोलिंग कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की थी, जिसमें प्रखंड शिक्षक मोहम्मद लुकमान ने 17 अप्रैल को योगदान नहीं दिया था। 25 अप्रैल को लुकमान से स्पष्टीकरण मांगा गया था, परंतु उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। मोहम्मद लुकमान ने अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया। इसके अलावा मोबाइल पर भी सूचना जिला कार्मिक कोषांग से देने का प्रयास किया गया, परंतु फोन रिसीव नहीं करना अनुशासनहीनता को दर्शाता है। ोहम्मद लुकमान कन्या मध्य विद्यालय महगामा, पो. घटवारी, थाना लड़ैयाटांड, धरहरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि जिस भी प्रशिक्षण में जो भी कर्मी अनुपस्थित पाए गए उनके खिलाफ स्पष्टीकारण मांगा गया है। मुंगेर संसदीय सीट के लिए 11 मई को डिस्पैच सेंटर डीजे कॉलेज में अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होगी।

### ईवीएम डिस्पैच सेंटर निर्माण अंतिम चरण में



**मुंगेर**। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के चौथे चरण में मुंगेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र-28 में होने वाले निर्वाचन कार्य की अंतिम चरण में तैयारी चल रही है। प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह व जिला निर्वाचन पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अगुवाई में मंगलवार को आरडी एंड डीजे कॉलेज में बने वज्र गृह का निरीक्षण किया गया। मौके पर नगर आयुक्त निखिल धनराज निप्पणीकर, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवव्रत मिश्र, डीडीसी अजीत कुमार सिंह, एसडीओ सहित अन्य थे। प्रमंडलीय आयुक्त ने मुंगेर संसदीय क्षेत्र के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के वज्र गृह जहां ईवीएम मशीनों को व्यवस्थित ढंग से रखने, उसकी सुरक्षा, मतगणना हॉल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया गया कि वज्र गृह में ईवीएम रख रखाव व उसके सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुंगेर व जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम डिस्पैच सेंटर का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। 11 मई को ईवीएम का डिस्पैच किया जाएगा। वहीं सभी पीठासीन पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों व अन्य मतदान कर्मियों को मतदान कार्य के लिए ब्रीफिंग की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही 13 मई को मतदान कार्य पूरा होने के पश्चात ईवीएम रिसीविंग का कार्य भी आरडी एंड डीजे कॉलेज स्थित वज्र गृह में ही किया जाएगा। ईवीएम डिस्पैच व रिसीविंग के अलावा मतगणना के लिए भी पर्याप्त दंडाधिकारियों व कर्मियों की व्यवस्था की गई है। आयुक्त ने वज्र गृह की तैयारियों पर संतुष्टि जाहिर करते हुए पारदर्शी व शांतिपूर्ण मतदान कराने का निर्देश दिया।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डे केयर सेंटर खुला तो थैलेसीमिया के 1844 मरीजों को मिली राहत

**भागलपुर**। मायागंज अस्पताल के डे केयर सेंटर में थैलेसीमिया के मरीजों को दिन में भर्ती कर इलाज करने की सुविधा के बाद अब संख्या लगातार बढ़ रही है। पहले हर माह 50 से 60 मरीजों का इलाज होता था, अब यहां हर माह करीब 100 मरीजों का इलाज हो रहा है। वर्ष 2023 में 1187 मरीजों का इलाज हुआ और उन्हें फ्री में खून दिया गया तो वर्ष 2024 में अबतक 657 मरीजों का इलाज हो चुका है। इन मरीजों को ब्लड बैंक से 2023 में 1700 यूनिट और 2024 में अबतक 630 यूनिट फ्री खून दिया गया है। वहीं सदर अस्पताल से वर्ष 2023 में सिर्फ पांच यूनिट खून तीन मरीजों को दिया गया, जबकि वर्ष 2024 में एक भी मरीज को खून नहीं मिला। जबकि नियम के अनुसार हर ब्लड बैंक को ऐसे मरीजों को फ्री खून देना है, लेकिन आसपास के जिलों के मरीजों का दबाव भी मायागंज अस्पताल के ब्लड बैंक पर है। स्थायी निदान बोन मैरो ट्रांसप्लांट शिशु रोग विभाग से रिटायर एचओडी प्रो. डॉ. आरके सिन्हा कहते हैं कि जब गर्भ में शिशु पल रहा हो, उस वक्त एक जांच कराकर गर्भस्थ शिशु को थैलेसीमिया की बीमारी होने से बचाया जा सकता है। इस बीमारी से मुक्ति के लिए महंगे खर्च वाला बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराना होगा, तभी इसका स्थायी समाधान संभव है।

# अशोक महतो बोले-मेरे सामने अनंत सिंह की औकात नहीं, मोकामा में लोगों को उठा-उठाकर ले जा रहे हैं

**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर लोकसभा सीट पर 13 मई को वोटिंग होनी है। मुंगेर सीट पर सियासी बवाल भी मचा हुआ है। पूर्व विधायक अनंत सिंह के बाहर निकलने के बाद क्षेत्र में चहल-पहल भी तेज हो गई है। ऐसे में अब इस मामले पर राजद प्रत्याशी अनीता महतो के पति अशोक महतो का बयान सामने आया है। उन्होंने अनंत सिंह पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने धमकी भरे लहजा में कहा कि हम शेर हैं। पिंजरे में नहीं रह सकते। हम फौलाद हैं। अगर कुछ हुआ तो आग लगा देंगे। कुछ करके तो देखें। मेरे सामने अनंत सिंह की औकात नहीं है। अशोक महतो कभी पैक नहीं हुआ था और न कभी पैक होगा। वह जनता के लिए काम करता रहेगा। वो जनता के सेवक है। आगे अशोक महतो ने कहा कि अनंत सिंह पैरोल पर बाहर आकर वोटरों को धमका रहे हैं। हमारे साथ चलने वाले मुखिया और जिला परिषद को फोन कर धमकी दे रहे हैं। जनता हमारे साथ है। वे लोग हार के डर से बौखला रहे हैं।

**पैरोल पर आए अनंत सिंह पर राजनीति गर्मः** मुंगेर लोकसभा सीट हॉट-सीट बन गई है। यहां अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। पहले ललन सिंह का कई स्थानों पर विरोध हुआ। काले झंडे दिखाए गए। फिर पुलिस ने उन लोगों पर FIR कर गिरफ्तार कर लिया। अब अनंत सिंह पैरोल पर बाहर आए तो फिर राजनीति गर्म हो गई है।

**अशोक महतो ने पूछा- क्या**



**अनंत सिंह अपराधी नहीं हैः** मुंगेर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार अनीता महतो के पति अशोक महतो ने कहा कि अनंत सिंह चुनाव को प्रभावित करने के लिए पैरोल पर बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी जेल गया था। मुझे भी पैरोल मिला था। फिर भी ढाई महीने तक अंदर रोका गया था। मैं अपराधी था तो मुझे रोका गया, क्या वह अपराधी नहीं है? अशोक महतो ने कहा कि अनंत सिंह वोटरों को डरा धमका रहे हैं। हमारे साथ चलने वाले मुखिया, पंचायत समिति सदस्य को वह फोन कर धमकी दे रहे हैं। वह पैरोल पर जमीन बंटवारे के लिए मापी करवाने नहीं बल्कि वोटरों को वोट बंटवारा के लिए बाहर निकले हैं। वह क्षेत्र में घूम-घूम कर वोटरों को डरा धमका रहे हैं। लेकिन उनकी नहीं चलेगी। मतदाता हमारे साथ है। वह लोग हार के डर से बौखला गए हैं। इसलिए फोन कर लोगों को धमकाया जा रहा है। हमारे साथ चलने वाले जिला परिषद सदस्य को भी जबरदस्ती साथ चलने से रोका जा रहा है। यह सही नहीं है।

### ♦ सुधरे नहीं तो आग लगा दूंगा

अशोक महतो ने कहा कि जनता का मूड हमारे साथ है। अनंत सिंह को मुझे पैक करने के लिए निकाला गया है, यह गलत है। उन्होंने धमकी भरे लहजे में कहा कि हम शेर हैं पिंजरे में नहीं रह सकते। हम फौलाद हैं अगर कुछ हुआ तो आग लगा देंगे। कुछ करके तो देखे। अशोक महतो कभी पैक नहीं हुआ था और न कभी पैक होगा। वह जनता के लिए काम करता रहेगा। वे जनता के सेवक हैं।

# ट्रक की चपेट में आने से शख्स की मौत

**निज संवाददाता। भागलपुर**


भागलपुर में सड़क हादसे में घायल राजमिस्त्री की मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दरअसल, सोमवार को राजमिस्त्री का काम कर मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान ट्रक के चपेट में आ गया, जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई मरने वाले की पहचान महेरमा थाना क्षेत्र के निवासी गोपाल मंडल (35) के रूप में की गई है। मृतक के तीन बेटे और दो बेटी है। वह मजदूरी कर अपना घर का भरण-पोषण करता था। सोमवार को भी मजदूरी कर घर वापस लौट रहा था।



इसी दौरान ट्रक के चपेट में आ गया, जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार को मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक और बाइक को जब्त कर लिया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार को मजदूरी कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बुवारीजोर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। स्थानीय लोगों के मदद से घटना की जानकारी पुलिस ने दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे। ओर प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया ।

# भागलपुर में छात्राओं ने DM-DEO कार्यालय का किया घेराव, अपने क्षेत्र में 9वीं में नामांकन की कर रहे हैं मांग

## शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में बिहार में शिक्षा विभाग के एक विशेष निर्देश के तहत ही जिले के तमाम अष्ठम उत्तीर्ण छात्रों का नवीं में नामांकन संभव है। इसी दौरान मंगलवार को नाथनगर, कहलगांव तथा अन्य प्रखंड के सैकड़ों बच्चों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष उग्र प्रदर्शन किया। छात्र कहते हैं कि आठवीं कक्षा के बाद हमें जिस विद्यालय में नामांकन करनी है वो हमारे पोषक क्षेत्र से बहुत दूर है। हम जहां नजदीक के विद्यालय में नामांकन कराना चाहते हैं उस विद्यालय के प्राचार्य कहते हैं कि जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुमति पत्र पर हस्ताक्षर ले कर आओ। वहीं जब जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय आते हैं तो हमलोगों के साथ टाल मटोल किया जाता है।इस मामले को लेकर आज जिले के कई प्रखंड के बच्चों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय व जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने बिहार के शिक्षा विभाग के ACS केके पाठक और जिला शिक्षा पदाधिकारी के नाम मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। बहरहाल छात्रों का आवेदन जिलाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारियों ने रख ली है। **छात्र परिषद ने जताया विरोधः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि पोषक क्षेत्र से 500 मीटर की दूर पड़ता है नजदीक वाले स्कूल में एडमिशन नहीं लिया जा रहा है। प्रधानाचार्य से जब बात करते हैं तो उन लोगों का कहना होता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी से हस्ताक्षर कर लेते आओ हम लोग ट्रेन से आते हैं हम लोगों को परेशानियां होती है। टाइम पर खाना नहीं खा पाते हैं। अगर हम लोगों का नजदीक के स्कूल में एडमिशन हो जाए तो हम लोगों की परेशानियां खत्म हो जाएगी, अगर हम लोगों की मांग पूरी नहीं होती है तो हम लोग मजबूरन उग्र आंदोलन करेंगे।

# तीन दिन तक फिल्ड में जांच करेंगे अफसर, जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिया आदेश

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने जिलास्तरीय, अनुमंडलस्तरीय, प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी को लगातार तीन दिनों तक क्षेत्र में रहकर जांच से संबंधित विगत एक वर्ष के सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने एवं करवाने का आदेश दिए। उन्होंने कहा कि जांच के सीपीग्राम के लंबित आवेदनों को पहली प्राथमिकता तथा सीएम पोर्टल के लंबित जांच आवेदन को द्वितीय प्राथमिकता दी जाए। पीएम पोर्टल, लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम एवं जन शिकायत से संबंधित लंबित आवेदनों को प्राथमिकता दी जाए।उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा देखा जाता है कि एक ही शिकायत सभी स्तर पर भेजी जाती है इसलिए इसकी स्क्रुटनी कर ली जाए। शिकायत पत्रों को सर्वप्रथम सूचीबद्ध कर ली जाए, जिसमें क्रमांक, वादी का नाम, ग्राम पंचायत का नाम, परिवार का विषय एवं वादी के मोबाइल नंबर अंकित हो। राजस्व से संबंधित सर्वाधिक मामले पाए जाते हैं जिसमें दाखिल खारिज से संबंधित पुनर्वास स्थल, आपसी जमीनी विवाद, जमीन की नापी शामिल हैं। कहा कि जटिल जमीनी विवाद मामले को अलग कर उन सभी को संबंधित थानों के हवाले किया जाए।

# भागलुपर पुलिस ने रेस्टोरेंट में किया रेड, कई प्रेमी जोड़ों को पकड़ा

**भागलपुर** । भागलपुर में मंगलवार को जोकसर पुलिस ने नागरमल मॉल के समीप एक रेस्टोरेंट में छापेमारी की। पुलिस ने रेस्टोरेंट के ग्राउंड फ्लोर में बनाए गए केबिन से कई प्रेमी जोड़ों को पूछताछ के लिए थाना लेकर आई। हालांकि दर्जनों लड़कियों को रेस्टोरेंट पर ही पुलिस ने छोड़ दिया। जबकि दर्जन भर लड़के को पुलिस अपने हिरासत में लेकर थाना पहुंची और बॉन्ड पेपर भरवा कर उसे छोड़ा गया। बता दें कि पुलिस को रेस्टोरेंट में संदिग्ध गतिविधि की लगातार सूचना मिल रही थी, जिसके बाद काफी संख्या महिला और पुरुष जवानों के साथ पुलिस ने रेस्टोरेंट में छापेमारी की है।

रेस्टोरेंट के मालिक से की गई पूछताछः मामले को लेकर सिटी एसपी मिस्टर राज ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि स्मोकिंग रेस्टोरेंट में जिसके अंदर केबिन बनाकर कपल को रूम दिया जाता है।आपत्तिजनक कार्य यहां पर होता है। प्राप्त सूचना का सत्यापन किया गया।

# गर्मी बढ़ी तो हैंडपंप लगाने की आई याद, निकाला टेंडर

**भागलपुर** । गर्मी लगातार बढ़ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में पेयजल संकट गहराने लगा है। लोग प्यास बुझाने के लिए परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार पीएचईडी अभी तैयारी ही कर रहा है। तैयारी भी गजब की है। जब गर्मी की तपिश बढ़ी है तो पीएचईडी को हैंडपंप लगाने की याद आई है, लेकिन तैयारी की बानगी ऐसी है कि अभी टेंडर ही निकाला गया है। 80 लाख की लागत से 89 हैंडपंप लगाने की तैयारी शुरू है। सबकुछ ठीक रहा तो अगले माह के अंत तक टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके साथ ही चयनित ठेकेदार को माहभर के अंदर काम पूरा करने की समय सीमा तय की गई है। यानी, अगर इसके मुताबिक भी काम हुआ तो जुलाई के अंत तक हैंडपंप लगने की संभावना है। ऐसी स्थिति में बरसात का मौसम आ जाएगा और लगातार गिर रहे जलस्तर में वृद्धि हो जाएगी। यानी, इसके बाद उस हैंडपंप की जरूरत कम हो जाएगी और लोगों को उसका खास फायदा नहीं मिल सकेगा। हैंडपंप के साथ प्लेटफार्म व नाले का भी होगा निर्माण बता दें कि पीएचईडी पश्चिम के कार्यपालक अभियंता की ओर से टेंडर निकाला गया है। इसमें 15 जगहों पर 125 एमएम परिधि में और 45 मीटर गहराई में हैंडपंप, प्लेटफार्म और ड्रेन का निर्माण 12.98 लाख रुपए की लागत से होना है। जबकि 14 जगहों पर 12.11 लाख की लागत से निर्माण किया जाना है। अभी टेंडर निकाला गया है। टेक्निकल बिड 22 मई को खुलेगा। इसके बाद दस्तावेजों के सत्यापन के बाद फिनांशियल बिड खुलेगा। अगर सबकुछ ठीक रहा तो जून के अंत तक टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद चयनित ठेकेदार को एक माह के अंदर काम पूरा करना होगा। बता दें कि पश्चिमी इलाके में शहर के अलावा जगदीशपुर, नाथनगर, सुल्तानगंज व शाहकुंड का क्षेत्र शामिल है। कहां-कहां हैंडपंप लगाने हैं, अभी जगहों की सूची ही तैयार की जा रही है पीएचईडी पूर्वी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कृष्ण कुमार भार्गव ने बताया कि नए सिरे चापाकल लगाने का निर्देश मिला है।

**पूर्व रेलवे**

**बोली सं.: जीईएम/2024/बी/4920854, दिनांक: 07.05.2024।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (पी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोली आमंत्रित की जाती है: **बोली बंद होने की तारीख/समय:** 28.05.2024 को अपराह्न 3:00 बजे। **बोली खुलने की तारीख/समय:** 28.05.2024 को अपराह्न 3:30 बजे। **बोली प्रस्ताव की वैधता (बंद होने की तारीख से):** 120 (दिन)। **कार्यालय का नाम:** कैरेज एंड वैगन वर्कशॉप, लिलुआ। **मद श्रेणी:** सेवाओं के लिए कस्टम बोली - सफाई एवं देखभाल कार्य। **अनुबंध की अवधि:** 3 वर्ष। **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक कारोबार (3 वर्षों के लिए):** ₹ 748 लाख। **समरूप/समकक्ष सेवा हेतु अपेक्षित विगत वर्षों का अनुभव:** 3 वर्ष। **समकक्ष सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव:** हाँ। **अनुभव के वर्षों तथा कारोबार हेतु एमएसई छूट:** नहीं। **अनुभव के वर्षों तथा कारोबार हेतु स्टार्टअप छूट:** नहीं। **विक्रेता से अपेक्षित दस्तावेज:** अनुभव मानदंड, बोलीदाता कारोबार, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोधकृत)। *अगर कोई बोलीदाता अनुभव/कारोबार मानदंड से छूट पाना चाहता है, तो खरीदार द्वारा छूट के लिए अपनी पात्रता प्रमाणित करने हेतु समर्थित दस्तावेज मूल्यांकन हेतु अवश्य अपलोड किए जाने चाहिए। **बोली से रिवर्स नीलामी सक्रियकृत:** नहीं। **बोली का प्रकार:** दो लिफाफा बोली।

(MISC-44/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/579, दिनांक: 7.5.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्य/र्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3275-आर1। कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल में स्टाफ क्वार्टरों की रीवायरिंग। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,57,28,781। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 2,28,700। **पूरा करने की अवधि:** 180 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-48/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.:एसएएनडीटी/सीओएन/एचडब्ल्यूएच/टीएन/02/III/2024,दिनांक 07.05.2024।** उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए उचित आर्थिक क्षमता तथा पर्याप्त अनुभव सहित वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले अनुभवी संकेत एवं दूरसंचार ठेकेदार, पार्टनरशिप फर्मों आदि से ई-निविदा पद्धति के जरिये खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: एसएएनडीटी-सीओएन-04-2024-एचडब्ल्यूएच। कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के जसीडीह में बाईपास लाइन के सम्बन्ध में किसी भी अभियांत्रिकी गतिविधि के सम्बन्ध में कुमराबाद रोहिणी और देवघर लिंक केबिन स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य तथा आनुषंगिक कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 9,87,38,715। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 । **जमा बयाना राशि:** ₹ 6,43,700 (एफए एंड सीएओ/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में जमा करनी होगी)। प्रस्ताव एवं बयाना राशि की वैधता **निविदा खुलने की तारीख से 60 दिनों की होनी चाहिए। निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 31.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। ऊपर उल्लिखित निविदा बंद होने की तारीख एवं समय पर या उससे पहले इस निविदा के तहत उपर्युक्त अनुसार 'निविदा दस्तावेज की कीमत' तथा 'बयाना राशि' का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से निविदा दस्तावेज डाउनलोड किया जा सकता है तथा बोलियां जमा की जा सकती हैं। इस निविदा के तहत ऊपर वर्णित अनुसार सभी दस्तावेज के साथ ह र तरह से सम्पूर्ण निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड करना होगा। निविदा हेतु बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा। निविदा सूचना, निविदा दस्तावेज, समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी (यदि कोई हो) तथा अन्य मूल जानकारियों का विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

(CON-10/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### चुनाव से पहले उम्मीदवारों का आना-जाना

राजनीतिक दलों में लोकतांत्रिक वातावरण होना अच्छी बात मानी जाती है, ताकि किसी भी सदस्य को अगर किसी बात पर एतराज हो तो वह उसे जाहिर कर सके। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि कोई पार्टी अपने भीतर अनुशासन बनाना ही बंद कर दे। चलते चुनाव के बीच जिस तरह कांग्रेस के नेता बगावत करते और दूसरे दलों का दामन थामते देखे जा रहे हैं, उसे कांग्रेस बेशक पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र बता कर खुद अपनी पीठ थपथपाने की कोशिश करे, पर हकीकत यही है कि इससे उसमें अनुशासन की कमी जाहिर होती है। कुछ दिनों पहले गुजरात में सूरत सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार ने जानबूझ कर अपना पर्चा भरने में गड़बड़ी की, जिसके चलते उसका पर्चा निरस्त हो गया और भाजपा का प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिया गया। अब इंदौर सीट से उम्मीदवार ने नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। एक दिन पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से अरविंदर सिंह लवली ने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि चुनाव प्रभारी उनकी बात नहीं सुनते। लवली ने पार्टी नेतृत्व पर भी कई आरोप लगाए हैं। हालांकि इन तीनों मामलों में भाजपा के दबाव और सांठगांठ की बातें भी की जा रही हैं, मगर इससे कांग्रेस की अनुशासनात्मक ढिलाई और अपने नेताओं को संभाल कर रख पाने में नाकामी छिप नहीं जाती। पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में नेता कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए। उनमें कई वरिष्ठ नेता भी थे। यह ठीक है कि कई नेताओं को जब कांग्रेस में अपना भविष्य नजर नहीं आया, तो उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। कुछ के बारे में कहा जाता है कि वे अपने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई से बचने के लिए सत्तापक्ष की तरफ चले गए। मगर इससे कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल तो उठते ही हैं कि वह क्यों अपने नेताओं को संतुष्ट नहीं रख सकी। ऐसा क्या हुआ कि उसके जो नेता कल तक सिद्धांतों की दुहाई देते न थकते थे, वे अचानक विद्रोही और अवसरवादी नजर आने लगेअरविंदर सिंह लवली कउनका असंतोष अचानक फूट पड़ा और वे कांग्रेस के खिलाफ विष-वमन करने लगे। किसी भी पार्टी को ताकत इस बात से मिलती है कि उसके नेता और कार्यकर्ता कितने प्रतिबद्ध हैं। उन्हें कोई जिम्मेदारी मिलती है या नहीं मिलती, उन्हें चुनाव का टिकट मिलता है या नहीं मिलता, वे चुप रह कर पार्टी नेतृत्व का फैसला स्वीकार कर लेते और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए निष्ठा और एकजुटता का परिचय देते हैं।

## आर्थिक क्षेत्र में नित नए विश्व रिकार्ड बनाता भारत

(प्रह्लाद सबनानी)

आज भारत आर्थिक क्षेत्र में वैश्विक मंच पर नित नए रिकार्ड बना रहा है। वैश्विक स्तर पर विदेशी प्रेषण के मामले में आज भारत प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। भारत में आज सबसे बड़ा सिंक्रोनाईजड बिजली ग्रिड है। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। आज भारत आर्थिक क्षेत्र में वैश्विक मंच पर नित नए रिकार्ड बना रहा है। वैश्विक स्तर पर विदेशी प्रेषण के मामले में आज भारत प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। भारत में आज सबसे बड़ा सिंक्रोनाईजड बिजली ग्रिड है। बैकिंग क्षेत्र में वास्तविक समय लेनदेन की सबसे बड़ी संख्या आज भारत में ही सम्पन्न हो रही है। भारत आज विश्व में दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है एवं भारत आज पूरे विश्व में मोबाइल फोन का निर्माण करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है। भारत में आज विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेट्वर्क है। मात्रा की दृष्टि से भारत में आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा फार्मासीयूटिकल उद्योग है। भारत में आज पूरे विश्व में तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेट्वर्क है। भारत ने स्टार्टअप को विकसित करने के उद्देश्य से विश्व का तीसरा सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र खड़ा कर लिया है। भारत का स्टॉक बाजार, पूंजीकरण के मामले में, विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। भारत में आज विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेट्वर्क है। विश्व में पैटेंट हेतु आवेदन किए जाने वाले देशों में भारत आज छठे स्थान पर आ गया है। आर्थिक क्षेत्र में भारत को यह सभी उपलब्धियां पिछले 10 वर्षों के दौरान प्राप्त हुई हैं। पिछले केवल 10 वर्षों के दौरान शेयर बाजार में निवेशकों को अपार सफलता हासिल हुई है और सेन्सेक्स ने 200 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की है, इसी प्रकार निफ्टी भी इसी अवधि में 206 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज करने में सफल रहा है। यह स्थानीय एवं विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपना विश्वास जता रहा है। भारत में शेयर बाजार में व्यवहार करने के उद्देश्य से खोले जाने वाले डीमेट खातों की संख्या वर्ष 2014 में 2.2 करोड़ थी जो वर्ष 2024 में बढ़कर 15.13 करोड़ हो गई है अर्थात इन 10 वर्षों में 7 गुणा से अधिक की वृद्धि दर अर्जित की गई है। देश का प्रत्येक उद्यमी/उपक्रमी/व्यवसायी बहुत उत्साह में है कि देश में व्यापार करने हेतु वातावरण में बहुत सुधार हुआ है एवं ईज आफ डूइंग बिजनेस में काफी सुधार हुआ है। आज भारत ही नहीं बल्कि भारतीय कम्पनियों द्वारा विदेश में भी पूंजी उगाहना बहुत आसान हो गया है। अतः एक प्रकार से उद्यमियों के लिए पूंजी की समस्या तो नहीं के बराबर रह गई है। भारतीय नागरिकों में आज स्व का भाव जगाने में भी कामयाबी मिली है, जिसके चलते स्वदेश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग बढ़ रहा है एवं अन्य देशों से विभिन्न उत्पादों के आयात कम हो रहे हैं। इसके चलते भारत के विदेशी व्यापार घाटे में सुधार दृष्टिगोचर है। आज भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज हो रही है तो कई उत्पादों के आयात में कमी दिखाई देने लगी है। इसे भारतीय नागरिकों के आत्म निर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम के रूप में देखा जा सकता है। फरवरी 2024 माह में भारत का व्यापारिक निर्यात 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 4140 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया, जो पिछले 20 महीनों में उच्चतम स्तर पर है। इसके अतिरिक्त, सेवा निर्यात 3210 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। फरवरी 2024 माह में माल एवं सेवाओं को मिलाकर कुल निर्यात 7355 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जो फरवर 2023 की तुलना में 14.2 प्रतिशत अधिक है। इसी कारण से, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी आज 64,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। आज भारतीय नागरिकों ने सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए भारत को विकसित एवं मजबूत बनाने के लिए अपने कदम आगे बढ़ा लिए हैं। आज भारत में प्रत्येक नागरिक का औसत जीवन वर्ष 2022 के 62.7 वर्ष से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गया है। यह भारत में लगातार हो रही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के चलते ही सम्भव हो सका है। संयुक्त राष्ट के एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय में पिछले 12 महीनों के दौरान 6.3 प्रतिशत की वृद्ध दर्ज हुई है। इसी प्रकार, एक सर्वे के अनुसार, आज भारत में 36 प्रतिशत कम्पनियां आगामी 3 माह में नई भर्तियां करने पर गम्भीरता से विचार कर रही हैं, इससे भारत में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होते दिखाई दे रहे हैं। गरीब वर्ग को भी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके एक बढ़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया है। लगभग 4 वर्षों के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है।

*इसी प्रकार, पीएम आवास योजना के अंतर्गत, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं एवं सौभाग्य योजना के अंतर्गत देश भर में 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण कर लिया गया है। विश्व भर के सबसे बड़े सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना- के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है।*

## सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने में युवा हो रहा बर्बाद

अपनी दिलचस्पी या फिर खुशी के लिए कुछ अलग करने का शौक सामान्य तौर पर सकारात्मक माना जाता है। मगर इस तरह के शौक में कोई अपना विवेक या सूझ-बूझ की क्षमता ही खो दे, तो यह न सिर्फ एक बेमानी चलन की भेड़चाल में शामिल होना है, बल्कि जानलेवा जोखिम को न्योता देना भी है। जब से स्मार्टफोन के साथ हर हाथ में कैमरा पहुंचा है, तब से काफी लोगों के भीतर एक विचित्र-सी मनोदशा का विकास होता देखा जा सकता है, जिसमें वे मौके-बेमौके बिना किसी मायने के अपनी तस्वीरें उतारते रहते हैं। इसका विस्तार सोशल मीडिया पर खुद को अभिव्यक्त करने के रूप में हुआ और हर वक्त अपनी तस्वीर या फिर वीडियो बना कर प्रसारित कर देना मानो किसी जरूरी काम की तरह देखा जाने लगा। विडंबना यह है कि इस शौक ने विवेक को जिस बुरी तरह प्रभावित किया, उसका खमियाजा केवल आपसी व्यवहारों के स्तर पर नहीं उठाना पड़ा, बल्कि इस वजह से मौत की घटनाएं भी बढ़ती गई हैं। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि सोशल मीडिया पर रील के आकर्षण में वीडियो बनाने की कोशिश में हादसे का शिकार होकर किसी युवा की जान चली गई। ये नाहक और बिना किसी कारण के होने वाली मौतें हैं, जिनके पीछे महज विवेकशून्य होकर अपने किसी शौक को पूरा करने की भूख मुख्य वजह है। हरिद्वार में बुधवार को बीस वर्ष की एक छात्रा ने रेल की पटरी पर रील बनाने की कोशिश की और उसी समय आई ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी जान चली गई। जिस बच्ची को अभी पढ़ाई-लिखाई करनी थी, खेलना-कूदना था और भविष्य बेहतर बनाने के सपने देखने थे, वह सिर्फ रील बनाने के शौक में मारी गई।

## चीन की मिलिट्री तैयारी से भारत को क्यों है खतरा, ये खबर चौंकाने वाली है

(रुचिर शुक्ला)

चीन ने करीब एक दशक में अपनी सेना का सबसे बड़ा पुनर्गठन किया है। इसमें मॉडर्न वॉर के लिए मजबूत टेक्नोलॉजी से लैस रणनीतिक फोर्स पर फोकस किया है। चीन जिस तरह से अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा वो दिल्ली में बनने वाली नई सरकार के लिए टेंशन बढ़ाने वाला है। बड़ा सवाल यही है कि लोकसभा चुनाव के बाद भारत की नई सरकार इसे लेकर क्या कदम उठाती है। क्या चीन किसी बड़ी प्लानिंग में जुटा है? ये सवाल उस समय उठे जब पड़ोसी राष्ट्र ने पिछले हफ्ते अपने देश के सशस्त्र बलों का व्यापक पुनर्गठन किया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने स्ट्रेटजिक सपोर्ट फोर्स को भंग करने का चौंकाने वाला फैसला लिया। इस मिलिट्री डिविजन को उन्होंने 2015 में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की अलग-अलग क्षमताओं को एक साथ लाने के लिए स्थापित किया था। इस फोर्स में स्पेस, साइबर, इलेक्ट्रॉनिक और साइकोलॉजिकल वॉरफेयर शामिल थे। हालांकि, अब एसएसएफ को भंग कर इसकी जगह पर इंफॉर्मेशन सपोर्ट फोर्स का गठन किया गया है। ये पूरा घटनाक्रम में ऐसे समय में हो रहा जब भारत में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। जिसमें केंद्र की सत्ताधारी बीजेपी समेत सभी सियासी पार्टियां जोरआजमाइश कर रही हैं। चुनावी घमासान के बीच चीन बढ़ा रहा टेंशन! भारत में चुनावी घमासान के बीच चीन की तरफ से हो रही ये मिलिट्री तैयारी चौंकाने वाली है। चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति का सीधा असर भारत की डिफेंस प्लानिंग और सुरक्षा स्थिति पर पड़ता है। दिल्ली में मौजूद केंद्र सरकार को संभावित चीनी हमलों से रोकने के लिए अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयासों में अधिक संसाधनों का निवेश करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इसके लिए अन्य विकास से जुड़ी प्राथमिकताओं को पीछे छोड़ने की आवश्यकता होती है। पिछले एक दशक में, भारत ने अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और उनकी कार्यकुशलता को बढ़ाने के उद्देश्य से रक्षा सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की है। एक महत्वपूर्ण सुधार 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम है, जिसके जरिए स्वदेशी रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य रक्षा उपकरणों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और रक्षा क्षमताओं में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। जिनपिंग ने भंग की एसएसएफ , शुरू किया आईएसएफ शी जिनपिंग ने एसएसएफ को भंग कर इंफोर्मेशन सपोर्ट फोर्स शुरू किया। इसे लेकर चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि ढ्रस्त्र, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का एक नया रणनीतिक घटक है। ये नेटवर्क सूचना प्रणाली के समन्वित विकास और इस्तेमाल के लिए अहम सहयोग मुहैया कराएगा। इस नए फोर्स के आने से अब पीएलए में चार प्राइमरी ब्रांच हो गई हैं। इसमें ग्राउंड फोर्स, नौसेना बल, वायु सेना और रॉकेट फोर्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अब चार सहायक इकाइयां हैं, जिसमें एसएसएफ से मिले तीन डिवीजन और ज्वाइंट लॉजिस्टिक सपोर्ट फोर्स शामिल हैं। चीन के सैन्य बदलाव की क्या हैं वजहें चीन में किए जा रहे रणनीतिक सैन्य बदलाव के पीछे कई वजहें मानी जा रही है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और उभरती हुई तकनीक का इस्तेमाल अहम है। जानकारी के मुताबिक, पिछले साल पीएलए में व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के बाद शी जिनपिंग को फोर्स में इस पुनर्गठन का फैसला लेना पड़ा। ऐसा इसलिए क्योंकि उस कार्रवाई के दौरान कई प्रभावशाली जनरल फंसे थे। रॉकेट फोर्स के भीतर महत्वपूर्ण व्यवधान पैदा किया गया। वैसे गौर करें तो पिछले एक दशक में, बीजिंग ने अपनी सैन्य क्षमताओं का व्यापक आधुनिकीकरण किया है। इसका लक्ष्य पीएलए को एक ऐसी शक्ति में बदलना है जो क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम हो। इसके लिए चीन उन्नत हथियार, इंस्ट्रूमेंट, एयरक्राफ्ट कैरियर, आगली पीढ़ी के फाइटर जेट, मॉडर्न बैलिस्टिक-क्रूज मिसाइल को अपने बेड़े में शामिल कर रहा। उसका उद्देश्य चीनी सेना को मजबूती प्रदान करने पर है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5364

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5363

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 5364

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | | |
| | ■ | 10 | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | | ■ | 14 | | ■ | |
| 15 | | ■ | 16 | | ■ | 17 | |
| ■ | 18 | | | | ■ | | ■ |
| 19 | | ■ | | ■ | 20 | | 21 |
| | ■ | 22 | | | ■ | 23 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था है, इसका मुख्यालय यहां स्थित है (3)
4. यह संविधान निर्माण करने वाला प्रथम देश है (4)
8. वैश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में से एक इनके पुत्रों को कालकेय और पौलोम दानव कहते है (3)
9. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
10. पंजाब की प्रसिद्ध प्रेम-कथा का नायक (2)
11. महलोक से दो करोड़ योजन दूर यह पांचवा लोक स्थित है, जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है, व्यक्ति (2)
12. भोजन आदि के लिए दिया गया निमंत्रण, न्योता (3)
14. मटमैले रंग की प्रसिद्ध धातु (2)
15. बल्लेबाजों का मापदंड जो क्रिकेट के लिए तय होता है (2)
16. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने गए, पिता के भाई (2)
17. आदान करना, मद्यपान करना (4)
18. स्पर्श करना, छुने वाला, स्पर्शक (4)
19. दक्ष प्रजापति की पुत्री (2)
20. ऐ खुदा, हे प्रभु (3)
22. पाटलीपुत्र का प्राचीन नाम (3)
23. प्रेमकर्ता, झूमने का भाव (2)

**ऊपर से नीचे**

1. दुकान वाला, विक्रेता (5)
2. सिलवट, सकुडन, शक्ति (2)
3. जिस शब्द के अंत ई हो (4)
4. इस समय, इस वक्त (2)
5. एकता (2)
6. रस्म, प्रथा, रीति (3)
7. किसी बात आदि को ध्यान से न सुनना (5)
13. औषधि पादप, पेड़, पौधे आदि (4)
14. इंडोनेशिया की राजधानी (3)
16. विमान में चालक की बैठने की जगह यह कहलाती है (4)
17. उधार देने वाला, ऋणद (4)
19. प्राचीनकाल की एक सवारी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)

### वर्ग पहेली 5363 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | नी | ता | वि | लि | य | म्स | ■ |
| न | म | न | ■ | या | ■ | ■ | स |
| व | ■ | से | व | क | ■ | रो | जा |
| ना | गि | न | ■ | त | म | क | ना |
| ■ | र | ■ | पौ | ■ | त | ड़ | ■ |
| र | प्ता | र | ■ | ल | ■ | ब | स |
| वा | र | ■ | ■ | ग | वा | ही | ■ |
| ना | ■ | ■ | स | न | म | ■ | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपको विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और आपके लिए भौतिक विकास के योग अच्छे हैं। आज आपके लिए शुभ योग बन रहे हैं। रात में आपकी कोई डील फाइनल हो चुकी है। आप मंगल उत्सव में शामिल होंगे। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### वृष
आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी स्थान की यात्रा पर जाने के बारे में सोच सकते हैं। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आप स्थान परिवर्तन के बारे में सोच सकते हैं। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन होने से मन प्रसन्न होगा।

### कर्क
आज का दिन आर्थिक मामलों में सामान्य है। साझे में व्यापार करने से आपको लाभ होगा और नए कार्य पूर्ण होंगे। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखे।

### सिंह
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने के बारे में सोच सकते हैं तो आपको लाभ होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने से आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में हाथ डालेंगे तो आपको लाभ होगा। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

### कन्या
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आज आपको अपनी सेहत का ध्यान रखने की जरूरत है। खान पान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें।

### तुला
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा। आज जो काम आपको सबसे प्रिय है वह करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

### वृश्चिक
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्त रखने वाला है। आपको आज पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में रुकावट डाल सकते हैं। रात का वक्त मांगलिक कार्य में बीतेगा। आपको कहीं यात्रा पर जाने के मौके मिल सकते हैं।

### मकर
आज आपस में बातचीत में सावधानी रखने की जरूरत है। वरना आस पास के लोगों से टकराव की नौबत आ सकती है। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें। रात के वक्त स्थिति में और सुधार होगा और आप हर काम ईमानदारी से करेंगे।

### कुंभ
आज का दिन लाभकारक है और आपके कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपको इन सबसे बचते हुए अपने काम पर फोकस करने की जरूरत है। काम पर ध्यान दें तो सब आसानी से हो जाएगा।

### धनु
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल आपको उसी वक्त मिल जाएगा। आज आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और ऑफिस में जरूरी चर्चाएं होंगी। ऑफिस में आपके काम करने के लिए अनूकूल माहौल रहेगा। आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात में कहीं सामाजिक कार्यक्रम में जा सकते हैं।

### मीन
आज का दिन आपके लिए काफी मजबूत होगा। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए कार्य करते रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनन्द उठाएं तो आपको फायदा होगा। नौकरी और व्यापार में कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं तो आपको लाभ होगा। आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, गुरूवार, 09 मई 2024

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### भरनो में हाथी ने स्कूल का किचन तोड़ खाया डेढ़ क्विंटल चावल

**लोहरदगा, एजेंसी।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा आज शाम 5 बजे झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का स्वागत निंगनी रोड स्थित अंजुमन हॉस्पिटल परिसर में करेंगे। उक्त आशय की जानकारी अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी और सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी कहा कि मंत्री की अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों व मेम्बरान के साथ पहली मीटिंग होगी।

### विद्यालय में चला मतदाता जागरुकता अभियान

**बोकारो, एजेंसी।** चिन्मय विद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित कर मतदान करने व प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, नुक्कड़–नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से छात्र भविष्य के एक जागरुक नागरिक बनेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगें। स्कूल की ओर से सभी अभिभावकों व कर्मियों को मतदान में भाग लेने के लिए संदेश भेजा जाएगा तथा विद्यालय स्तर पर इलेक्ट्रॉल लिटरेसी क्लब की स्थापना की गई। मौके पर स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, आचार्या विश्वरुप मुखोपाध्याय, महेश त्रिपाठी, आरएन मल्लिक, सूरज शर्मा, नरमेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

### झारखंड के कई जिलों में बारिश-ओलावृष्टि, गर्मी से मिली राहत, 10 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम,

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मंगलवार को भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। राजधानी रांची समेत प्रदेश के कई जिलों तेज बारिश हुई, जिससे तापमान में कमी और मौसम ठंडा हो गया। सबसे ज्यादा बारिश पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में 17.6 मिमी रिकॉर्ड हुई है। जबकि बोकारो में कहीं–कहीं ओलावृष्टि भी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक राज्य का मौसम ऐसा ही रहेगा। कई जिलों में 10 मई तक बारिश वज्रपात की संभावना है। हालांकि, उसके बाद फिर से तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। दूसरी ओर पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान 44.3 डिग्री सरायकेला में रिकॉर्ड दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, राज्य में मौसम के इस बदले मिजाज के पीछे कई फैक्टर काम कर रहे हैं। दरअसल उत्तर–पूर्व मध्य प्रदेश पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। वहीं नॉर्थ ओड़िशा से लेकर राजस्थान तक एक टर्फ क्रिएट हुआ है, जो छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से क्रॉस कर रहा है। इसके साथ दक्षिणी झारखंड पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन इनके साथ मर्ज हो गया है। इसी वजह से कहीं हल्के तो कहीं मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। पूर्वानुमान भी बता रहा है कि इसी वजह से अगले पांच दिनों तक ज्यादातर इलाकों में तेज हवा, मेघगर्जन, वज्रपात, ओलावृष्टि और कहीं कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सात मई से मौसम के मिजाज में जो परिवर्तन हुआ है वह आठ और नौ मई तक जारी रहेगा। इस दौरान हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिलेगी। मेघ गर्जन और वज्रपात की भी संभावना है। इनके साथ तेज हवा और ओलावृष्टि भी हो सकती है। बारिश और ओलावृष्टि की वजह से अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री की गिरावट देखने को मिल सकती है। आज रामगढ़, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, गिरिडीह, सरायकेला–खरसांवा और पूर्वी सिंहभूम के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 30–40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने की संभावना है। मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना है।

### आंधी में युवक व छात्रा पर गिरा पेड़, मौत, पेड़ गिरने से घायल स्कूटी सवार झुनकी देवी के दोनों पैर कटे

**रांची, एजेंसी।** रांची समेत पूरे झारखंड का मौसम बदल गया है। मंगलवार की शाम में आंधी व बारिश से रांची का पारा छह डिग्री तक गिर गया। करीब 40 किमी की रफ्तार से हवा चली। इसी दौरान रांची–टाटीसिल्वे मुख्य मार्ग पर टाटीसिलवे कन्या मध्य विद्यालय के समीप एक विशाल पेड़ गिर गया। इसकी चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक और बाइक सवार छात्रा की मौत हो गई। घटना में 3 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, उनका इलाज रिम्स में चल रहा है। इनमें से एक महिला झुनकी देवी के दोनों पैर कट गए हैं। घटना मंगलवार शाम लगभग 6-30 बजे की है। दरअसल, शाम में आई आंधी के कारण रांची–टाटीसिल्वे मुख्य मार्ग पर एक स्कूटी पर बड़ा पेड़ गिर गया। इससे मौके पर ही सोनू साहू (26) की मौत हो गई, जबकि स्कूटी में पीछे बैठी झुनकी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पेड़ गिरने से चपेट में आई बाइक पर तीन छात्र–छात्राएं सवार थे, जो सीआईटी की ओर जा रहे थे। इसमें ज्योति की मौत हो गई, वह सीआईटी में सिविल इंजीनियरिंग के 2021 बैच की छात्रा थी। जबकि उदित मरांडी व आशा मुर्मू घायल हो गए। सड़क से गुजर रही एक कार भी चपेट में आ गई। उसमें पांच लोग सवार थे, उन्हें मामूली चोटें आईं। वहीं, मृतक सोनू कुमार बेड़वारी (गोंदलीपोखर) के भाजपा नेता नरेश साहू का भतीजा व बसंत साहू का पुत्र था। सोनू व झुनकी खेलगांव स्थित ओरिएंट क्राफ्ट में काम करके घर लौट रहे थे। उधर, हादसे के बाद डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा।

# झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय पर्चा भरा, बोले-डमी सीएम पिंटू-पंकज चला रहे सरकार



**साहिबगंज, एजेंसी।** राजमहल संसदीय क्षेत्र में मंगलवार को अधिसूचना जारी होने के बाद पहले दिन पहला नामांकन झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय पर्चा दाखिल किया है। लोबिन ने एक सेट में नामांकन दाखिल किया है। लोबिन ने नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद एग्रीकल्चर ऑफिस के समीप मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपनी ही पार्टी और उम्मीदवार विजय कुमार हांसदा को जमकर कोसा।

उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने विचारों से दूर हो चुकी है। जल, जंगल, जमीन की लड़ाई का दावा करने वाली पार्टी अब बाहरी लोगों के हाथ में चली गई है। उनके इशारे पर सरकार चलाई जा रही है। उसी का नतीजा है कि हेमंत सोरेन जेल में हैं। सरकार को डमी सीएम पिंटू और पंकज चलाते हैं। आदिवासियों की आवाज को दबाया जा रहा है।

लोबिन ने कहा कि पार्टी के मेनिफेस्टो में 5 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कही गई थी। सीएनटी-एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागू करना था। खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करने का वादा किया गया था। लेकिन, सरकार बनने के बाद कुछ नहीं हुआ। मगर, यहां की खनिज संपदा को बाहरी लोगों के इशारों पर लूटा जाने लगा, जिसका विरोध उन्होंने सदन से सड़क तक किया।

लेकिन, उन्हें पार्टी विरोधी बताकर लोगों ने भ्रम फैलाया गया। विजय हांसदा का खुलेआम लोगों ने विरोध किया, फिर भी उन्हें राजमहल लोकसभा क्षेत्र से टिकट दे दिया गया है। जिसकी भरपाई वे कर रहे हैं। वे निर्दलीय लड़कर झामुमो की सीट को बचाकर पार्टी को सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि वह शिबू सोरेन के असली चेले हैं। उनके दिल में शिबू सोरेन बसते हैं और शिबू के दिल में वे बसते हैं।

झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए पहले से लेकर तीसरे चरण तक के नामांकन का काम पूरा हो गया है। अभी जो तस्वीर उभर रही है, उसके अनुसार बागी विधायक और भारी भरकम निर्दलीय विधायक उन लोकसभा सीटों को सीधे तौर पर प्रभावित कर सकते हैं, जहां एनडीए और इंडिया में काफी नजदीकी मुकाबला है। इस बार बागी उम्मीदवारों की शुरुआत तो इंडी गठबंधन से हुई। हालांकि, एनडीए इसके लपेट आते-आते बच गया। इंडी गठबंधन ने सबसे बड़ी रणनीति यह बनाई कि वह एनडीए के प्रत्याशियों के मुकाबले में हर लोकसभा सीट पर गठबंधन का एक ही उम्मीदवार देगा। किसी भी सीट पर इस बार दोस्ताना लड़ाई नहीं होगी।

इस रणनीति पर गठबंधन ने अमल भी किया। लेकिन, बागियों ने रणनीति पर पानी फेर दिया है। इनमें सबसे चर्चित नाम झामुमो के विधायक चमरा लिंडा व लोबिन हेम्ब्रम का है। चमरा तो लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से उतर चुके हैं। पार्टी ने उनकी प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दी है, लेकिन इसका नुकसान जो होना है वह तो चुनाव परिणाम आने पर दिखेगा। वैसे चमरा लिंडा के समर्थकों का दावा है कि वे जीत के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

लोबिन हेम्ब्रम भी राजमहल से नामांकन कर चुके हैं। इन सबके अलावा खूंटी लोकसभा सीट से झामुमो के पूर्व विधायक बसंत लौंगा भी चुनाव मैदान में हैं। पार्टी ने उनपर भी कार्रवाई की है। इसी तरह से झामुमो नेता जेपी वर्मा कोडरमा संसदीय क्षेत्र से, राजद नेता और पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा पलामू से बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं।

भाजपा ने चतरा का मामला समय रहते सुलझा लिया- चतरा संसदीय सीट पर जयप्रकाश सिंह भोक्ता ने नामांकन कर भाजपा की नींद उड़ा दी थी। उनके नामांकन में उमड़ी भीड़ से उनकी ताकत का एहसास भाजपा को हो गया था। इसके बाद भाजपा ने आनन-फानन में उन्हें मना लिया। भोक्ता ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इधर, गांडेय विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की सहयोगी आजसू पार्टी के बागी अर्जुन बैठा चुनाव मैदान में उतर गए हैं। आजसू से उन्होंने त्याग पत्र दे दिया है। गांडेय में एनडीए और गठबंधन के बीच आमने सामने की लड़ाई है।

## बीडीओ के हालिया तबादले में पैसों का हुआ खेल! अब आलमगीर को घेरने की तैयारी में ईडी, खुलेंगे कई राज

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के मध्य में ही मंत्री आलमगीर आलम के करीबियों के आवास से करोड़ों रुपये की बरामदगी ने सत्ताधारी गठबंधन पर सवाल उठा दिए हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बरामद रुपये पिछले दो-तीन महीनों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों के तबादलों से अर्जित राशि है।

इस राशि का इस्तेमाल अभी चुनाव के दौरान होना था। कुछ ऐसे ही प्रमाण ईडी को भी प्राप्त हुए हैं। इन प्रमाणों के आधार पर अब ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को घेरने की कवायद में ईडी जुट गई है।

अपने पीएस के नौकर के आवास से इतनी बड़ी धन राशि बरामद होने पर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि वह सरकारी मुलाजिम है और उसके खिलाफ सरकार नियमानुसार कार्रवाई करेगी।संजीव लाल को हटाने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि निश्चित तौर पर उन्हें हटाया जाएगा। वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि ईडी के आधिकारिक बयान पर पार्टी कोई विचार देगी।

इसके पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि कौन क्या कह रहा है, वे यह नहीं जानते। जिस संजीव लाल बारे में कहा जा रहा है वह सरकारी पदाधिकारी हैं और उन्हें अपना पीएस उनके अनुभव को देखते हुए बनाया गया था ताकि विभागीय कार्य सुचारू रूप से चले। पीएस संजीव लाल को निश्चित तौर पर हटाने की बात भी आलम ने कही है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कैश बरामदगी को लेकर कहा कि वे संजीव कुमार के नौकर के लिए बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं। यह पहले स्पष्ट होना चाहिए कि मंत्री आलमगीर के पीएस के यहां मिला है या नौकर के यहां मिला है।

दूसरी बात यह है कि संजीव लाल पहले किस-किस के पीएस रहे थे। वे भाजपा नेता और मंत्री रह चुके सीपी सिंह और विमला प्रधान के पीएस भी रहे हैं।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कैसे समझ लिया कि यह 15 दिनों का पैसा होगा, एक महीने का या चार साल का होगा। यह 10 साल का भी हो सकता है। प्रधानमंत्री जिस तरह से एजेंडा सेट कर रहे हैं, उससे लगता है कि प्रधानमंत्री ने पहले स्वतंत्र एजेंसी को गुलाम बनाया और अब उस गुलाम एजेंसी के बास बनकर बात कर रहे हैं।

## भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस बीजेपी नेता ने पार्टी पर साधा निशाना, बोले- पूरे झारखंड में मची है कमीशनखोरी की लूट

**चाईबासा, एजेंसी।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी पिछले 70 वर्षो से भ्रष्टाचार में डूबी हुई और भ्रष्टाचार की जननी रही है। देश में रोज किसी ना किसी कांग्रेस नेता के यहां ईडी के छापेमारी में नोटों के बंडल मिल रहे हैं। झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के मंत्री आलमगीर आलम के पीए और उसके नौकर के यहां नगद 35 करोड़ रुपये मिलना लूटकांड का पुख्ता सपूत है।

यह सारा पैसा सरकारी मुलाजिमों का ट्रांसफर-पोस्टिंग का है जो अलग-अलग थैलों में मिला है। यह बात मंगलवार को सिंहभूम लोकसभा भाजपा कार्यालय में राज्यसभा सदस्य सह महामंत्री प्रदीप वर्मा ने प्रेसवार्ता कर कही है।

उन्होंने कहा कि जिन थैलों में रुपये मिले हैं उनमें ट्रांसफर-पोस्टिंग की लेटर भी मिला है। यही सरकारी मुलाजिम जब अपना ट्रांसफर-पोस्टिंग कराकर गंतव्य जगह में पदस्थापन करते हैं, वहां प्रखंड से लेकर जिला तक सिर्फ कमीशनखोरी की लूट मची रहती है।




इसका शिकार ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ता है क्योंकि किसी भी विभाग में बिना पैसे दिये काम ही नहीं होगा क्योंकि साहब तो पैसे देकर पोस्टिंग लेकर आए है।

राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। ऊपर से लेकर नीचे तक संगठित होकर राज्य को खोखला करने में लगे है। इसका उदाहरण मंत्री आलमगीर आलम के पीए और पीए के नौकर के यहां थैलों से भरे रुपये मिलना पर्याप्त सबूत है। इतने रुपये मिलने के बावजूद मंत्री आलमगीर आलम अपने बयान में नकार रहे है। मौके पर प्रदेश मंत्री सरोज सिंह उपस्थित थे।

# मेरा सीधा मुकाबला भाजपा से, लोहरदगा में गरजे चमरा, कांग्रेस पार्टी को लेकर भी कह दी बड़ी बात

**लोहरदगा, एजेंसी।** अधिकार सीधे तरीके से नहीं मिले तो उसे छीनना पड़ता है। छीनने के लिए ताकत चाहिए। ताकत पॉलिटिक्स से आती है। आप सभी को अपना अधिकार चाहिए तो मुझे राजनीतिक ताकत दीजिए। उक्त बातें मंगलवार को लोहरदगा शहरी क्षेत्र के मिशन चौक में मंगलवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए झामुमो के बागी लोकसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने कही।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल के प्रतिनिधि को पार्टी लाइन के अनुसार काम करना पड़ता है, जबकि निर्दलीय जीतकर संसद पहुंचने पर वे कुछ भी कर सकते हैं।चमरा लिंडा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की रैली पूरी तरह से फ्लॉप रही। एक-दो दिन के अंतराल में कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत भी यहां से सरेंडर कर देंगे। मेरा सीधा मुकाबला भाजपा से है कांग्रेस इस चुनाव में कहीं नहीं है।उन्होंने अपनी जीत सुनिश्चित बताते हुए कहा कि 80 प्रतिशत आदिवासी समुदाय के लोग मेरे साथ हैं। आदिवासियों के बीच कांग्रेस अपना आधार खो चुकी है। भाजपा प्रत्याशी को इस बार के चुनाव में हराने के लिए एंटी बीजेपी ताकत को गोल बंद होना जरूरी है।



उन्होंने कहा कि मुझ पर भी चुनाव नहीं लड़ने के लिए काफी ज्यादा दबाव था लेकिन आदिवासी समुदाय की अस्मिता, संस्कृति की रक्षा और आरक्षण के लिए आदिवासियों को गोल बंद करने और भाजपा को रोकने के लिए मुझे चुनाव लड़ना जरूरी लगा।

चुनावी सभा में अफसर कुरैशी, पावन एक्का, विनोद उरांव, सफदर आलम, नेहाल कुरैशी, मोहिबुल्लाह अंसारी, शिवराम कच्छप एवं संतोष तिर्की के साथ सैकड़ों की संख्या में चमरा लिंडा के समर्थक आदि मौजूद थे।

## एक ऑडियो ने खोले सारे राज, टीचर पर स्कूली छात्राओं के यौन शोषण का आरोप, संबंध बनाने के लिए ऐसे करता था मजबूर

**छतरपुर (पलामू), एजेंसी।** एक सरकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक पर कई छात्राओं का यौन शोषण करने का आरोप लगा है। इससे संबंधित आडियो वायरल हुआ है। इसमें छतरपुर प्रखंड के एक सरकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक पर विद्यालय में पढ़ने वाली नाबालिग छात्राओं को डरा धमका कर यौन शोषण करने का आरोप है।ऑडियो वायरल होने के बाद सोमवार को कई पीड़ित छात्राओं के स्वजनों ने थाना में आवेदन देकर संबंधित शिक्षक के विरूद्ध करवाई करने की मांग की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।पीड़ित छात्राओं के स्वजनों ने बताया कि शिक्षक को झारखंड सरकार ने अवैध करार देकर शिक्षण कार्य से हटा दिया था। बावजूद प्रधानाध्यापक उससे लगातार शिक्षण कार्य करा रहे थे।स्वजनों ने बताया कि शिक्षक अवध बिहारी यादव नाबालिग छात्राओं को पैसे का प्रलोभन देकर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। यहीं नहीं वीडियो बनाकर भी वह छात्राओं को ब्लैकमेल कर उनका यौन शोषण करता था।उक्त शिक्षक का एक लड़की के साथ अश्लील बात करते हुए उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने को लेकर दबाव बनाने का ऑडियो टेप वायरल होने के बाद इसकी जानकारी गांव वालों को हुई।

## भू-गर्भ जल स्तर घटा-ड्राई जोन वाली 62 बहुमंजिली इमारतों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं

**रांची, एजेंसी।** रांची में पिछले कुछ वर्षों से लगातार भू-गर्भ जल स्तर नीचे जा रहा है। सेंट्रल ग्राउंड वाटर की रिपोर्ट की मानें तो कई क्षेत्रों में भू-गर्भ जल स्तर 10 मीटर से अधिक नीचे चला गया है। पिछले एक दशक में धड़ल्ले से बनती बहुमंजिली इमारतों की वजह भू-गर्भ जल का दोहन बढ़ा है। लेकिन, नगर निगम ने बहुमंजिली इमारतों से सिर्फ डेढ़ गुना होल्डिंग टैक्स वसूल कर भू-गर्भ जल दोहन की छूट दे दी है। नगर निगम द्वारा हाईकोर्ट में दिए गए आंकड़े की मानें तो शहर में 710 मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में 62 में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बना है। 648 इमारतों में वर्षा जल संरक्षण की व्यवस्था है।

सबसे अधिक बहुमंजिली इमारतें कांके रोड, चेशायर होम रोड, रातू रोड, पुरुलिया रोड, हरमू रोड व पिस्कामोड़ क्षेत्र में हैं। पुंदाग स्थित सेल सिटी के किसी भी ब्लॉक में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बना है। दरअसल, यहां राज्य के बड़े ब्यूरोक्रेट्स, इंजीनियरों के फ्लैट हैं। इस दबाव में निगम के अफसरों ने आज तक कार्रवाई नहीं की।



नगर निगम क्षेत्र में बनने वाली बहुमंजिली इमारतों का नक्शा निगम ही पास करता है। नियम के तहत बिल्डिंग के प्लिंथ लेवल से लेकर निर्माण पूरा होने तक निगम की जिम्मेदारी है कि बिल्डिंग की जांच करे, ताकि नक्शा के अनुरूप निर्माण हो सके। इसी आधार पर निगम ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी करता है। ऐसे में 62 बहुमंजिली इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का नहीं बनना निगम की जांच और ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट देने की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े करता है। निगम के टाउन प्लानर और इंजीनियर भवनों की जांच करते तो गड़बड़ी पकड़ में आ जाती। अगर संबंधित बिल्डरों द्वारा ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट नहीं लिया गया, तब भी निगम को कार्रवाई करने का अधिकार है।

## कांग्रेस पार्टी का सेक्टर-4 में चुनाव को लेकर बैठक

**बोकारो, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी के प्रधान कार्यालय सेक्टर-4 में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अजय कुमार सिंह ने की। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह जो बोलते हैं, वही करते हैं। आज उनकी पत्नी चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी है और हम सभी को अपार बहुमत से विजयी बनाना है। अजय ने कहा कि धनबाद की खुशहाली के लिए अनुपमा सिंह को वोट दें और विश्वास कीजिए पूरे धनबाद का विकास होगा। वहीं बेरमो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक ने कहा कि कोई भी महिला जिस तरह अपने पूरे परिवार को अच्छे से संभाल कर चलाती है, अपने परिवार और बच्चों का भविष्य संवारती है, ठीक उसी तरह कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाकर धनबाद को संवारने का अवसर दिया है। अनुपमा सिंह को जीताकर धनबाद के उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करें।मौके पर ललन रवानी, रायिश आलम, शंकर महतो, हसनुल्लाह अंसारी, भसीन अंसारी, रियाजुद्दीन अंसारी, अब्दुल मन्नान अंसारी, शंकर मंडल, सुधीर कुमार हरि, साधु महतो, जमील अख्तर, उदय सिंह, जफर इमाम, जियाउल हक आदि थे।

# ईडी रेड मामला : अब सस्पेंड होंगे संजीव लाल, ग्रामीण विकास विभाग में 15 फीसदी कमीशन

**रांची, एजेंसी।** रांची में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर आलम को मंगलवार को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों को छह दिनों की रिमांड पर भेज दिया है। अब जानकारी मिल रही है कि पीएस संजीव लाल को सस्पेंड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्रवाई से संबंधित फाइल कार्मिक विभाग ने बढ़ा दी है।

सीएम चंपाई सोरेन की सहमति मिलते ही उन्हें सस्पेंड करने संबंधित लेटर जारी कर दिया जाएगा। बता दें कि संजीव लाल झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं।

रांची में प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी में बरामद करोड़ों रुपए के कैश के बाद कई



महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ रही हैं। मनी ट्रांजैक्शन के मामले में पूरा ग्रामीण विकास विभाग लगा हुआ है। इस विभाग के मंत्री आलमगीर आलम हैं। विभाग में ग्रामीण विकास की योजनाओं पर 15 फीसदी तक का कमीशन फिक्स था।

इतना ही नहीं कमीशन की वसूली से लेकर बंटवारे तक में एक सिस्टम काम कर रहा था। यह तमाम जानकारी ईडी ने अपने रिमांड पिटीशन में स्पेशल कोर्ट को बताया है। सोमवार को हुई छापेमारी और मिली जानकारी के आधार पर ईडी ने मंगलवार को भी छापेमारी की।

यह छापेमारी चार जगहों पर चली। जिसमें से ठेकेदार राजीव सिंह के सिंहमोड़ स्थित आवास से 1.50 करोड़ और ग्रामीण विकास विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर अजय मुंडा के भाई संजय मुंडा के आवास से 2.5 लाख रुपए बरामद किए गए। मंगलवार की छापेमारी में ईडी को कई दस्तावेज भी हाथ लगे हैं।ग्रामीण विकास विभाग में वसूली का पूरा सिस्टम बना हुआ था। यह सिस्टम फाइल बनने से वसूली होने तक एक्टिव रहता था। इस बात की जानकारी ईडी ने पिटीशन में है। कोर्ट को बताया गया है कि संजीव लाल विकास की योजनाओं का टेंडर मैनेज कर कमीशन के पैसे वसूलता है।


इसमें ठेकेदार और इंजीनियर उसका सहयोग करते हैं। इसके बाद वसूले गए पैसे को संभालने की जिम्मेदारी जहांगीर आलम की थी। जहांगीर को पैसे संभालने के लिए इसलिए दिए जाते थे। क्योंकि उसका संजीव लाल के साथ काफी अच्छा संबंध था।

इस बात का भी खुलासा तब हुआ जब ईडी ने संजीव लाल के घर से दो गाड़ियां जब्त की। दोनों ही गाड़ियां जहांगीर के नाम से रजिस्टर्ड हैं। पूछताछ के दौरान जहांगीर ने भी ईडी को इस बात की जानकारी दी है। साथ ही यह भी बताया है कि दो गाड़ियों में से एक गाड़ी का पैसा संजीव लाल ने ही दिया था।

# राधिका खेड़ा के भाजपा प्रवेश पर बोले भूपेश बघेल, आखिर कितने में हुई डील?

**रायपुर एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के बीच कांग्रेस पार्टी की राट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने आज भाजपा का दमन थाम लिया है। राधिका खेड़ा के भाजपा में जाने के बाद अब छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जमकर निशाना साधते हुए खेड़ा से कई सवाल किया है। बघेल ने सवाल करते हुए कहा कि आखिर डील हुई है तो कितने की डील हुई है ये राधिका खेड़ा बताएं। बतादें कि छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने आज पाटन पहुंचकर परिवार के साथ वोट डाला है।

इस बीच बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए राधिका खेड़ा के बीजेपी जॉइन करने पर सवाल खड़ा किया है। बघेल ने कहा कि अब यह बात राधिका खेड़ा ही बता सकती है कि आखिर डील तो हुई है और कितने की डील हुई है। इसके साथ ही बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कांग्रेस नेताओं को विलुप्त प्रजाति के बताने वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मतदाताओं को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, लगता है कि बीजेपी के





नेताओं का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। बीते दिनों छत्तीसगढ़ में हुए राधिका खेड़ा के विवाद के बाद खेड़ा ने पार्टी को अपना इस्तीफा देते हुए कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं पर गंभीर आरोप लगाया था। राधिका खेड़ा ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाते हुए कहा था कि आखिर प्रियंका गांधी भूपेश बघेल का इतना पक्ष क्यों लेती है। राधिका ने आरोप लगाया था कि भूपेश बघेल आखिर प्रियंका गांधी को ऐसा क्या दे रहे हैं कि वह हमेशा उनके साथ आ जाती है। राधिका खेड़ा ने सीएम पद के दौरान हुए विवाद पर बघेल का साथ देने का आरोप प्रियंका गांधी पर लगाया था। इसके साथ ही बघेल और सचिन पायलट पर सुशील आनंद शुक्ला का समर्थन करने की बात भी कही थी। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा को छत्तीसगढ़ के मीडिया विभाग की जिम्मेदारी देकर भेजा गया था। बीते दिनों प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा और संचार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला के साथ विवाद हुआ था। जिसे लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था। जिसमें राधिका रोते हुए फोन पर अपने साथ हुए दुर्व्यहार के बारे में बोलती नजर आ रही थी। वहीं इस मामले में राधिका ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए भी बहुत सी बाते लिखी थी। जिसमें राधिका ने लड़की हूं लड़ रही हूं जैसी बात करते हुए। पूर्व सीएम और संचार विभाग के अध्यक्ष पर सीधा हमला बोला था। वहीं इस मामलें में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को जांच कर रिपोर्ट दिल्ली भेजने की बात कही गई थी। जिसके बाद बीते शनिवार को कांग्रेस भवन में दोनों पक्षो को बुलाकर सभी का बयान लिया गया और रिपोर्ट हाईकमान को भेज दी गई थी। इस पूरे विवाद के बाद कांग्रेस हाईकमान के फैसले का इंतजार ही हो रहा था कि राधिका खेड़ा ने इस बीच रविवार को इस्तीफा कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेज दिया। राधिका खेड़ा ने इस्तीफा भेजते हुए छत्तीसगढ़ की घटना के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी पर कई आरोप भी लगाए।

राधिका ने लिखा कि जब से मैं राम मंदिर रामलला के दर्शन करके लौट कर आई हूं मेरे सांथ पार्टी के द्वारा गलत व्यवहार किया जा रहा है। राधिका ने कहा कि मैं एक लड़की हूं कांग्रेस पार्टी महिला के साथ हुए दुर्व्यहार पर चुप्पी बनाई हुई है। इसके बाद बीते सोमवार को राधिका खेड़ा ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस पार्टी के नेता प्रियंका गांधी, सचिन पायलेट, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बघेल समेत महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। राधिका खेड़ा ने इस बीच छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर शराब ऑफर करने की बात भी कही है। राधिका ने कहा कि मैं लड़की हूं और अपने न्याय के लिए लड़ती रहूंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्मियों में खाएं सेहतमंद स्नैक्स और त्वचा को बनाएं स्वस्थ: डॉ गीतिका मित्तल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गर्मियों का असर अक्सर त्वचा के स्वास्थ्य पर पड़ता है ऐसे में इस मौसम में त्वचा की विशेष देखभाल करना ज़रूरी है। त्वचा विशेषज्ञ होने के नाते मैं यही सलाह दूंगी कि त्वचा की बाहरी देखभाल के साथ-साथ इसका भीतर से भी ख्याल रखना चाहिए। इसके लिए संतुलित आहार का सेवन करें, अगर आप भीतर से स्वस्थ होंगे तो बाहर से भी खूबसूरत महसूस करेंगे। यहां हम ऐसे कुछ सुझाव लेकर आए हैं, जिन्हें अपनाकर आप बदलते मौसम में भी त्वचा की अच्छी देखभाल कर सकते हैं। बादाम पोषण से भरपूर मेवा है। इनमें तकरीबन 15 पोषक तत्व जैसे मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन, ज़िंक आदि होते हैं। बादाम में सेहतमंद वसा और विटामिन ई (एल्फा-टोकोफेरोल) होते हैं, जो एंटी-एजिंग के गुणों से भरपूर और त्वचा के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि आप इन्हें कई तरीकों से अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। बादाम को रोस्ट करके खाएं, अपनी स्मूदी या ओटमील में मिलाएं, सलाद के साथ खाएं और ऐसे कई ढेरों तरीकें हैं, जिनके द्वारा आप बादाम को अपने रोज़मर्रा के आहार में शामिल कर सकते हैं। स्प्राउट्स स्नैक्स का सेहतमंद विकल्प है। शाम के स्नैक्स हों या ऑफिस ब्रेक, स्पाउट्स विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं। गूगल सर्च में भी आपको स्प्राउट्स के ढेरों विकल्प मिलेंगे। सलाद से लेकर रैप तक, आप कई तरह के आहार में स्प्राउट्स को शामिल कर सकते हैं और अपने व्यंजनों को स्वादिष्ट एवं सेहतमंद बना सकते हैं। अपने आहार में संतरा, अंगूर और स्ट्रॉबैरी शामिल करें। इन्हें और मज़ेदार बनाने के लिए बादाम से गार्निश करें। विटामिन ई और सी एक साथ मिलकर त्वचा को रसायनों एवं यूवी के कारण होने वाली जलन इत्यादि से सुरक्षित रखते हैं।

### माता-पिता को उचित टीकाकरण कार्यक्रम का पालन करके अपने बच्चों की सुरक्षा करनी चाहिए

**इंदौर, एजेंसी।** इस बार विश्व टीकाकरण सप्ताह के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। यह मील का पत्थर वैश्विक टीकाकरण के प्रयासों की विरासत और पिछले पांच दशक में टीकाकरण के माध्यम से बचाए गए अनगिनत जीवन और संरक्षित समुदायों की याद दिलाता है। भारत में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम से 90प्रतिशत से अधिक बच्चों तक टीकाकरण का विस्तार करने में सफलता मिली है। हालांकि उम्र के पहले वर्ष में कवरेज अधिक है लेकिन पहले जन्मदिन के बाद से ड्रॉप-आउट दरें बढ़ जाती हैं। इसका नतीजा यह है कि देश में बड़ी संख्या में बच्चों का आंशिक टीकाकरण ही हो पाता है। डॉक्टर श्रीलेखा जोशीज क्लीनिक, इंदौर की कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन डॉ. श्रीलेखा जोशी ने कहा ज्यादातर अभिभावक टीके की सुरक्षात्मक ताकत को समझते हैं, इसलिए समय पर टीकाकरण के महत्व पर जोर देने की जरूरत है। लगातार सीख और स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ मिलकर हम स्वस्थ भविष्य की राह बना सकते हैं। इस विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर मैं लोगों को प्रोत्साहित करता हूं कि डॉक्टरों से विमर्श करें और सही जानकारी के साथ निर्णय लें। 1-2 वर्ष की आयु के बच्चों को कई बीमारियों से बचाने में टीकाकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीकाकरण से वर्ष 2000 से 2019 के बीच निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में बचपन में हो जाने वाली 3.7 करोड़ असमय मौतों को रोकने में सफलता मिली। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स इस आयु वर्ग के बच्चों के लिए सात टीकाकरणों की सिफारिश करता है। इनमें वैरिसेला एवं हेपेटाइटिस ए की पहली व दूसरी खुराक, मेनिनजाइटिस एवं एमएमआर की दूसरी खुराक, पीसीवी एवं डीटीपी हिब आईपीवी की बूस्टर खुराक और फ्लू की वार्षिक खुराक शामिल हैं। बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली पूरी तरह विकसित नहीं हुई होती है इसीलिए कई संक्रमणों से लड़ने में असमर्थ होती है। गंभीर संक्रमणों और उनकी जटिलताओं से बचाता है। टीकाकरण से अस्पताल में भर्ती होने का दबाव कम हो गया है। टीका लगवा चुके बच्चे समय पर अपने शारीरिक और संज्ञानात्मक लक्ष्य हासिल करने में सक्षम होते हैं टीकाकरण सामुदायिक प्रतिरक्षा विकसित करने में भी मदद करता है।




## 16 गांवों के 8700 किसानों को अगले महीने मिलेगी गुडन्यूज, यीडा की सूची तैयार; बड़ी मांग होगी पूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) में परियोजनाओं को गति देने की तैयारी पूरी हो गई है। जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को सात प्रतिशत आबादी के भूखंड के आवंटन को लेकर सूची तैयार कर ली गई है। 30 जून तक सभी 16 गांवों के करीब आठ हजार 700 किसानों को भूखंडों का आवंटन कर दिया जाएगा। यमुना सिटी में किसानों के विरोध के चलते अटकी परियोजनाओं को गति मिलेगी। यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि पूर्व में हुए प्रकाशन में आई आपत्तियों का निस्तारण कर पात्र किसानों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। नियोजन और परियोजना विभाग को ले-आउट के अनुसार विकास कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल, जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को यमुना प्राधिकरण में सात फीसदी विकसित भूखंड देने का प्रावधान है। जमीन अधिग्रहण के कई साल बाद भी इसका लाभ पाने से वंचित रह गए किसान पिछले काफी समय से आबादी भूखंड दिए जाने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में वह प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित हो रही परियोजनाओं को पूरा करने में अड़ंगा डालते हैं।

## आदर्श आचार संहिता तो मोदी आचार संहिता बन गई: ममता बनर्जी

**कोलकाता एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ईसी ने भाजपा नेताओं की ओर से प्रचार के दौरान नफरत फैलाने वाले भाषण देने से जुड़े आरोपों के संबंध में आंखें मूंद ली हैं, जिससे आदर्श आचार संहिता 'मोदी आचार संहिता' में तब्दील हो गई है। पुरुलिया में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य शीर्ष नेता केवल खुद को ही हिंदू मानते हैं और वे अन्य समुदायों के बारे में नहीं सोचते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और अन्य भाजपा नेता अपने नफरत भरे भाषणों से निचली जाति के हिंदुओं, अल्पसंख्यकों और अन्य वंचित वर्गों को डरा रहे हैं लेकिन निर्वाचन आयोग चुप है। ममता बनर्जी ने कहा, 'निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता एक मजाक बन गई है और इसे मोदी आचार संहिता का नाम दिया जाना चाहिए। लेकिन, हम इस देश के नागरिकों के अधिकारों के उल्लंघन की हर घटना को उजागर करना जारी रखेंगे।

## राजस्थान पुलिस अफसरों को रात गुजारने के लिए चाहिए लड़की, ऑडियो हुआ वायरल

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के धौलपुर जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक कांस्टेबल ने ग्रामीण से ऐसी डिमांड कर दी जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल ने गांव के एक युवक से अपने अफसरों की मसाज और रात गुजारने के लिए लड़की की डिमांड की। कांस्टेबल की इस डिमांड से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। कांस्टेबल का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और ग्रामीणों की शिकायत के बाद एसपी ने आरोपी कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, धौलपुर पुलिस लाइन में तैनात कॉन्स्टेबल रामनरेश जाटव ने अपने ही गांव के एक युवक से मसाज के लिए लड़की की डिमांड की। आरोप है कि इसके लिए उसने ग्रामीण को एक हजार रुपए भी देने का लालच दिया। बताया जा रहा है कि उसने यहां तक कहा कि अधिकारियों को लड़की सप्लाई करनी है। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने पंचायत बुलाई।

## लंदन से भऊ गैंग ने दिल्ली के तिलक नगर में कराई ताबड़तोड़ फायरिंग? तिहाड़ जेल से कनेक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के तिलक नगर स्थित कार शोरूम पर सोमवार रात को हुई ताबड़तोड़ फायरिंग मामले में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों को वारदात के लिए लंदन से भऊ गैंग के निर्देश मिले थे और तिहाड़ में बंद नवीन बाली गिरोह ने इन्हें हथियार मुहैया कराए थे। इसके बाद घटना को अंजाम दिया गया।

घटना इतनी भयावह थी कि फायरिंग के दौरान शीशा टूटने से सात लोग जख्मी हो गए थे। इसमें घायल विकास त्यागी का इलाज अभी भी चल रहा है। बाकी छह को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। आरोपियों को पकड़ने के लिए स्थानीय थाना पुलिस के अलावा जिला पुलिस की ऑपरेशन सेल, स्पेशल स्टाफ के साथ ही अपराध शाखा व स्पेशल सेल की टीम कोशिश कर रही है। सीसीटीवी में कैद इस घटना में दो आरोपी गोली चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस जांच



में सामने आया है कि आरोपियों ने शोरूम के नजदीक अपनी बाइक खड़ी कर दी थी। इसके बाद वे बात करते हुए शोरूम के अंदर गए और चंद सेकेंड बाद ही दोनों ने फायरिंग शुरू कर दी। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते आरोपी फायरिंग करते हुए शोरूम से बाहर की और दौड़ने लगे। इस दौरान आरोपियों ने करीब 20 राउंड फायरिंग की। इससे शोरूम और उसके पास स्थित बैंक के शीशे टूट कर फैल गए।

घायल विकास त्यागी ने बताया कि उनके चेहरे पर गंभीर चोटे आई हैं। वह बेटे के लिए गाड़ी देखने शो रूम में पहुंचे थे। घटना के समय उनके साथ पत्नी व बेटा भी था। एक मिनट 11 सेकेंड की फुटेज में दिखाई दे रहा है कि दोनों आरोपी पहले शोरूम के बाहर खड़े एक गार्ड से कुछ पूछते हैं। इसके बाद दोनों शोरूम के अंदर चले जाते हैं। कुछ ही सेकेंड में दोनों गोली चलाते हुए बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों शूटर भाऊ गैंग के हैं। इस गैंग का सरगना लंदन से ही गिरोह चला रहा है और भारत में उसे तिहाड़ में बंद नीरज बाली के गिरोह का समर्थन है। ऐसे में अब जांच तिहाड़ जेल तक पहुंच गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस इस मामले में बाली से पूछताछ कर सकती है।

## नीट धांधली में एसआईटी गठित, रिमांड पर लिये जायेंगे आरोपी

**पटना , एजेंसी।** नीट यूजी परीक्षा धांधली मामले में पटना पुलिस ने एसआईटी गठित की गई है। सिटी एसपी सेंट्रल के नेतृत्व में गठित एसआईटी में दो डीएसपी रैंक के अफसर, छह इंस्पेक्टर और तकनीकी सेल के पुलिसकर्मी शामिल हैं। वहीं शास्त्रीनगर थाने में दर्ज केस के आईओ दारोगा टीएन सिंह बनाए गए हैं। डीआईजी सह एसएसपी राजीव मिश्रा के मुताबिक, पुलिस एक-एक कर गिरफ्तार आरोपितों को रिमांड पर लेगी और उनसे पूछताछ करेगी। पुलिस छात्र आयुष राज से भी पूछताछ करेगी, जिसने प्रश्नपत्र एक रात पहले ही मिलने का दावा किया था। संजीव सहित अन्य की तलाश पुलिस मास्टरमाइंड संजीव सिंह, उसके गुर्गे रॉकी समेत अन्य की तलाश में जुटी हुई है। संजीव के पकड़े जाने पर कई राज से पर्दा उठेगा। संजीव पर पूर्व में भी परीक्षाओं में धांधली के आरोप हैं। सूत्रों के मुताबिक संजीव की तलाश में पटना और उससे सटे जिलों में छापे मारे गए। संजीव के बेटे पर भी नजर है, जो एक दूसरे राज्य में हुई परीक्षा में गड़बड़ी में जेल जा चुका है।

राजीव मिश्रा, ने बताया कि पुलिस ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। बारीकी से जांच के बाद जो तथ्य सामने आयेंगे उनके आधार पर कार्रवाई होगी। एसआईटी गिरोह के सभी सदस्यों को गिरफ्तार करेगी। आपको बता दें कि नीट यूजी 2024 का आयोजन 5 मई को देशभर के परीक्षा केंद्रों में और कुछ विदेशों में बने परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई थी। देशभर के मेडिकल, डेंटल, आयुष, वेटरनरी तथा चयनित नर्सिंग कॉलेजों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी 2024) रविवार को कराई गई थी। एमबीबीएस, बीएचएस, बीएमएस, बैचलर इन डेंटल सर्ज और बीएससी नर्सिंग समेत विभिन्न स्नातक स्तरीय मेडिकल कोर्सों में दाखिले के लिए हर साल करीब 20 लाख छात्र भाग लेते हैं।

## फिलिस्तीन पर लाइक करती थी पोस्ट, टॉप स्कूल ने महिला प्रिंसिपल को हटाया

**मुंबई एजेंसी।**
मुंबई के एक नामी स्कूल ने अपने प्रिंसिपल को पद से हटा दिया है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि प्रिंसिपल परवीन शेख अकसर फिलिस्तीन पर सोशल मीडिया पोस्ट्स को लाइक करती थीं। स्कूल के मैनेजमेंट का कहना है कि हमने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि एकता और समावेशी संस्कृति के अपने सिद्धांतों से हम समझौता नहीं कर सकते। परवीन शेख ने हमास और इजरायल युद्ध पर कई पोस्ट्स को लाइक किया था। इसके अलावा फिलिस्तीन के मुद्दे पर अन्य तमाम पोस्ट्स को वह लाइक करती थीं। मुंबई के विद्याविहार इलाके के सोमैया स्कूल की प्रिंसिपल परवीन शेख ने अपनी नौकरी छीने जाने को पूरी तरह अवैध और गलत बताया है।

उन्होंने कहा कि राजनीति के तहत यह कदम उठाया गया है, जिससे मैं आहत हूं। वहीं स्कूल मैनेजमेंट ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनकी ऐक्टिविटी शिक्षण संस्थान के मूल्यों के विपरीत थी। कहा जा रहा है कि परवीन शेख को मैनेजमेंट ने काफी समय पहले ही कहा था कि वह रिजाइन दे दें। उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया तो फिर उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। परवीन शेख की एक करीबी ने बताया कि उनके खिलाफ जांच करने की बात



मैनेजमेंट ने कही थी। सोमैया स्कूल के मैनेजमेंट ने मंगलवार को एक्स पर बयान शेयर करते हुए लिखा कि परवीन शेख की सोशल मीडिया ऐक्टिविटीज हमारी वैल्यूज के विपरीत थी। बयान में कहा गया, गंभीरता से विचार करने के बाद मैनेजमेंट ने परवीन शेख की सेवाओं को समाप्त कर दिया है। वह स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर थीं, लेकिन उन्होंने मूल्यों के विपरीत काम किया। प्रबंधन का कहना था कि हम ऐसे मूल्यों को बढ़ावा देते हैं, जिसके तहत सभी समुदायों का सम्मान किया जाए। निजी पूर्वाग्रहों से ग्रसित न रहें और संकीर्ण मानसिकता किसी के प्रति न रहे।

## बंगाल में बारिश और तूफान से भारी तबाही, 12 लोगों की मौत



**कोलकाता एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल में आंधी-तूफान और बिजली गिरने से भारी तबाही मची है। इस आपदा की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई। इस बीच, भारतीय मौसम विभाग के अनुमान ने चिंता और बढ़ा दी है। आईएमडी का कहना है कि अगले कुछ दिनों में आंधी-तूफान का सिलसिला जारी रह सकता है। साथ ही, राज्य के कई जिलों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। सोमवार को हुई भारी बारिश और आंधी-तूफान के चलते पूर्वी बर्दवान में 5 लोगों की मौत हो गई। पश्चिमी मिदनापुर और पुरुलिया में आंधी-तूफान और बिजली गिरने से 2-2 लोगों की मौत हुई। नादिया में दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई और दक्षिण 24 परगना में 1 व्यक्ति की मौत पेड़ के उखड़ जाने से हो गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आंधी-तूफान, बिजली गिरने और दीवार गिरने से हुई मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर कहा, यह जानकर बहुत दुख हुआ कि सोमवार की रात आंधी और बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन चौबीसों घंटे आपदा प्रबंधन मोड पर काम कर रहा है। साथ ही दिशानिर्देशों के अनुसार राहत और अनुग्रह राशि प्रदान करने के लिए उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त की। बांग्लादेश से लगी सीमा पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन डेवलप हो रहा है। साथ ही, झारखंड से राजस्थान तक कम दबाव का क्षेत्र भी बना हुआ है। कोलकाता में ढ्रख्ष्ठ के क्षेत्रीय कार्यालय के सीनियर अधिकारी ने कहा, इस तरह का बदलाव बंगाल की खाड़ी से नमी खींच रहा है।

## पिता के टोकने पर बेटा हुआ आगबबूला, लाठी से पीट-पीटकर मार डाला

**मोतीपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के मोतीपुर के बरुराज थाना क्षेत्र के अहरौलिया गांव में मंगलवार की अहले सुबह सिरफिरे पुत्र विनोद कुमार पासवान ने अपने पिता राजेन्द्र पासवान (65) की लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या दी। खबर लगते ही गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने हत्यारे पुत्र विनोद को हिरासत में ले लिया है।

घटना के बावत राजेंद्र की बड़ी बहू सविता देवी ने पुलिस को बताया कि सुबह विनोद लाठी से घर के दरवाजे को तोड़ रहा था। उसके पिता डांट-फटकार लगाते हुए उसे ऐसा करने से मना कर रहे थे। इससे आक्रोशित होकर विनोद ने उसी लाठी से पिता के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इससे उनका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गए। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। अचेतावस्था में ससुर को इलाज के लिए निजी क्लिनिक में ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत बताया।

बरुराज थानाध्यक्ष संजीव कुमार दुबे ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित विनोद कुमार पासवान को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ की जा रही है। परिजन उसे मानसिक रूप से बीमार बता रहे हैं। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सविता ने पुलिस को बताया कि विनोद की शादी वर्ष 2009 में हुई थी। वह कोई काम नहीं करता था।

# तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे।

चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया।

यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

आईपीएल:2024

# संजू सैमसन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ की छक्कों की बरसात

## तोड़ डाले एमएस धोनी और रोहित शर्मा के रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के कैच पर भले ही विवाद छिड़ा हो, लेकिन उन्होंने दिल्ली के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दमदार बल्लेबाजी की और दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। संजू सैमसन ने दोनों रिकॉर्ड छक्के जड़कर बनाए। एक रिकॉर्ड अपने नाम किया, जबकि एक रिकॉर्ड की उन्होंने बराबरी की। वे आईपीएल में सबसे तेज छक्कों का दोहरा शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन आईपीएल के इतिहास में सबसे कम पारियों में 200 छक्के जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बने हैं। संजू सैमसन ने 159 पारियों में 200 छक्कों का आंकड़ा पार किया, जबकि उनसे पहले एमएस धोनी के नाम पर ये रिकॉर्ड दर्ज था। एमएस धोनी ने 165 पारियों में 200 छक्के आईपीएल में जड़े थे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहला छक्का जड़ते ही उन्होंने आईपीएल में 200 छक्के पूरे कर लिए थे।

इतना ही नहीं, संजू सैमसन ने रोहित शर्मा का भी एक रिकॉर्ड धराशायी कर दिया। रोहित शर्मा ने 11 बार आईपीएल के इतिहास में एक मैच में 5 या इससे ज्यादा छक्के जड़े हैं, जबकि संजू सैमसन ने 12वीं बार ये कमाल कर दिखाया। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 6 छक्के जड़े। हालांकि, इतनी ही बार केएल राहुल ने भी आईपीएल में एक पारी 5 या इससे ज्यादा छक्के जड़े हैं। ऋषभ पंत 9 बार और एमएस धोनी 8 बार ये कमाल करने में सफल हुए हैं। संजू सैमसन की बात करें तो उन्होंने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के 56वें लीग मैच में 46 गेंदों में 8 चौके और 6 छक्कों की मदद से 86 रन बनाकर आउट हुए। उनका स्ट्राइक रेट इस पारी में 186.96 का था। अगर वे विवादित तरीके से आउट नहीं दिए जाते और वह छक्का होता तो निश्चित रूप से मैच का नतीजा अलग हो सकता था



शुभमन गिल के स्टार खिलाड़ी ने

# पाकिस्तान को दिया धोखा

## नहीं खेलेगा टी-20 सीरीज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आयरलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है। लिस्ट में जोश लिटिल का नाम भी शामिल है। हालांकि, रोचक बात यह है कि वह सीरीज खेलेंगे नहीं। वह इस दौरान आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते नजर आएंगे।

इंडियन फुटबॉल टीम

# विश्व कप क्वालिफायर के संभावितों की सूची में फुटबालर झींगन बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे।

भारतीय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्वकप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की जिसमें चोटिल डिफेंडर संदेश झींगन का नाम नहीं है। झींगन को जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगी थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे।

दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में मेजबान टीम से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटाएंगी।

### संभावित खिलाड़ी

गोलकीपर- पी तेमपा लाचेंपा, विशाल कैथ

रक्षक पंक्ति -आकाश मिश्रा , अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, शुभाशीष बोस

मध्यपंक्ति-अनिरूद्ध थापा, दीपक टंगड़ी, लालेंगमाविया राल्टे, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, सहल अब्दुल समद ।

अग्रिम पंक्ति- डेविड लालह्लानसंगा, जितिन मदाथिल सुब्रान, लालरिनजुआला, पार्थिब सुंदर गोगोई, रहीम अली, सुनील छेत्री।

संक्षिप्त समाचार

# खुशी ने रोशन किया औरंगाबाद का नाम

## अंडर 20 भारतीय वॉलीबॉल टीम में मिली जगह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार के औरंगाबाद शहर के गंगटी गांव की खुशी ने न सिर्फ औरंगाबाद का नाम रौशन किया है बल्कि सूबे समेत राष्ट्र को भी गौरवान्वित किया है।खुशी का चयन अंडर 20 भारतीय महिला बॉलीबॉल टीम में हुआ है। टीम में चयन होते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। खुशी को घर आते ही जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। खुशी के पिता गंगटी गांव निवासी संतोष सिंह की मौत 2016 में हो गई थी। पति के मौत के बाद परिवार का सारा दायित्व खुशी की मां पर आ गया। खुशी पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बेहद रूची रखती थी। खुशी पांच भाई बहनों में सबसे छोटी है।

आईपीएल 2024

# पानी पिलाते-पिलाते फ्रस्टेट हुआ सीएसके का स्टार खिलाड़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स टीम का माहौल बहुत शानदार है और मैनेजमेंट टीम की प्लेइंग-11 में बहुत कम बदलाव करता है। यही वजह है कि कई स्टार प्लेयर्स सिर्फ बेंच पर ही बैठ नजर आते हैं। ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं मिचेल सेंटनर। उन्होंने इस मामले को लेकर अब खुलकर अपनी बात कही है। और अपनी नाराजगी जाहिर की।

# मार्श टी20 विश्व कप में गेंदबाजी करेंगे: मैक्डोनाल्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने खुलासा किया कि टी20 विश्व कप के कप्तान मिचेल मार्श टीम के कैरेबियाई दौरे से पहले अंतिम सप्ताह तक गेंदबाजी करने के लिए फिट नहीं हैं, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मार्श 3 अप्रैल को आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए हुए मुकाबले के बाद से एक्शन से बाहर हैं। वह अपनी रिकवरी शुरू करने के लिए भारत से पर्थ वापस घर आ गए। अगले दो हफ्तों में मार्श ब्रिस्बेन में दो तीन दिवसीय प्री-टूर्नामेंट प्रशिक्षण शिविरों में से पहला शिविर ऑस्ट्रेलियाई टीम के उन सदस्यों के साथ बिताएंगे जो आईपीएल में नहीं खेल रहे हैं, इससे पहले कि टीम 25 मई को मेगा इवेंट के लिए कैरेबियाई रवाना हो जाए। हालांकि पिछले दो दिनों में मार्श की हैमस्ट्रिंग काफी हद तक ठीक हो गई थी जिससे उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करने का मौका मिला। हालांकि, मैक्डोनाल्ड को लगता है कि उन्हें गेंदबाजी क्रीज पर लौटने में अभी भी कुछ सप्ताह का समय बाकी है क्योंकि मार्श की रिकवरी उम्मीद से थोड़ी धीमी है।

मैक्डोनाल्ड के हवाले से कहा, वह अच्छी प्रगति कर रहा है। शायद उम्मीद से थोड़ा धीमा। लेकिन अब हमारे पास काफी समय है क्योंकि वह आईपीएल से बाहर हो गया है। हमारा पहला मैच अब एक महीने से भी कम समय दूर है। इसलिए उसके पास तैयार होने के लिए पर्याप्त समय है। मैक्डोनाल्ड ने कहा कि पिछले दो महीनों में मार्श के लिए मैच अभ्यास की कमी को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास ओमान के साथ शुरुआती मुकाबले से पहले कुछ अभ्यास मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ करेगा।

# लड़की तू कमाल की, बीच IPL में इस अभिनेत्री के साथ जमकर थिरके रसेल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल बहुत जल्द आपको बॉलीवुड में नजर आएंगे। उनका एक गाना नौ मई को रिलीज होगा जिसमें वह टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री अविका गौर के साथ मस्ती में झूमते नजर आएंगे। इस गाने का टीज़र सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रहा है जिसमें स्टार खिलाड़ी को अलग अंदाज में देखा जा सकता है।

### नौ मई को रिलीज होगा रसेल का नया गाना

रसेल के नए गाने का नाम लड़की तू कमाल की है जिसमें पलक मुच्छल ने भी अपनी आवाज दी है। वहीं, म्यूजिक वीडियो को मशहूर गायिका के भाई पशाल मुच्छल ने डॉयरेक्ट किया है।

वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने इसके लिए भारतीय आउटफिट पहना है। उन्होंने एक लुंगी और शर्ट पहनी है। वहीं, अभिनेत्री ने नीले रंग की साड़ी पहन रखी है। दोनों मस्ती भरे अंदाज में इस गाने पर नाचते नजर आ रहे हैं। फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है।

# माराडोना को 1986 विश्व कप में मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

फुटबॉल



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।**यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी।

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर रहे दिवंगत डिएगो माराडोना को 1986 विश्वकप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी को नीलामी में शामिल किया गया है। अगुट्टेस नीलामी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह नीलामी अगले महीने फ्रांस में होगी। यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी।

माराडोना का देहांत 2020 में 25 नवंबर को हुआ था। नकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फाइनल में वेस्ट जर्मनी को 3-2 को हराकर 1986 विश्वकप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। गोल्डन बॉल ट्रॉफी 1982 विश्वकप से शुरू की गई थी और अर्जेंटीना के ही लियोनल मेसी एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार गोल्डन ट्रॉफी जीती थी।

# 16 अंकों के बावजूद राजस्थान नहीं कर पाई प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई, जीत से दिल्ली को फायदा

आईपीएल-2024

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा समय में कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2024 की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी है। टीम के खाते में 16 अंक हैं और उनका नेट रनरेट 1.453 का है। केकेआर लगभग प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है।

आईपीएल 2024 के 56 मुकाबले खेले जा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी टीम में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं किया है। इस बीच दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के साथ अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर अपनी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। मंगलवार को आईपीएल 2024 का 56वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में पंत की टीम ने 20 रनों से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में मिली हार के बाद भी राजस्थान की टीम अंक तालिका में दूसरे पायदान पर बनी हुई है। टीम के खाते में 16 अंक और +0.476 नेट रनरेट है। हालांकि, अब तक राजस्थान प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है लेकिन टीम के प्लेऑफ में पहुंचने के चांस प्रबल हैं। संजू सैमसन की टीम को अभी तीन मुकाबले और खेलने हैं।

### केकेआर शीर्ष पर

मौजूदा समय में कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2024 की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी है। टीम के खाते में 16 अंक हैं और उनका नेट रनरेट 1.453 का है। केकेआर लगभग प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। टीम को अभी तीन मैच और खेलने हैं। 11 मई को टीम मुंबई से भिड़ेगी जबकि 13 और 19 मई को टीम का सामना क्रमशः गुजरात और राजस्थान से होगा।

अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स है जिसने 11 मैचों में से छह में जीत का स्वाद चखा है। वहीं, टीम को पांच मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। फिलहाल सीएसके के खाते में 12 अंक हैं और नेटरनेट 0.700 का है। हैदराबाद की टीम 12 अंकों के साथ चौथे पायदान पर है।

**नोटः यह आंकडे 07 मई-2024 तक के है।**

### आईपीएल की अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 08 | 03 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 08 | 03 | 16 | +0.476 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 06 | 05 | 12 | +0.700 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 06 | 05 | 12 | -0.065 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 06 | 06 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 06 | 05 | 12 | -0.371 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.049 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.187 |
| मुंबई इंडियंस | 12 | 04 | 08 | 08 | -0.212 |
| गुजरात टाइटंस | 11 | 04 | 07 | 08 | -1.320 |



## एक नजर

### नवीनगर प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी से पेयजल की समस्या

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र की प्रमुख पुनपुन नदी, तालाब, कुएं व दर्जनों चापाकल सूखने लगे हैं। मई माह के प्रारंभ में ही भीषण गर्मी से पानी की समस्या उत्पन्न हो गई। नवीनगर प्रखंड के साया, गुदाही, सिमरी धमनी, भगवानपुर, पिपराडीह, टंडवा, रामनगर, रजबरिया, सिन्दुरिया समेत दर्जनों गांव में जलस्तर कमजोर होने के कारण पेयजल की समस्या बनी रहती है। गांवों में हैंडपंप का उपयोग किया जाता है, लेकिन जल स्तर नीचे चले जाने से लोगों को काफी परेशानी होने लगी है। तालाबों में पानी तेजी से घट रहा है। लघु सिंचाई विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों तालाब का निर्माण कराया गया है, लेकिन पानी की कमी से वह भी सूख गया है।

### 1825 लोगों ने दाखिल किया बंध पत्र

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव को लेकर दाउदनगर अनुमंडल के 3182 लोगों के खिलाफ अब तक 107, 116(तीन) एवं 110 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। सभी को अनुमंडल कार्यालय से सभी को नोटिस निर्गत कर दिया गया है जिसमें से 1999 को नोटिस तामिला कर लिया गया है। 1825 लोगों द्वारा बंध पत्र दाखिल कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोह थाना के 510, हसपुरा के 493, देवकुंड के 80, उपहारा के 133, बंदेया के दो सौ, ओबरा के 721, दाउदनगर के 822, खुदवां के 223 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें से क्रमशः 300, 196, 61, 82 ,187, 501, 364 व 134 लोगों ने बंध पत्र दाखिल कर दिया है।

### दो वाहनों की टक्कर में बाल बाल बचे वाहन सवार

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** एनएच 139 के दाउदनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर तिवारी मुहल्ला के नजदीक बुधवार की अहले सुबह दो वाहनों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस टक्कर में दोनों वाहनों पर सवार चालक एवं अन्य कर्मी बाल बाल बच गए। एक वाहन घर से टकराते-टकराते बच गया, अन्यथा कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। पता चला कि औरंगाबाद की ओर से एक हाईवा वाहन और पटना की ओर से टैंक लॉरी आ रही थी। दोनों वाहनों की आमने-सामने की टक्कर में वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वाहन सवार बार-बार बाल बाल बच गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण एक वाहन सड़क के पूरब की ओर संजय तिवारी के घर से टकराते-टकराते बच गया। घटना की सूचना पाकर दाउदनगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

काराकाट लोकसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव को लेकर नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता मे हुई बैठक

# प्रतिनियुक्त संबंधित पदाधिकारी को लोकसभा के सफल एवं नियमानुसार संचालन हेतु दिए गए कई निर्देश

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** काराकाट लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का मतदान एक जून 2024 को संपन्न किया जाना है भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रति नियुक्त एफएस, एसएसटी के द्वारा किए गए कार्यों के अनुश्रवण एवं समीक्षा के क्रम में एफएस एवं एस एसएसटी के नोडल पदाधिकारी मेराज जमील की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से समीक्षा हेतु एक बैठक आहूत की गई। बैठक की जानकारी देते हुए एफ एस और एसएसटी के सहायक नोडल पदाधिकारी गुंजन कुमार ने बताया कि बैठक में प्रतिनियुक्त संबंधित पदाधिकारी को लोकसभा के सफल एवं नियमानुसार संचालन हेतु कई निर्देश दिए गए।

सहायक नोडल पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कंपेडियम के अनुसार एस वो पी से अवगत कराया गया तथा इसी कंपेडियम के आलोक में कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया। सभी प्रतिनिधित्व कर्मियों को अपने मोबाइल में ईएलई ट्रेस एप को डाउनलोड करने संबंधी निर्देश दिए गए ताकि इस ऐप के माध्यम से लोकेशन एवं उपस्थिति पर नजर रखी जा सके. सहायक नोडल पदाधिकारी के द्वारा यह भी बताया गया कि सभी प्रतिनियुक्ति कर्मी एवं पदाधिकारी को अपने मोबाइल फोन में ई एसएमएस एप डाउनलोड करने का निर्देश दिया गया है ताकि उनके द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया जा सके। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा यह निर्देश दिया गया कि अपने अपने मोबाइल फोन में सिविजिल एप डाउनलोड कर लें ताकि इस ऐप पर प्राप्त शिकायत एवं परिवाद के आलोक में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके। वीसी के माध्यम से संपन्न इस बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा प्रतिनियुक्त सभी एफ एस एवं एस एस टी, आई टी मैनेजर आदि उपस्थित थे।

# दहेज हत्या के मामले में जेल में बंद पति को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बुधवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे दस रत्नेश्वर कुमार सिंह ने कासमा थाना कांड संख्या -09/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए साक्ष्य के अभाव में मृतका सिम्पी देवी के सास- कलावती देवी,देवर -सदानंद कुमार और काराधीन पति- दयानंद कुमार पड़रिया कासमा को भादवि धारा 304 (बी)34 में दोषमुक्त कर रिहा कर दिया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक विंदेश्वर यादव पौथू ने 10/01/23 को प्राथमिकी में कहा था कि शादी के कुछ माह बाद पचास हजार रुपए लड़की के ससुराल वालों ने मांग की। जिसे सूचक ने दे दिया तो पुनः एक लाख की मांग हुई। जिसे देने में सूचक ने असमर्थता जताई। 10/01/23 को खबर आई कि लड़की आग से जल गई है। रफीगंज अस्पताल गया तो मालूम हुआ कि बेहतर इलाज हेतु मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया है। मगध मेडिकल कॉलेज में लड़की की मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद से पुरे परिवार घर छोड़ कर भाग गया था। न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी होने पर परिवारवालों ने 15/07/23 को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। जेल में बंद पति मैकेनिकल इंजीनियर था। उपरोक्त अभियुक्तों पर संज्ञान 17/08/23 को लिया गया था और आरोप गठन 03/10/23 को हुईं थीं, मात्र 17 माह में मामले का निष्पादन किया गया है।

## ऑटो पलटने से परीक्षा देकर लौट रही सात छात्राएं घायल

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच 19 पर कुशहा मोड के समीप एक टेंपो असंतुलित होकर पलट गया, जिसमें परीक्षा देकर लौट रहीं सात छात्राएं घायल हो गई हैं। घटना बुधवार की देर शाम की है। घायलों में कुशहा निवासी यदुनंदन यादव की 15 वर्षीया पुत्री प्रीति कुमारी, सरयू यादव की 17 वर्षीय पुत्री छोटी कुमारी एवं 15 वर्षीया पुत्री प्रिया कुमारी, बृजकिशोर सिंह की 16 वर्षीया पुत्री निक्की कुमारी, स्व. मुनारिक यादव की 15 वर्षीया पुत्री रूपा कुमारी, युगेश यादव की 17 वर्षीया पुत्री ईशा कुमारी तथा 15 वर्षीया पुत्री खुशी कुमारी शामिल है। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में कराया गया।

# भारतीय वॉलीबॉल अंडर 20 महिला टीम में चयनित होने पर खुशी को बॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने दी बधाई

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बॉलीबॉल एसोसिएशन, औरंगाबाद ने सदर प्रखंड के गंगटी निवासी खुशी कुमारी को भारतीय वॉलीबॉल अंडर 20 महिला टीम में खिलाड़ी के रूप में चयनित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद व एलजेपीआर के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने खुशी को बधाई और आर्शीवाद देते हुए कहा कि खुशी बिहार की इकलौती महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी है, जिसका चयन भारतीय वॉलीबॉल अंडर 20 महिला टीम में हुआ है। यह चयन उसकी कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम है और वें खुशी को पग-पग पर हर तरह की मदद तथा सहयोग के लिए खड़े रहेंगे। कहा कि अपने सर से पिता संतोष सिंह का साया उठ जाने के बावजूद उनकी सबसे छोटी और लाडली बेटी खुशी कुमारी ने हार नही मानी और अंततः अथक परिश्रम के बल पर उसका चयन भारतीय वॉलीबॉल अंडर 20 महिला टीम में होना राज्य की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों के प्रेरणास्पद है। खुशी ने औरंगाबाद ही नही बल्कि पूरे बिहार का मान-सम्मान और गौरव बढ़ाया है। खुशी के चयन पर औरंगाबाद खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने खुशी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि औरंगाबाद की इस बेटी ने अपनी अदभ्य इच्छाशक्ति, कठिन परिश्रम एवं संघर्ष की बदौलत यह मुकाम हासिल कर न सिर्फ अपने जिले का मान सम्मान बढ़ाया है बल्कि देश में बिहार को गौरवान्वित किया है। वह इस टीम में चयनित होकर न सिर्फ बिहार की पहली महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त किया है। बल्कि 50 वर्ष तक भारतीय टीम में बिहार का प्रतिनिधित्व नहीं होने के दंश से मुक्ति दिलाई है। सिंह ने कहा कि खुशी की यह उपलब्धि काफी संघर्षपूर्ण रही है और हमेशा उसने कठिनाइयों का सामना किया है। कहा कि वें जबसे वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने है, तब से उसके अंदर वें उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति को करीब से देखते आ रहे है। वें उसकी बेहतरी के लिए कदम कदम पर एक पिता की तरह साथ खड़े रहे और आगे भी खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व जब खुशी का चयन बिहार टीम के लिए हुआ तो उस वक्त भी उन्होंने न सिर्फ खुशी को सम्मानित किया था बल्कि उसके मनोबल को भी बढ़ाया था।

## देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** गस्ती के दौरान गुप्त सूचना मिलने पर गोह पुलिस ने थाना मुख्यालय स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे स्थित गोह निवासी रमेश दास के ईंट के मकान में छापेमारी कर एक कट्टा एक जिंदा कारतूस व एक खोखा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सूचना के आधार पर गोह निवासी रमेश दास के 35 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसमें एस आई सुदीश कुमार के बयान पर कांड संख्या 99/24 दर्ज कर बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

## स्टैंडिंग कमिटी की बैठक में डीएम ने दिया राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्देश



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सम्पन्न होने वाले चुनाव की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक समाहरणालय औरंगाबाद में निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में राजनीतिक दल के अभ्यर्थियों के साथ आहूत की गई इस अवसर पर स्वप्नाजी गौतम मेश्राम पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद काराकाट लोकसभा संशोधन निर्वाचन क्षेत्र के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा एमसीसी और सिंगल विंडो के माध्यम से आदेश देने एवं वी टी आर बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई इसके अतिरिक्त 37 औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतगणना के सफल संचालन एवं आयोजन संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में आवश्यक कार्वाई करने का निर्देश दिया गया बैठक में उपस्थित राजनीतिक दल के अभ्यर्थियों एवं इलेक्शन एजेंट को मतगणना के संबंध में आवश्यक नियमावली से अवगत कराया गया बैठक में यह भी जानकारी प्राप्त की गई की मतगणना में उनके द्वारा मनोनीत या प्राधिकृत इलेक्शन एजेंट की संख्या उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के द्वारा बताया गया कि काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नबीनगर, गोह, ओबरा विधानसभा क्षेत्र में अवस्थित किसी भी मतदान केंद्रों पर से संबंधित किसी मतदान केंद्र के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना समर्पित करने हेतु एक सप्ताह का समय निर्धारित किया गया इस संदर्भ में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी राजनीतिक दल के अभ्यर्थी संबंधित विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र संबंधी वरी लिस्ट एक सप्ताह के अंदर समर्पित करेंगे ताकि ससमय आवश्यक कार्वाई करते हुए निर्णय लिया जा सके।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** विश्व रेडक्रॉस दिवसीय पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, औरंगाबाद द्वारा बुधवार को शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत सुबह में सत्येंद्र नारायण सिंहा पार्क और राजेंद्र बाल उद्यान में निःशुल्क बीपी और सुगर जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 700 लोगों को निःशुल्क जांच की गई। साथ ही लोगों को चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। इसके बाद सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। इस मौके पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, नगर परिषद के मुख्य पार्षद उदय गुप्ता, ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. रवि रंजन कुमार, डॉ. शोभा रानी, डॉ. राजीव कुमार, रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष महबूब आलम, रेडक्रॉस के प्रभारी अजीत चंद्रा सहित अन्य ने फीता काटकर किया। वही रक्तदान की शुरुआत रेडक्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने स्वयं रक्तदान कर की। इसके बाद 51 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. राजीव कुमार, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता सिंह, कामेश्वर सिंह, कुंदन कुमार, रणधीर कुमार, अरमान अहमद, मुन्ना प्रसाद, अजीत कुमार, शशि सिंह, करण कुमार, अजीत कुमार, ललन कुमार, अनूप कुमार जायसवाल, कुमार अनिकेत, आनंद कुमार सिंह, सोनू कुमार योगी, पूजा सिंह, सुशीला देवी, अनिल कुमार, संजीव कुमार, सारिका शेखर गुड़िया सिंह, दिलीप कुमार, अजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, प्रभात कुमार, राजू कुमार, शंकर कुमार, पंकज कुमार, महमूधिर अहमद, सद्दाम हुसैन, फजर अहमद, रवि कुमार सोनी, विक्रांत कुमार भारती, ओम प्रकाश, राम लखन कुमार, पवन कुमार सिंह, अबराज अली, अविनाश कुमार, मंजू कुमारी, जितेंद्र कुमार, राजा कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद सिंह, रितेश राणा, सागर, अमन कुमार, भास्कर कुमार, अक्षय कुमार, मो. फैजल एवं राशिद खान आदि शामिल है। इस मौके पर रेडक्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस के माध्यम से अलग-अलग तरीके से पीड़ित मानवता की सेवा की जा रही है। चाहे अगलगी की घटना हो, चाहे किसी तरह की आपदा हो या रक्त की कमी को पूरा करने का मामला हो सभी स्तर पर रेडक्रॉस का यह प्रयास रहता है कि पीड़ित मानवता की सेवा की जाए। रेडक्रॉस के सभी सक्रिय सदस्य सामाजिक क्षेत्र में काम करते हैं। रक्तदान में भी भूमिका निभाते हैं। विश्व रेडक्रॉस दिवस में संगठन के सिद्धांतों, मिशन और गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में इसकी भूमिका निहित है। इस दौरान रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनैंट को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष मरगूब आलम ने कहा कि रक्त की कमी के देखते हुए लगातार रक्त पूर्ति के लिए रेडक्रॉस प्रयासरत है। अब अलग-अलग स्थान पर रक्तदान शिविर लगाकर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त जुटाया जाएगा ताकि उनके लिए रक्त की कमी न हो। पीड़ित मानवता की सेवा करना रेड क्रॉस का धर्म है। कार्यक्रम में औरंगाबाद जिले में वैसे सभी संस्थाओं को सम्मानित किया गया जिनके द्वारा वर्ष भर में रक्तदान कैंप लगाया गया हो या साल में 3 से 4 बार रक्तदान करते हो या रक्तदान करवाने में अपनी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हो। इस अवसर पर जिला कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस का काम जिले में काफी सराहनीय रहा है। इस अवसर पर सिविल सर्जन, डीपीएम, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, नगर परिषद के उपाध्यक्ष मो. अहसान, दाउदनगर नगर पंचायत के अध्यक्ष पिंटू साहिल, ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. रवि रंजन, औरंगाबाद की प्रमुख चिकित्सक और प्रबंध समिति की सदस्य डॉ. शोभा रानी, रेडक्रॉस के सचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, प्रबंध समिति के सदस्य अजीत चंद्रा, धीरज अजनबी, पंकज वर्मा, मनोज कुमार, मुन्ना प्रसाद, अभिषेक कुमार, सिकंदर हयात, खुर्शीद आलम, मो. आलम, मनोज कुमार सिंह, शंकर कुमार, वरीय पत्रकार रवि सिंह, जदयू के वरीय नेता दीपक कुमार सिंह, महिला मोर्चा की गुड़िया सिंह, पूजा सिंह, सुमन अग्रवाल, इंदु सिंह, सारिका शेखर, रक्तदान जन सेवा समिति के राहुल राज, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र कुमार शर्मा, वार्ड पार्षद अमित गुप्ता, धर्मेंद्र यादव, रोशन कुमार, जितेंद्र कुमार, अतहर हुसैन, सोनू कुमार, महेंद्र कुमार, रंजय अग्रहरि, अभिषेक बसु, मोनू कुमार, सुशील कुमार, भाजपा के वरीय नेता अशोक कुमार सिंह, शिक्षक नेता अशोक कुमार पांडेय, आदित्य श्रीवास्तव, राहुल कुमार, अमित पुजारी, टेक्नीशियन अमित कुमार, आशुतोष मिश्रा, किरण शुक्ला, रवि कुमार, सुरेश कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, गुड्डू कुमार, शत्रुघन कुमार, द्वारिका जायसवाल, सल्लू खान, सर्वोत्तम कुमार एवं पप्पू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने की मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 काराकाट-35 संसदीय क्षेत्र की तैयारी एवं मतगणना से संबंधित तैयारी पर गठित सभी नोडल पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी सहायक निर्वाची पदाधिकारी के साथ कोषांग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई तथा समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कार्मिक कोषांग, ईवीएम प्रबंधन कोषांग, वाहन कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग,प्रेक्षक कोषांग, निर्वाचन व्यय कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग, मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग, स्वीप कोषांग, जिला संचार योजना/डीईएमपी कोषांग, नियंत्रण कक्ष कोषांग, शिकायत एवं समाधान अनुश्रवण कोषांग, वज्रगृह कोषांग, सीपीएफ कोषांग, कार्मिक कल्याण कोषांग तथा जिला निर्वाचन कोषांग, मतगणना कोषांग एवं अन्य कोषांगों के नोडल पदाधिकारीयों से कार्यों की समीक्षा की तथा अद्यतन प्रगति का जायजा लिया। कार्मिक प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतगणना कार्य के लिए 108 राजपत्रित पदाधिकारी की आवश्यकता है जो काउंटिंग सुपरवाइजर का कार्य करेंगे जिसमें प्रधानाध्यापक भी शामिल रहेंगे। जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि पोस्टल बैलट की काउंटिंग ईवीएम मशीन से पहले समाप्त हो जानी चाहिए। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में कराकाट-35 संसदीय चुनाव क्षेत्र में कुल -770 वाहनों की आवश्यकता है। जिसमें 627 पिकअप एवं 143 बस शामिल है। ओबरा विधानसभा में कुल 48 बस एवं 211 पिकअप, गोह विधानसभा में 28 बस एवं 257 पिकअप एवं नबीनगर विधानसभा में 67 बस एवं 159 पिकअप की आवश्यकता है। जिसे पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त चरण-1 में लगे सभी वाहनों का किराया जल्द से जल्द वाहन मालिकों के खातों में भेजने का निर्देश दिया गया। नियंत्रण कक्ष कोषांग के नोडल पदाधिकारी को जिला नियंत्रण कक्ष को पुनः 24×7 चालू करने का निर्देश दिया गया।

कर्मचारी कल्याण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को मतगणना के दिन कर्मियों के लिए नाश्ता,चाय, भोजन एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि मतगणना कक्ष के आसपास खाना नहीं बनाई जाए। ताकि किसी प्रकार का अप्रिय घटना ना घटे। प्रशिक्षण प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतगणना संबंधित सभी कर्मियों का पहला प्रशिक्षण 14 मई और 15 मई एवं दूसरा प्रशिक्षण 2 जून को कर दिया जाएगा। मतपत्र एवं डाक मत पत्र कोषांग के नोडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि फार्म 12घ सभी बीएलओ को उपलब्ध करा दिया गया है एवं होम वोटिंग 20 तारीख के बाद शुरू हो जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य कोषांगों के भी बारी-बारी से समीक्षा किया गया और संबंधित नोडल पाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी कोषांगों के लिए वरीय नोडल पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी निर्धारित दायित्वों का भली-भाँति निर्वहन करें। निर्देश दिया गया कि अपने-अपने कोषांग के कार्यों को ससमय पूर्ण कर ले ताकि आगे कोई कठिनाई न हो और हम लोग चुनाव को सफल पूर्वक करा सके। बैठक मैं अपर समाहर्ता ललित रंजन भूषण, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री जय प्रकाश नारायण मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली,जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला भूर्जन पदाधिकारी ,सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, तथा जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आदर्श विवाह को बढ़ावा देने के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

निज संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिना दहेज एवं तामझाम के शादी को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत 13 मई को संगोष्ठी, सम्मान समारोह तथा परंपरागत विवाह गीत प्रतियोगिता और कवि सम्मेलन से की जाएगी। बुधवार को जनेश्वर विकास केंद्र एवं जन विकास परिषद की संयुक्त बैठक अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता रामजी सिंह ने की। केन्द्रीय सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि 1994 से ही उक्त संस्था द्वारा आदर्श विवाह को बढ़ावा देने हेतु जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। 13 मई को विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संगोष्ठी की जिम्मेदारी डा. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, शिवनारायण सिंह और डा. सुमन लता को दी गई। आदर्श विवाह करने वाली जोड़ियों और आदर्श विवाह कराने वाली संस्थाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इसकी जिम्मेवारी शिक्षक अरुण कुमार सिंह, उज्जवल रंजन और चंदन पाठक को दी गई। परंपरागत विवाह गीत प्रतियोगिता और कवि सम्मेलन की जिम्मेवारी कवि लवकुश प्रसाद सिंह, हेरम्ब मिश्र और धर्मेन्द्र कुमार सिंह को सौंपी गई। इस पूरी व्यवस्था की जिम्मेवारी लालदेव प्रसाद और सुमन अग्रवाल को दी गई। बैठक में डा. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, गोकुल सिंह, डा. सुमन लता, मधूसुदन त्रिवेदी, रामचंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, मुरलीधर पांडेय, वीरेन्द्र कुमार सिंह, प्रमोद सिंह आदि थे।

## पुलिस ने चेक क्लोनिंग करने वाला साइबर अपराधी को नालंदा से किया गिरफ्तार

**औरंगाबाद (का.सं.)।** फर्जी चेक का इस्तेमाल कर खाते से 92 हजार रुपए की अवैध निकासी करने के मामले में पुलिस ने साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी नालंदा जिला के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर निवासी असलम अंसारी का पुत्र मुजाहिद वारसी है। उसके पास से सैमसंग कंपनी का एक टैबलेट, काफी संख्या में सादा चेक, चार मोबाइल फोन, एक पेन ड्राइव, एक यूएसबी डोंगल, कई एटीएम कार्ड, ब्लैंक चेक काटने वाला ब्लेड, ट्रेन की टिकट, विभिन्न बैंक खाता की जानकारी से संबंधित एक डायरी और चेक प्रिंट करने वाला सादा कागज बरामद किया गया है। औरंगाबाद की एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि एक व्यक्ति के खाते से 92 हजार रुपए की अवैध निकासी फर्जी चेक के माध्यम से कर ली गई थी। इस मामले में 2 मई को प्राथमिक की दर्ज की गई। एसपी के निर्देश पर साइबर थाना की डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान के क्रम में पता चला कि मुजाहिद वारसी चेक क्लोनिंग का काम कर विभिन्न लोगों के बैंक खातों से राशि की ठगी करता है। टावर डंप, टावर लोकेशन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और स्मार्ट रिपोर्ट सहित अन्य तरह के तकनीकी अनुसंधान कर मुजाहिद वारसी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। छापेमारी के दौरान अभियुक्त और उसके ठिकाने से कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले। पता चला कि अभियुक्त चेक क्लोनिंग करने का मास्टरमाइंड है और विभिन्न शहरों में इस तरह की ठगी का काम करता था। वह नकली चेक बनाकर अभियुक्त के खाते से पैसे उड़ा लेता था। छापेमारी में तीन प्रशिक्षु डीएसपी, एसआई राम इकबाल यादव, प्रशिक्षु एसआई नेहा रंजन, सिपाही रोहित कुमार, डीआईयू की टीम और साइबर थाना की तकनीकी टीम शामिल थी।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433